# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 15 जनवरी 2026





# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भोपाल, गुरुवार 15 जनवरी 2026


## महाकाल मंदिर में 573 क्विंटल बिका बेसन लड्डू



**उज्जैन।** नए साल में बाबा महाकाल के भक्तों की सबसे ज्यादा पंसदीदा प्रसाद बेसन का लड्डू रहा। मंदिर में दिसंबर के आखिरी और जनवरी के पहले सप्ताह में यानी महज 12 दिनों के भीतर आरती भोग के लिए 3 करोड़ से अधिक का लड्डू भक्तों द्वारा खरीदा गया।

## खबर संक्षेप

### राकेश अग्रवाल को एनआईए का जिम्मा



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश अग्रवाल को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह कार्यवाहक निदेशक के तौर पर एनआईए की कमान संभाल रहे थे। अब केंद्र ने उन्हें औपचारिक रूप से एनआईए के नए महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंप दी है। राकेश अग्रवाल हिमाचल प्रदेश कैडर के 1994 बैच के अधिकारी हैं। करीब तीन दशक की सेवा का अनुभव है।

### डंपर ने मासूम को रौंदा, दो टुकड़े हुए, मां के पैर कटे



**टीकमगढ़।** यहां तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार 7 साल की मासूम के दो टुकड़े हो गए। वहीं एक महिला और युवक के पैर कट गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मुताबिक, टानगा गांव निवासी किसना कुशवाहा (40) बाइक से लिधौरा ताल से टानगा जा रहे थे। जतारा बायपास रोड पर हादसा हो गया।

### बंद कमरे में मिला पिता और बेटे का शव



**कटनी।** संजय नगर स्थित एक मकान में बुधवार शाम पिता और बेटे के शव संदिग्ध अवस्था में मिले। पुलिस की शुरुआती जांच में जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर मऊ निवासी विजय कुमार राय और उनके बेटे आनंद कुमार राय के रूप में हुई है।

---

मीडिया रिपोर्ट का ट्रिब्यूनल ने बुधवार को स्वतः संज्ञान लिया

# इंदौर में दूषित पानी से हो चुकी 23 मौतें, एनजीटी ने मप्र सहित यूपी और राजस्थान से जवाब मांगा

एनजीटी की प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली ने पेयजल में सीवेज की मिलावट पर भी लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की प्रधान पीठ नई दिल्ली ने पेयजल में सीवेज की मिलावट पर मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों से जवाब मांगा है।

एनजीटी ने इंदौर में गंदे पानी से मौत होने और भोपाल में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने का भी हवाला दिया है। तीनों स्टेट के पेयजल में सीवेज की मिलावट से ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ये मामले प्रथम दृष्टया पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के उल्लंघन को दर्शाते हैं**



फाइल फोटो

**भोपाल में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने का भी हवाला दिया गया**

### ये मुद्दे गंभीर पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य से जुड़े

एनजीटी ने माना कि ये मुद्दे गंभीर पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य से जुड़े हैं। प्रथम दृष्टया पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के उल्लंघन को दर्शाते हैं। न्यायमूर्ति एवं अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव, विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए सेंथिल वेल ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की संबंधित राज्य सरकारों, उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों से ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मप्र में पेड़ कटाई का मामला संज्ञान में

एनजीटी की नई दिल्ली बेंच ने मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर हो रही पेड़ कटाई से संबंधित एक मीडिया रिपोर्ट को स्वतः संज्ञान में लिया ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

ईरान में पिछले दो सप्ताह से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी

# ईरान को तुरंत छोड़ दें, जरूरी पेपर अपने साथ रखें, पूरी सतर्कता बरतें

विदेश मंत्रालय सक्रिय हुआ

*भारत ने ईरान में जारी हिंसा और आंदोलन के बीच अपने नागरिक को लेकर चिंता जताई है। वहां रह रहे भारतीय नागरिकों से कहा है कि सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्कता बरतें*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान में पिछले दो सप्ताह के अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

**आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके**



ईरान में प्रदर्शन

***एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें***

### विरोध-प्रदर्शनों व अशांत क्षेत्रों से दूर रहें

सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें।

### प्रदर्शनों में मारे गए 2500 से ज्यादा लोग

ईरान में चल रहे प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या 2500 के पार पहुंच गई है। अमेरिका आधारित मानवाधिकार न्यूज एजेंसी (एचआरएएनए) के मुताबिक, ईरान में जारी प्रदर्शनों ने पश्चिम-एशिया में भी चिंता को काफी बढ़ा दिया है। इसके पीछे की वजह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तेहरान सरकार को प्रदर्शनकारियों के विरोध को बुरी तरह से दबाने को लेकर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी है। जिससे संभव है कि ईरान में अमेरिका की सेना हमला कर सकती है। प्रदर्शनकारियों को दिए संदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि जल्द ही आप तक मदद पहुंच रही है।

### ईरान में हैं 10 हजार भारतीय

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ईरान में अभी फिलहाल कुल करीब 10 हजार भारतीय रह रहे हैं। भारतीय दूतावास ने अपने परामर्श में भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) से यह आग्रह किया है कि वो ईरान में अतिरिक्त सतर्कता बरतें, प्रदर्शनों वाली जगहों पर न जाएं और हमेशा भारतीय दूतावास के संपर्क में बने रहें। इसके अलावा स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के माध्यम से सभी गतिविधियों पर हमेशा नजर बनाए रखें।

---

17 को इंदौर आएंगे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

# दूषित पानी से मृत लोगों के परिजनों से मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**गांधी प्रतिमाओं के सामने धरना देकर भजन गाएंगे**


राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आएंगे और दूषित पानी से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे। इस दिन कांग्रेस मध्य प्रदेश में मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश के हर ब्लॉक में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सामूहिक उपवास रखेंगे। साथ ही गांधी प्रतिमाओं के सामने धरना देकर भजन गाएंगे। इस दौरान इंदौर जल कांड में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया कि राहुल गांधी के इंदौर आगमन की तारीख एआईसीसी की तरफ से तय हो गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसकी पुष्टि कर दी है। इस मामले ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

कांग्रेस विधायक बरैया का विवादित बयान

# अपनी ही श्रेणी के जनप्रतिनिधियों की तुलना मुंह बंद श्वान से कर दी

**हमें कोशिश करनी चाहिए कि आदिवासी हिंदू न बन पाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



फूल सिंह बरैया

भोपाल के समन्वय भवन में 13 जनवरी 2026 को आयोजित कांग्रेस की डिक्लेरेशन-2 ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक हुई। जिसमें विधायक फूल सिंह बरैया ने ज्वॉइंट इलेक्टोरल प्रोसेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस व्यवस्था से चुनकर आने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति वर्ग के विधायक और सांसद उन कुत्तों की तरह हैं, जिनके मुंह पर पट्टी बंधी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने पहले ही आशंका ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

संक्रांति पर नर्मदापुरम स्नान करने जा रहा था परिवार

# बोलेरो पिकअप वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली में भिड़ा, 5 की मौत, 9 लोग घायल

हादसे के बाद खेत में जा गिरा पिकअप वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित विद्या विहार स्कूल के सामने बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। दरअसल, सिरोंज से आ रहा पिकअप वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गया। पिकअप वाहन की बॉडी, ट्रैक्टर की ट्रॉली में कुछ ऐसी उलझी की पिकअप वाहन से निकलकर बॉडी अलग हो गई और खेत में जा गिरी। इस हादसे में पिकअप वाहन में सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हुए है। ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार लोगों को भी चोट आई हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया में इलाज चल रहा है। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी


क्षतिग्रस्त पिकअप वाहन

### 14 लोग सवार थे

पुलिस के अनुसार सिरोंज के मोहब्तपुरा में रहने वाला परिवार बुधवार शाम सिरोंज से नर्मदापुरम स्नान के लिए निकला था। परिवार के सदस्य और रिश्तेदार मिलाकर पिकअप वाहन में 14 लोग सवार थे। बैरसिया में पिकअप वाहन ने प्रवेश किया और विद्या विहार स्कूल के सामने पहुंचा था। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली से पिकअप वाहन की टक्कर हो गई।

---

जांच कमेटी के सामने पेश हुए

# जस्टिस वर्मा-पुलिस नाकाम तो हम पर क्यों महाभियोग?

**दलील दी** घटना के समय कोई रिकवरी नहीं हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


यशवंत वर्मा

अपने खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया का सामना कर रहे इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा सुप्रीम कोर्ट से झटका मिलने के बाद आखिरकार संसदीय जांच समिति के सामने पेश हुए।

इस दौरान उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर जब आग लगी थी, तब वह अपने घर पर मौजूद नहीं थे। उन्होंने ये भी दावा किया कि वहां से कोई कैश बरामद नहीं हुआ। लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित जांच समिति के सामने उन्होंने अपना जोरदार बचाव किया है। जस्टिस वर्मा ने जांच कमेटी से कहा कि जब घटना हुई तब वह पहले व्यक्ति नहीं थे जो मौके पर पहुंचे थे। इसलिए उन्हें पुलिस और फायर डिपार्टमेंट की कथित लापरवाहियों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जस्टिस वर्मा ने कहा कि अगर पुलिस अधिकारी उनके आवास को सुरक्षित रखने में नाकाम रहे तो उसका खामियाजा हम क्यों भुगतें और हमारे खिलाफ क्यों महाभियोग लाया जाना चाहिए? ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

शुक्ला ब्रदर्स की बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर

# आक्रोशित भीड़ ने फूंकी बस बाइक सवार गंभीर घायल

**बस चालक घटना के बाद से फरार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर


बस जलकर खाक

बुधवार सुबह भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के परिवार की ट्रेवल्र्स एजेंसी की बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। वह गंभीर रुप से घायल हुआ है। इसके बाद भीड़ ने बस को आग के हवाले कर दिया। यह घटना राजकुमार ब्रिज के समीप बुधवार सुबह उस वक्त हुई, जब शुक्ला ब्रदर्स की उपनगरीय बस ब्रिज की तरफ बढ़ रही थी। बस की रफ्तार तेज थी और उसमें कुछ यात्री भी बैठे थे। बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर से युवक के हाथ पैर और पीठ में चोट लगी। लोगों ने बस को रोका और चालक के ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

भारतीय सेना और पीएनबी के बीच समझौता

# सेना के जवानों को मिलेगा 1 करोड़ का एक्सीडेंट बीमा, बेटियों की शादी के लिए स्पेशल कवर

**यह कवर किसी भी दुर्घटना की स्थिति में परिवार को बड़ी आर्थिक राहत देगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों की सुरक्षा और उनके परिवारों की वित्तीय स्थिरता हमेशा से प्राथमिकता रही है।

भारतीय सेना ने अपने जवानों के लिए बीमा सुरक्षा को और पुख्ता करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। भारतीय सेना और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के बीच हुए नए नवीनीकृत समझौते से अब सैनिकों और उनके परिवारों को पहले से ज्यादा व्यापक बीमा सुरक्षा मिलेगी। इस फैसले को जवानों के कल्याण और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने ▶▶ शेष पेज 4 पर


फाइल फोटो

### आतंकवादी हमले में अतिरिक्त सुरक्षा

समझौते में यह प्रावधान भी किया गया है कि यदि किसी सैन्यकर्मी की मृत्यु आतंकवादी हमले में होती है तो उनके परिवार को दस लाख रुपए का अतिरिक्त बीमा कवर मिलेगा। इसे सेना के जवानों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मान देने की व्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है। पीएनबी द्वारा सैन्यकर्मियों को 1 करोड़ 50 लाख रुपये का एयर एक्सीडेंट ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

दिग्विजय के बयान के बाद राज्यसभा की सीट का मुद्दा गरमाया, अन्य नेताओं में उम्मीद जागी

# कमलनाथ, जीतू, अरुण, कमलेश्वर, मीनाक्षी मुख्य दावेदार अजा विभाग ने उठाई 'दलित नेता' को मौका देने की मांग

खाली हो रहे तीन पद, कांग्रेस को एक मिलेगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल


कमलनाथ


जीतू पटवारी


अरुण यादव


कमलेश्वर पटेल


मीनाक्षी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह द्वारा अगला चुनाव न लड़ने की घोषणा करने के बाद राज्यसभा की सीट का मुद्दा गरमा गया है।

हालांकि, कांग्रेस में एक वर्ग उनके बयान पर भरोसा नहीं कर पा रहा है।

ऐसा मानने वाले नेताओं का कहना है कि दिग्विजय किसी रणनीति के तहत ही यह बोल रहे हैं, मौका मिलने पर वे पलटी मार सकते हैं। कांग्रेस का दूसरा वर्ग मानता है कि दिग्विजय जो कहते हैं वे करते हैं, इसलिए अब वे राज्यसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे, ऐसी स्थिति में पार्टी के अन्य दावेदारों की उम्मीद जागी है और वे सक्रिय हो गए हैं। दावेदारों में वरिष्ठ नेता कमलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव के साथ मीनाक्षी नटराजन और कमलेश्वर पटेल के नाम शामिल हैं।

### कुरियन का फिर राज्यसभा जाना तय माना जा रहा

अप्रैल में मप्र से राज्यसभा के तीन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने वाला है। इनमें कांग्रेस के दिग्वजय सिंह के अलावा भाजपा के सुमेर सिंह सोलंकी और केंद्रीय मंत्री जार्ज कुरियन शामिल हैं। सुमेर के फिर जाने में भी संशय है। केंद्रीय मंत्री कुरियन का फिर राज्यसभा जाना तय माना जा रहा है। तीन में से कांग्रेस को एक ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मुरुगन, कुरियन को लेकर सज्जन ने कसा तंज

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने राज्यसभा के लिए बाहर के एल मुरुगन और जॉर्ज कुरियन का चयन करने को लेकर भाजपा की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि मुरुगन और कुरियन का मध्य प्रदेश से क्या लेना-देना है? क्या ये आज तक मध्य प्रदेश में घूमे हैं? आप मध्य प्रदेश की राजनीति के अधिकार ▶▶ शेष पेज 4 पर

भोपाल

गुरुवार, 15 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष-12

वर्ष : 12, अंक : 286

पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**

अधि. 26

न्यून. 11

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 15 जनवरी 2026

पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पोंगल उत्सव में हिस्सा लिया और गो सेवा की

## कहा- पोंगल अब वैश्विक त्यौहार 'प्रकृति' हमारे जीवन का हिस्सा



पूजन करते पीएम

**अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना और पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना सबसे जरूरी**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री एल. मुरुगन के निवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने गो सेवा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोंगल अब एक वैश्विक त्योहार बन गया है और तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझा धरोहर है। पीएम मोदी ने बताया कि पोंगल लोगों को शेष पेज 4 पर

### पोंगल प्रकृति, सूर्य, पशुओं और किसानों के प्रति कृतज्ञता

प्रधानमंत्री ने देशभर में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू जैसे त्योहारों के प्रति उत्साह की भी सराहना की और तमिल भाइयों-बहनों को शुभकामनाएं दी। पोंगल, तमिल समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह प्रकृति, शेष पेज 4 पर

नर्मदापुरम और शिप्रा में मकर संक्रांति का मुख्य स्नान

# सेठानी घाट और राम घाट पर आस्था की डुबकी



सेठानी घाट का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**आज भी मकर संक्रांति दोपहर 1.29 मिनट तक रहेगी**

भगवान भास्कर (सूर्य) की आराधना का पर्व मकर संक्रांति इस साल दो दिन मनाया जा रहा है। पारंपरिक मान्यता के चलते बुधवार को भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नर्मदापुरम के सेठानी घाट- विवेकानंद घाट और उज्जैन के राम घाट समेत सभी घाटों पर पहुंचकर नर्मदा स्नान किया और पूजन-पाठ किया। हालांकि, धर्मशास्त्रों के अनुसार पर्व का मुख्य पुण्यकाल गुरुवार को रहेगा। बुधवार को मकर संक्रांति 14 जनवरी की रात 9.29 मिनट से शुरू हुई है, जो 15 जनवरी की दोपहर 1.29 मिनट तक रहेगी। आचार्य पंडित सोमेश परसाई ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व का पुण्य और फल 15 जनवरी का स्नान करने और दान करने से ज्यादा मिलेगा। आचार्य ने बताया कि मकर संक्रांति पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में शेष पेज 4 पर

### शुरू होंगे शुभ काम, गर्मी भी बढ़ेगी

इस दिन से गर्मी भी तिल के समान बढ़ने लगती है। सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं, जिससे शुभ काम होने लगते हैं। पंडित परसाई के अनुसार इस बार षटतिला एकादशी भी 14 जनवरी को थी। इसलिए दो दिन उत्सव मनाया जा सकता है।

MSN माता श्री नेत्रालय
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### अब यूपीआई से निकलेगा पीएफ का पैसा



**नई दिल्ली।** करोड़ों नौकरीपेशा लोगों के लिए ईपीएफओ बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। अब पीएफ निकासी की प्रक्रिया यूपीआई पेमेंट जितनी आसान होने वाली है। ईपीएफओ अगले 2-3 महीनों में यूपीआई आधारित निकासी सिस्टम शुरू करने की तैयारी में है, जिसके लिए एनपीसीआई के साथ मिलकर तकनीकी ढांचा तैयार किया जा रहा है। शुरुआत में यह सुविधा भीम ऐप पर मिल सकती है, जहाँ आधार और बैंक वेरिफिकेशन के बाद तुरंत क्लेम प्रोसेस हो जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से निकासी की एक सीमा तय की जाएगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र में राष्ट्रीय परियोजनाओं की प्रगति की दी जानकारी

# प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप-प्रगति प्लेटफार्म से अटकी निवेश परियोजनाएं फिर शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

*सीएम ने कहा कि पहले जहां सामान्यत: बड़ी योजनाएं कागजों पर तो बहुत भव्य दिखती थीं, लेकिन धरातल पर साकार होने से पहले ही विभागों के आपसी तालमेल की कमी के कारण निष्प्रभावी हो जाती थीं*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) और प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) प्लेटफार्म की शुरुआत होने से देश में अटकी हुई निवेश परियोजनाओं को पुनः सक्रिय किया गया है। इस संस्थागत व्यवस्था से केंद्र और राज्य के सभी हितग्राहियों को एक मंच पर लाकर निर्णय-निर्माण प्रक्रिया को तेज किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, स्पष्ट नीति-निर्देश एवं प्रो-एक्टिव गवर्नेंस से भी देश में दशकों से लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना संभव हुआ है। राजनैतिक आपाधापी के साथ, व्यवस्थाओं में हो रहे सुधार को समझना सभी के लिए जरूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने तीन दिनी दौरे पर 18 जनवरी को दावोस के लिए रवाना होंगे। इससे पहले उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में पत्रकारों से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की उपलब्धियों को साझा की। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) पर प्रेजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के एक-एक सवालों का जवाब दिया। इस मौके पर जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना समेत कई वरिष्ठ अफसर मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रजेंटेशन भले ही मुख्य सचिव ने दिया है, पर जवाब वे ही शेष पेज 4 पर

**दूरदर्शी नेतृत्व से दशकों से लंबित परियोजनाओं को शुरु करना हुआ संभव**



जानकारी देते सीएम डॉ.यादव

**मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन (प्रगति) पर प्रेजेंटेशन दिया**

### केंद्रीय मंत्रालयों के जरिए 209 बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात मिली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के जरिए 209 बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात मिली है। इनमें से 2 लाख 61 हजार 340 करोड़ निवेश वाली 108 केंद्रीय विकास परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। मप्र में अभी 5 लाख 24 हजार 471 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 101 परियोजनाएं क्रियान्वयन के अधीन हैं। केंद्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मप्र ने 97 प्रतिशत सफलता हासिल की है। इन परियोजनाओं में रेल मंत्रालय की 14, सड़क परिवहन मंत्रालय की 13, विद्युत मंत्रालय की 5 और नवकरणीय ऊर्जा शेष पेज 4 पर

### केंद्र सरकार किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करती

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यों के बीच राजनैतिक दृष्टि से भले ही दलों में मतभिन्नता हो, लेकिन राष्ट्र के विकास की दृष्टि से सभी राज्यों का अपना महत्व है। केंद्र सरकार चुनाव के बाद राज्यों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करती। तेलंगाना इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने बताया कि अभी शेष पेज 4 पर

### मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच सीधा संपर्क स्थापित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रेलवे की 285 किमी लंबी जबलपुर-गोंदिया गेज परिवर्तन परियोजना से मप्र और महाराष्ट्र के बीच सीधा और अधिक क्षमता वाला रेल संपर्क स्थापित हो गया है। इससे प्रदेश के जबलपुर, बालाघाट, मंडला, सिवनी जिले की कनेक्टिविटी नागपुर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों से बढ़ गई है। अब जबलपुर से सीधे गोंदिया, कोलकाता और चेन्नई के लिए ट्रेन उपलब्ध रहेगी। मप्र को 18.5 हजार करोड़ लागत की इंदौर-मनमाड़ रेल शेष पेज 4 पर

मकर संक्रांति पर दुखद घटनाएं

# प्रदेश में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से 7 के 'गले' कट गए

**रीवा में पतंगबाजी करते समय बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया, मौत**



इलाज कराते पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मकर संक्रांति पर प्रदेश में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से अलग-अलग जगह 7 लोग घायल हो गए। इंदौर में चार, उज्जैन में दो और इटारसी में एक युवक घायल हुआ है, वहीं रीवा में पतंगबाजी के दौरान एक बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। पहला मामला इंदौर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र का है। यहां तीन इमली इलाके में बाइक से जा रहे हेमराज चौरसिया का चाइनीज मांझे से गला कट गया। सड़क पर खून बहने लगा। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हेमराज चांदमारी ईंट का भट्ठा में रहते हैं। पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। बुधवार को मांगलिया स्थित रिश्तेदार के यहां जा रहे थे, तभी हादसा हो गया। दूसरा हादसा इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का है। यहां नंदानगर निवासी महेश सोनी का चाइनीज मांझे से गला कट गया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना भी इंदौर के जूनी इंदौर की है। यहां तिल्लौर निवासी प्रेम भंडारी दूध बांटने जा रहे थे, तभी जूनी इंदौर ब्रिज से जाते समय अचानक उनके सामने चाइनीज मांझा आ गया। उनके गले में 8 टांके लगाए गए हैं। चौथी घटना भी इंदौर की है। यहां चाइनीज मांझे से रामानंद नगर में रहने वाले घनश्याम वसुनिया के चेहरे पर चोट आई। उन्हें करीब 10 टांके आए हैं। घनश्याम के मुताबिक, वह खुद पतंग लेने जा रहा था, तभी सामने से मांझा आ गया। इटारसी में शुभम बाइक से लाइब्रेरी जाते समय घायल हो गया।

### उज्जैन में युवक का गला कटा, महिला भी घायल

उज्जैन में भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से एक युवक का गला कट गया, जबकि एक महिला के दोनों पैर घायल हो गए। दोनों को चरक भवन अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं रीवा में मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय 15 वर्षीय कुश चौरसिया नाम का लड़का हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई।

सेंधवा में तायल बंधुओं के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

# भोपाल के नाबार्ड बैंक से 13 करोड़ का कर्ज लिया, शेल कंपनियों में डाल दिया



घर के बाहर सुरक्षा तैनात

**जामली गांव में एक कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर परियोजना के नाम पर लिया था लोन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेंधवा

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को सेंधवा में नाबार्ड बैंक भोपाल से जुड़े 13 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई की। सीबीआई टीम ने पुलिस बल के साथ शहर की जगन्नाथपुरी कॉलोनी स्थित उद्योगपति अशोक तायल के निवास सहित तायल बंधुओं के विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान घरों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा और किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। सीबीआई टीम ने रामकटोरा क्षेत्र में जोशी बंधुओं के घर पर भी दबिश दी है। कोलकाता स्थित सीबीआई इकाई ने सेंधवा के प्रमुख उद्योगपतियों में शामिल तायल बंधुओं के खिलाफ इस संबंध में एफआईआर दर्ज की थी। सीबीआई की ओर से 8 जनवरी को दर्ज शेष पेज 4 पर

### समय-सीमा बढ़ाकर बैंक को गुमराह किया

सीबीआई के अनुसार आरोपियों ने परियोजना पर खर्च करने के बजाए फर्जी समझौतों के जरिए ऋण की राशि को अन्य शेल कंपनियों और खातों में स्थानांतरित कर दिया। उन्होंने समय-समय पर परियोजना की समय-सीमा बढ़वाकर बैंक अधिकारियों को गुमराह भी किया। सितंबर 2024 में यह लोन खाता एनपीए घोषित हो गया। जिसके बाद ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई को जांच के शेष पेज 4 पर

छिंदवाड़ा में लावारिस मिठाई खाने से तीसरी मौत

# दादा-पोती की गई जान, परिजन बोले- विवाद के चलते साजिश की गई, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले के जुन्नारदेव में होटल में छोड़ी गई लावारिस मिठाई खाने से बुधवार को तीसरी मौत हो गई। मंगलवार देर रात बीमार खुशबू को छिंदवाड़ा से नागपुर रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह 6:30 बजे उसने दम तोड़ दिया। उसके शरीर के सभी अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। जानकारी के अनुसार, पीएचई विभाग के पास स्थित एक होटल में कोई मिठाई की थैली छोड़ गया था। जब कोई थैली लेने नहीं लौटा तो पीएचई गार्ड दशरू यदुवंशी (53) ने मिठाई का डिब्बा निकाल लिया। उसने वहीं मौजूद सुंदर लाल कथूरिया (72), उनकी पत्नी संतोषी बाई और पोती खुशबू के साथ मिठाई खा ली। इसके बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई। 11 जनवरी को गार्ड की मौत हो गई। इसके दो दिन शेष पेज 4 पर



पीड़ित

### खुशबू मायके में रह रही थी

मृतक खुशबू की बहन मुस्कान खरे का कहना है, खुशबू का ससुराल पक्ष से पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसके बाद वह पिछले एक माह से मायके में रह रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई। आशंका है कि परिवार के खिलाफ साजिश की गई है। जुन्नारदेव थाना प्रभारी राकेश बघेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। होटल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रहे हैं। साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। ब्लॉक शेष पेज 4 पर

इंदौर में थार कार से कर रहा था तस्करी

# भोपाल का स्कूल संचालक ड्रग्स सप्लाई करते गिरफ्तार

**सेंट माइकल स्कूल प्रिंसिपल है अबान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच और कनाडिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भोपाल के अबान शकील को गिरफ्तार किया गया है। टीम ने अबान के पास से करीब 5.15 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त किया है। अबान भोपाल के सेंट माइकल स्कूल का संचालक व प्रिंसिपल बताया जा रहा है। अबान अपनी लग्जरी कार थार से इंदौर में नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहा था।

इंदौर पुलिस को सूचना मिली थी कि भोपाल का एक तस्कर कनाडिया क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेप लेकर आने वाला है। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने एक महिंद्रा थार कार को रोका और तलाशी में भोपाल के अबान शकील से 5.15 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई। कार को कब्जे शेष पेज 4 पर

सूर्य के उत्तरायण में जाते ही मौसम में घुली गर्माहट

# 14 डिग्री तक रात का पारा, 15 जिले 10 डिग्री के ऊपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**प्रदेश में सबसे अधिक रात का पारा**
**नर्मदापुरम में 14 डिग्री रहा**
**सीहोर 13.7**
**धार 13.6**
**आगर 13.3**
**और बड़वानी 13.2**



रायसेन का दृश्य, सुबह 9.32 बजे

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी दिन और रात का तापमान लगातार बदल रहा है। रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़त और दिन में घट बढ़ जारी है। इसी क्रम में बुधवार को अधिकांश जिलों में रात का पारा बढ़कर 14 डिग्री तक पहुंच गया है। 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 से अधिक है, जबकि सबसे गर्म रहे पांच जिलों में रात का तापमान 13 से 14 डिग्री के बीच दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन और रात में दशमलव दो और चार डिग्री की कमी के साथ दिन का पारा 26.8 और रात का 9.8 डिग्री रहा। दिन में यह सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब नया पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इससे प्रदेश में मौसम बदलेगा। कुछ जगह बादल छाएंगे। बारिश और बौछारें की संभावना अभी नहीं है। दो दिन बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### बदली हवाएं, पारा सामान्य से अधिक

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी हवाएं उत्तरी से बदलकर उत्तर पूर्वी और पश्चिमी हैं। इससे दिन और रात के तापमान में बदलाव जारी है। कहीं तापमान बढ़ रहा है, तो कहीं मामूली कमी दर्ज हो रही है। यह क्रम दो दिन और चल सकता है। इसी क्रम के बीच तीन दिनों से प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन और रात का तापमान अब सामान्य से अधिक है, जिससे सर्दी और कोहरे में कमी आई है।

### 30 डिग्री का दिन, 5 डिग्री तक रात

बुधवार को प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान खंडवा में 30.1 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम रात का पारा शहडोल में 4.8 डिग्री रहा। पश्चिमी मप्र में दिन अधिक गर्म रहा। यहां औसत अधिकतम पारा 27 डिग्री रहा। पूर्वी मप्र में यह 25 डिग्री तक रहने से अपेक्षाकृत कम गर्माहट महसूस की गई। वहीं, रात में भी अधिकांश जिलों में तेज सर्दी का असर नहीं रहा है।

## सीएम डॉ. यादव आज मप्र रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस में होंगे शामिल

# 'इनोवेशन एक्सपो' का होगा शुभारंभ प्रदेश की स्पेस टेक नीति होगी लॉन्च

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 15 जनवरी को भोपाल में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' में एआई-सक्षम शासन और आर्थिक परिवर्तन के लिए मध्यप्रदेश के रणनीतिक रोडमैप को प्रस्तुत करेंगे।

यह कांफ्रेंस एआई इनेबल्ड गवर्नेंस फॉर एन एम्पावर्ड भारत की थीम पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंडिया एआई मिशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इससे एआई आधारित शासन, तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अकादमिक और उद्योग समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ प्रदेश सरकार एआई को नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।




■ एआई-सक्षम शासन और आर्थिक परिवर्तन के लिए रोडमैप होगा प्रस्तुत

कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश 'इनोवेशन एक्सपो' का शुभारंभ भी किया जाएगा, जिसमें इंडिया एआई पेवेलियन, मध्यप्रदेश पेवेलियन, स्टार्ट-अप शो-केस, हैकाथॉन एरिना और स्टार्ट-अप प्रतियोगिता शामिल होंगी।

### प्रमुख एआई विजन किया जाएगा प्रस्तुत

अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे द्वारा 'एआई फॉर पीपल,प्लेनेट एंड प्रोग्रेस - मध्यप्रदेश रोडमैप टू इंपैक्ट' पर राज्य का प्रमुख एआई विजन प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे। कांफ्रेंस में स्पेसटेक नीति लांच होगी, विभिन्न समझौता ज्ञापनों और नवाचार एवं युवा एआई पहलों से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी। कांफ्रेंस में तीन उच्च स्तरीय थीमैटिक सत्र टेक्नोलॉजी लेड गवर्नेंस फॉर ऑल, एआई फॉर इकोनॉमिक ग्रोथ एंड सोशल गुड और रेज़िलिएंस, इनोवेशन एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर आयोजित किए जाएंगे। इनमें डिजिटल इंडिया- भाषिणी, यूआईडीएआई, एनईपीडी विभिन्न राज्य सरकारों और गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, डिलोट्टी और ईवाई जैसे अग्रणी संगठनों के विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे।

दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष के शपथ समारोह में होंगे शामिल

## मुख्यमंत्री का दावोस दौरा 2 दिन के लिए टला, 20 जनवरी को होंगे रवाना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विदेश दौरे में बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री का फिलहाल 2 दिन के लिए टल गया है। अब मुख्यमंत्री इकोनामिक फोरम की बैठक में शामिल होने के लिए 20 जनवरी को रवाना होंगे। पहले वह 18 जनवरी को रवाना होने वाले थे। मुख्यमंत्री विशेष प्लेन से दिल्ली जाएंगे और दिल्ली के बाद फिर दवोस लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री अपने साथ अनुभवी अधिकारियों को विदेश लेकर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के करीब एक दर्जन अधिकारियों की टीम भी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में शामिल होने के लिए जाएगी। विदेश जाने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के शपथ समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ प्रदेश के एक दर्जन से अधिक अधिकारियों की टीम भी दावोस जाएगी।

### एक दर्जन अफसर व उद्योगपतियों की टीम आयोजन में होगी शामिल

*दवोस में विभिन्न सेक्टर की वैश्विक मुद्दों पर बैठक होगी। सेक्टर वाइज राउंड टेबल बैठक में भी शामिल होंगे। वर्ड इकोनामिक फोरम के साथ मध्यप्रदेश सेंटर फॉर इंडसट्रियल रिलेशन स्थापित करने के लिए एमओयू भी किया जाएगा। सीएम डॉ. यादव कॉर्पोरेट सत्र में शामिल होंगे, साथ ही वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम सत्र में शामिल रहेंगे। नवीन और नवकरणीय ऊर्जा पर प्रजेंटेशन भी दिया जाएगा। 10 विभागों के अलग-अलग उद्योगपतियों के साथ बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि प्रदेश में निवेश के लिए मुख्यमंत्री इससे पहले भी कई बार विदेश दौरे पर जा चुके हैं। विदेश से निवेश लाने की मुख्यमंत्री की कोशिश भी नजर आ रही है।*

## खबर संक्षेप



### लिपिक कर्मचारी संघ के उपप्रांताध्यक्ष बने सतीश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 सतीश सोमकर को संघ का उप प्रांताध्यक्ष बनाया गया है। सतीश सोमकर को मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का उपप्रांताध्यक्ष बनाने पर प्रांताध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष संजय दुबे, संरक्षक एमपी द्विवेदी, राकेश हजारी, संतोष शुक्ला, संतोष तिवारी ने बधाई देकर फूल-मालाओं पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर सतीष सोमकर ने संघ के सभी पदाधिकारियों का उपप्रांताध्यक्ष बनाने जाने पर आभार व्यक्त करते हुए लिपिक वर्क की मांगों को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

### कंसौरिया बने कार्यकारी अध्यक्ष, महेश प्रदेशाध्यक्ष



**भोपाल।** अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप और राष्ट्रीय महामंत्री डीपी शंखवार द्वारा मध्यप्रदेश की प्रथम प्रदेश कार्यकारिणी गठित की है। कार्यकारिणी में महेश उमरैया को मप्र का प्रदेशाध्यक्ष और अमर दीप कंसौरिया को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। दिलीप देवरिया जनरल सेक्रेटरी, मानसिंह माहौर ट्रेजरार, रामविलास शाक्य सब ट्रेजरार, प्रेम बरोनिया मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस अब 22 के बाद

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में 15 जनवरी गुरुवार को प्रस्तावित कलेक्टर-कमिश्नर वीडियो कांफ्रेंस अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई है। कांफ्रेंस की अगली तारीख शीघ्र घोषित की जाएगी। संभवतः अब कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस 22 जनवरी के बाद आयोजित होगी। पहले कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस एक या दो जनवरी को होने वाली थी। फिर यह 5 तारीख को होना तय हुआ। हालांकि बाद में यह 15 तारीख तक के लिए टल गया। अब यह कांफ्रेंस 15 जनवरी को भी नहीं होगी। इसके बार-बार टलने की वजह पता नहीं चल पाई।

### 9 फरवरी को आउटसोर्स कर्मियों का आंदोलन

**भोपाल।** मप्र के 30 हजार आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी प्रमुख समस्याओं को लेकर 9 फरवरी से सामूहिक चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि केंद्र कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय में वर्षों तक कोई समायोजन नहीं होता, जिससे समान कार्य करने वाले कर्मियों के बीच व्यवहारिक एवं आर्थिक असमानता उत्पन्न होती है। संघ द्वारा नौ फरवरी आउटसोर्स कर्मचारी मांगों को लेकर आंदोलन का शखनांद करेंगे। दूसरे चरण में 16,17,18 फरवरी को जिलों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 23 फरवरी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय के सामने धरना देंगे। अगले दिन उपमुख्यमंत्री के बंगले के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

स्वच्छ जल अभियान अमृत 2.0 योजना की परियोजना का किया भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री ने इंदौर को दी पेयजल के लिए 800 करोड़ से अधिक की सौगात

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर की पहचान उसकी संघर्षशील जनता, अदम्य हौसलों और विकासशील सोच से है। आज प्रदेश का हर जिला इंदौर जैसा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि कठिन समय में सरकार, नगर निगम और प्रशासन ने पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों के साथ खड़े रह कर हरसंभव प्रयास किए।

डॉ. यादव ने बुधवार को इंदौर शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने की दिशा में स्वच्छ जल अभियान अंतर्गत अमृत 2.0 इंदौर जलप्रदाय योजना के तहत 800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित जल प्रदाय परियोजना का विधिवत भूमि-पूजन किया। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र में घटित जल-जनित घटना ने सभी को पीड़ा पहुंचाई है। इस घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। डॉ. यादव ने कहा कि मकर संक्रांति केवल पर्व नहीं, बल्कि तिल-तिल करके आगे बढ़ने का संकल्प है। वैसे ही इंदौर निरंतर प्रगति, विकास और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

■ भागीरथपुरा घटना पर जताई संवेदना

*कहा, संघर्षशील जनता, अदम्य हौसलों और विकासशील सोच से इंदौर की पहचान*


विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और मंत्री।


मां नर्मदा की पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन।

### नर्मदा के लिए इंदौर में हुआ ऐतिहासिक जन आंदोलन

*नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में नर्मदा के जल आंदोलन तथा नर्मदा के जल लाने की संघर्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह इंदौर का ऐतिहासिक जन-आंदोलन था। नर्मदा जल परियोजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि इंदौर की जनशक्ति और संकल्प का परिणाम है। यदि नर्मदा जल नहीं आता, तो इंदौर आज जिस रूप में है, वह कभी नहीं बन पाता। उन्होंने कहा कि इंदौर नंबर वन था, इंदौर नंबर वन है और नंबर वन रहेगा। नर्मदा, स्वच्छता और जनता के स्वाभिमान से बनी इंदौर की आन-बान-शान को कोई आंच नहीं आने दी जाएगी।*

### आपदा के समय राजनीति स्वीकार नहीं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपदा के समय राजनीति करना इंदौर स्वीकार नहीं करेगा। सकारात्मक और रचनात्मक विपक्ष लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन पीड़ा पर राजनीति करना सर्वथा अनुचित है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आज 56 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई संभव हो सकी है। उन्होंने नदी जोड़ो परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना राजस्थान और मध्यप्रदेश के लिए वरदान सिद्ध होगी। केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक गांव और प्रत्येक शहर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार का संकल्प है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के पूर्ण सहयोग से इंदौर आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इंदौर आगे बढ़ेगा, सरकार पूरी मजबूती से इंदौर के साथ खड़ी है। डॉ. यादव ने कार्यक्रम के पहले जीवन दायिनी मां नर्मदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की।*

प्रदेश में संचालित संकल्प से समाधान अभियान के संबंध में ली बैठक

# हर पात्र हितग्राही को संकल्प से समाधान अभियान का मिले लाभः डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अभियान के तहत समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं।

किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बदार्शत नहीं किया जाएगा, दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास में संकल्प से समाधान अभियान की बुधवार को समीक्षा के लिए हुई संभागायुक्तों की बैठक में दिए। मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई आदि मौजूद रहे।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

### योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के तहत योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए। हमारा प्रयास है कि सभी हितग्राहियों को योजनाओं की आवश्यक जानकारी हो। संभागीय अधिकारी जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर तक भ्रमण कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता तथा शिक्षा के लिए प्रेरित करने पर केंद्रित गतिविधियां भी संचालित की जाएं।*

धरमपुरी एमएलए को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश

# भाजपा विधायक कालू सिंह बोले- महिला ने 2 करोड़ मांगे, पुलिस ने नहीं लिखी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धरमपुरी से भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर ने दो लोगों पर हनी ट्रैप में फंसाने और ब्लैकमेल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। विधायक ने कहा कि उनसे 2 करोड़ रुपए मांगे गए। इनकार करने पर बदसलूकी की गई। मामले को लेकर विधायक ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विधायक ठाकुर ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच के बात सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधायक कालू सिंह ने बताया कि 23 दिसंबर को महिला धामनोद स्थित उनके स्थानीय कार्यालय पर मदद मांगने पहुंची थी। वे उस समय भोपाल में थे। उनकी अनुपस्थिति में वह एक दिन धामनोद स्थित कार्यालय में ही रुकी रही।

### आईजी और कलेक्टर से भी की शिकायत

विधायक ठाकुर के मुताबिक, वे मामले की शिकायत करने 25 दिसंबर को धामनोद थाने पहुंचे। यहां उनकी बात अनसुनी कर दी गई। इसके बाद 27 दिसंबर को आईजी अनुराग को फोन पर मामले की जानकारी दी। इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बुधवार को धार पहुंचकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को आवेदन सौंपा, इसके बाद एसपी मयंक अवस्थी को लिखित शिकायत दी। शिकायत पत्र में लिखा कि आसिफ ने लव जिहाद के तहत महिला से विवाह किया है। अब उसके साथ मिलकर उन्हें और क्षेत्र के अन्य लोगों को फंसाने का प्रयास कर रहा है।

### फोन पर लगाए गलत मंशा से बुलाने के आरोप

महिला ने विधायक को फोन कर बताया कि उसने भोपाल में किराए पर मकान लिया है। अगले दिन वह भोपाल आ गई। यहां विधायक कालू सिंह ठाकुर के आवास पर पहुंची। उनसे 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मांगी। विधायक ने इनकार कर दिया, जिसके बाद महिला चली गई। विधायक का आरोप है कि करीब डेढ़ घंटे बाद महिला ने उन्हें फोन लगाया और कहा- आपने मुझे भोपाल किसलिए बुलाया। इस पर विधायक ने जवाब दिया कि उन्होंने उसे नहीं बुलाया, बल्कि वह अपनी मर्जी से भोपाल आई।

स्कूलों का गलत निरीक्षण सहित अन्य शिकायतों के चलते बदली व्यवस्था

# बीआरसीसी फंदा ग्रामीण का प्रभार अब बालेंद्र सिंह संभालेंगे, रिछारिया को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला पंचायत शिक्षा समिति की शिकायतों सहित निजी स्कूलों के गलत निरीक्षण के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए फंदा ग्रामीण बीआरसी कार्यालय की व्यवस्थाओं में बदलाव किए हैं।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने विकास खंड स्तरीय समन्वयक (बीआरसीसी) फंदा ग्रामीण का प्रभार अब बालेंद्र सिंह को सौंपा है। वहीं बीआरसीसी फंदा ग्रामीण रूपाली रिछारिया के पास अब सिर्फ एपीसी बालिका शिक्षा जिला शिक्षा केंद्र का जिम्मा रहेगा। बीआरसीसी फंदा ग्रामीण के कार्यभार से उन्हें मुक्त कर दिया गया है। उच्च माध्यमिक शिक्षक रामकिशन गुर्जर को एपीसी मोबालाइजेशन जिला केंद्र से मुक्त करते हुए हुए बीआरसीसी बैरसिया बनाया गया है। विभागीय कलेक्टर के आदेश के बाद अब दोबारा इसी पद को पाने के लिए मशक्कत की जा रही है। मामले में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष मोहन जाट का कहना है कि फंदा बीआरसीसी की गंभीर शिकायतें है।

### शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने की थी शिकायत

*कलेक्टर के जारी आदेश के पहले जिला पंचायत भोपाल के शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन जाट ने फंदा बीआरसीसी रूपाली रिछारिया को तत्काल हटाने की मांग की थी। मोहन जाट ने रूपाली के खिलाफ मय दस्तावेजों के साथ मुख्य सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण, कलेक्टर भोपाल, जिला पंचायत सीईओ समेत आला अधिकारियों को शिकायत की प्रति सौंपी थी।*

# मकर संक्रांति पर 19,895 मेगावाट अधिकतम मांग की निर्बाध आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ष 2026 की शुरुआत मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक रही। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर प्रदेश ने अब तक की सर्वाधिक विद्युत मांग को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। पर्व के दिन सुबह 10 बजकर 36 मिनट पर प्रदेश में 19,895 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली मांग दर्ज की गई, जिसे विद्युत कंपनियों के उत्कृष्ट समन्वय से बिना किसी व्यवधान के पूरा किया गया। इस दौरान प्रदेश की समस्त विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण कंपनियों ने समन्वित प्रयास करते हुए 19,895 मेगावाट की मांग की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की, जिससे आम नागरिकों को पर्व के दिन लगातार और भरोसेमंद बिजली उपलब्ध रही।



### प्रदेश में बिजली मांग की स्थिति

*एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के मुख्य अभियंता प्रदीप सचान ने बताया कि अधिकतम मांग के समय मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर एवं रीवा संभाग) में 5380 मेगावाट, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल एवं ग्वालियर संभाग) में 6382 मेगावाट तथा पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर एवं उज्जैन संभाग) में 7780 मेगावाट की मांग दर्ज की गई।*

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने दी बधाई

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश की सभी विद्युत कंपनियों और विद्युत कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके अथक परिश्रम, तकनीकी दक्षता और समर्पित कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अधिकतम मांग के समय प्रदेश के सभी उत्पादन केन्द्रों, ट्रांसमिशन लाइनों एवं सबस्टेशनों से पूर्ण समन्वय के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई।

### इस तरह सुनिश्चित हुई आपूर्ति

रिकॉर्ड मांग की पूर्ति के समय प्रदेश के ताप विद्युत गृहों से 3369 मेगावाट, जल विद्युत गृहों से 1450 मेगावाट, प्रदेश में स्थित नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से 1466 मेगावाट उत्पादन था। एनटीपीसी, बैंकिंग एवं अन्य स्त्रोतों से कुल 13610 मेगावाट बिजली प्राप्त की गई।

सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम के लिए सरकार की पहल

# 9 जिलों में तैनात होंगे आईआईटी मद्रास से प्रशिक्षित 'सुरक्षा मित्र'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने, जीवन बचाने और भविष्य के लिए प्रमाणित सड़क सुरक्षा ऑडिटरों का कुशल नेटवर्क तैयार करने एमपी के नौ जिलों में परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा मित्रों की तैनाती करेगा।

ये दुर्घटनाओं को रोकने जागरुकता फैलाने, दुर्घटनाओं में मदद करने से लेकर सड़क सुरक्षा ऑडिट और दुर्घटना की जांच भी करेंगे। इन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फार रोड सेफ्टी आईआईटी मद्रास और सेव लाइफ फाउंडेशन के जरिए प्रशिक्षित कराया जाएगा। इन्हें आईआईटी मद्रास रोड सेफ्टी ऑडिटर के रुप में प्रमाणित दो प्रकार के स्वयंसेवक करेगा, जिससे उनके करियर के अवसर खुलेंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर छिंदवाड़ा, धार, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, खरगौन, रीवा, सागर और सतना जिलों में ये सुरक्षा मित्र तैनात किए जाएंगे।




### कुशल पेशेवरों की कमी को दूर करने का प्रयास

*परिवहन विभाग का कहना है कि सड़क सुरक्षा जागरुकता व आपातकालीन सहायता में समुदाय को शामिल करने उद्देश्य से यह प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इससे प्रशिक्षित सड़क सुरक्षा ऑडिटरों का समूह तैयार किया जाएगा, ताकि इस क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की कमी दूर की जा सके। इसमें दो प्रकार के स्वयंसेवक शामिल होंगे।*

### मंत्रालय पर कर्मचारियों का घेराव कल, पांच सूत्रीय मांगों को लेकर करेंगे प्रदर्शन

**भोपाल।** पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर प्रदेश के कर्मचारी संगठन एकजुट होकर शुक्रवार 16 जनवरी को मंत्रालय भवन का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। साथ ही कर्मचारी पैदल मार्च निकाल कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन भी सौंपेंगे। कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज सरकार प्रदेश के कर्मचारी की मांगों को संज्ञान में नहीं ले रही है। सरकार के गठन हुए दो वर्ष का समय बीत गया लेकिन कर्मचारी संगठनों से संवाद तक नहीं किया गया है। न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है, पदोन्नति प्रक्रिया शुरू नहीं की जा रही है।

प्रदेश कर्मचारियों के वेतन से 4 स्लैब में हर महीने 1 हजार रुपए तक कटेंगे

# कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए कैशलेस हेल्थ स्कीम बना रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सरकारी अमले के लिए बड़ी स्वास्थ्य योजना बनाई जा रही है। राज्य सरकार कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए कैशलेस हेल्थ स्कीम बना रही है। प्रदेश का सामान्य प्रशासन विभाग और स्वास्थ्य विभाग इसकी तैयारी में लगा है।

कैशलेस हेल्थ स्कीम के लिए कर्मचारी संगठनों से भी सुझाव लिए जा रहे हैं। योजना में कर्मचारियों के वेतन से न्यूनतम 250 रुपए से लेकर अधिकतम 1000 रुपए तक के 4 स्लैब में राशि काटना प्रस्तावित है। शेष राशि सरकार द्वारा देय रहेगी। कैशलेस हेल्थ स्कीम में गंभीर रोगों में 10 लाख रुपए तक का इलाज किया जाएगा।

इसके अंतर्गत प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के प्रमुख अस्पताल भी तलाशे जा रहे हैं।




### कांग्रेस सरकार ने भी स्कीम बनाई थी

*मध्यप्रदेश में सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए मुख्यमंत्री कर्मचारी एवं पेंशनर्स व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम से स्कीम बनाई जा रही है। करीब 6 साल पहले कांग्रेस सरकार के दौरान भी स्कीम लागू करने की कोशिश की गई थी। इसका ड्राफ्ट भी तैयार हो चुका था पर योजना को अंजाम नहीं दिया जा सका।*




# ट्रॉली में हुक फंसने से दो हिस्सों में बंटी पिकअप, आगे निकला वाहन, खेत में गिरी बॉडी

## सिरोंज का परिवार जा रहा था अस्थि विसर्जन करने तो नर्मदा स्नान कर लौट रहा था ललरिया का परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित विद्या विहार स्कूल के सामने बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली और पिकअप वाहन के बीच हुई भिड़ंत में मां-बेटे और पौते सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोगों को चोट आई है। हादसे के समय परिवार सिरोंज से बैरसिया होते हुए नर्मदापुरम जा रहा था। परिवार को वहां अस्थियां विसर्जन और स्नान करना था, जबकि ट्रैक्टर ट्रॉली पर मौजूद बैरसिया तहसील स्थित ललरिया गांव का परिवार मकर सक्रांति पर स्नान कर लौट रहा था।

पुलिस के अनुसार मुकेश अहिरवार पिता सुखलाल अहिरवार (40) गांव बजीपुर मोहल्ला, सिरोंज जिला विदिशा के थे। वे पेशे से मजदूर थे। परिवार में सदस्य की मृत्यु होने पर अस्थियां (खारी) विसर्जन के लिए उन्हें नर्मदापुरम जाना था। वे मां बबरी बाई, बेटा दीपक अहिरवार (14) पत्नी सूरज बाई और बेटी मोनिका महक के साथ पिकअप से नर्मदापुरम के लिए निकले। उनके साथ रिश्तेदारी के दस अन्य सदस्य थे। सभी लोग पिकअप में सवार थे। रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास बैरसिया में विद्या विहार स्कूल के पास पहुंचे थे, तभी उनका पिकपअप वाहन सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली में टकरा गया।



### इन्हें आई चोट

सूरज बाई, विनिता, सुनील, सरजू, मोनिका, महक, भूरी बाई, लल्लू, प्रदीप और ज्योतिबाई को चोट आई है। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार परिवार को मामूली चोट आई है।

### ट्रॉली में फंस गया था पिकअप का हुक

हादसे के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली का हुक पिकअप वाहन की हॉफ बॉडी में टकराया। बॉडी में हुक फंसने से पिकअप वाहन आगे निकल गया, जबकि पिकअप की बॉडी सड़क किनारे खेत में जा गिरी। इस हादसे में अहिरवार पिता सुखलाल अहिरवार (40) गांव मोहब्बतपुरा सिरोंज जिला विदिशा के थे। वे पेशे से मजदूर थे। परिवार में सदस्य की मृत्यु होने पर अस्थियां (खारी) विसर्जन के लिए उन्हें नर्मदापुरम जाना था। वे मां बबरी बाई, बेटा दीपक अहिरवार (14) हरिबाई पति विपत सिंह (60) और लक्ष्मी बाई अहिरवार पति दौलत सिंह अहिरवार (60) की मौके पर ही मौत हो गई।

## शिवाजी नगर चौराहे पर तेज रफ्तार कार ने तोड़ा सिग्नल, कार छोड़कर भागे युवक



शिवाजी नगर चौराहा पर बुधवार शाम तेज रफ्तार शेवरलेट कार के चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए सड़क पर लगे सिग्नल को टक्कर मार दी। कार रफ्तार में थी और सिग्गल के लिए बनाए गए बेस पर सीमेंट पर करीब तीन फीट ऊपर अटक गई। कार अटकने के बाद उसमें सवार युवक कार छोड़कर फरार हो गए। लिंक रोड पर हुए इस हादसे के बाद जाम लगने लगा। पुलिस की टीम ने जाम हटाने के बाद क्रेन की मदद से कार हटा दी है। पुलिस अज्ञात आरोपी पर टक्कर मारकर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

## स्कॉर्पियो सवार दमोह के परिवार को हैरियर ने मारी टक्कर, दो दूसरी गाड़ियों को भी लिया चपेट में 7 लोग घायल, तीन गंभीर

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भौरी जोड़ पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे तेज रफ्तार हैरियर गाड़ी ने स्कॉर्पियो वाहन को टक्कर मार दी। इसके बाद उसने दो अन्य गाड़ियों को चपेट में लिया। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार 7 लोग घायल हुए हैं। इनमें बच्चे भी शामिल है। तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसी प्रकार दो अन्य कार में सवार चार लोगों को भी चोट होने के कारण हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार 17 साल का कृष्णा लोधी पिता वीरसिंह लोधी, ग्राम सिगोन बटियागढ़, जिला दमोह में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। 13 जनवरी को वह परिवार के साथ स्कॉर्पियो पीथमपुर से दमोह जा रहा था। स्कॉर्पियो में पिता वीरसिंह लोधी, रवीना लोधी, शिवम लोधी, हल्ले लोधी, अजय लोधी और नन्दकिशोर लोधी सवार थे। कार भाई अजय लोधी चला रहा था। परिवार रास्ता भटक गया था और लालघाटी पहुंच गया। अजय ने कार लालघाटी चौराहा से वापस 11 मील तिराहा बायपास की तरफ लाई। इसी बीच मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे केंपियन स्कूल के आगे भौरी जोड़ भोपाल-इंदौर हाईवे पर पहुंचते ही काले रंग की हैरियर कार का चालक भौरी तरफ से अपनी कार लेकर आया। कार रफ्तार में थी और उसने कृष्णा की स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी। इसके बाद हैरियर गाड़ी ने दो अन्य कार को अपनी चपेट में लिया था। इसके बाद रुक गई।

### एक ही परिवार के तीन लोगों की हालत नाजुक

इस हादसे में कृष्णा लोधी को सीने में चोट आई है, जबकि चाचा हल्ले को सिर और चेहरे में गंभीर चोट है। बहन रवीना को चेहरे में और पैर में चोट है। शिवम को सिर सहित बाई आंख के पास और दाहिने हाथ सहित पैर में चोट है। पिता वीरसिंह, भाई अजय, नंदकिशोर विश्वकर्मा का भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### खुद को डिप्टी सीएम का प्रतिनिधि बताने वाला ठग गिरफ्तार



**भोपाल।** प्रदेश के सागर जिले की मोतीनगर थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है, जिसने सरकारी नौकरी के नाम पर प्रदेश के दर्जनों युवाओं को लाखों रुपये का चूना लगाया है। आरोपी अमन पाठक खुद को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का प्रतिनिधि बताकर रसूख झाड़ता था। पुलिस ने उसे भोपाल के साकेत नगर से फिल्मी स्टाइल में जाल बिछाकर दबोचा है। पुलिस जांच में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि अमन पाठक इंस्टाग्राम पर महिला के नाम से फर्जी आईडी चलाता था। वह नौकरी के विज्ञापन डालकर युवाओं को आकर्षित करता और फिर उनसे चैटिंग कर झांसे में लेता था। आरोपी के पास से एक हुंडई वरना कार बरामद हुई है, जिस पर 'प्रतिनिधि उपमुख्यमंत्री' की नेम प्लेट लगी हुई थी। इतना ही नहीं, वह खुद को विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक का रिश्तेदार बताकर भी लोगों पर रौब जमाता था ताकि कोई उसकी सत्यता पर शक न कर सके। पुलिस का एक जवान खुद नौकरी का इच्छुक बनकर अमन के संपर्क में आया। आरोपी ने जवान को पैसे लेकर भोपाल बुलाया और लगातार अपनी लोकेशन बदलता रहा। साइबर सेल ने जब लोकेशन ट्रैक की तो पता चला कि सभी नंबर एक ही फ्लैट से चल रहे हैं। जिसके बाद साकेत नगर स्थित फ्लैट से उसे दबोच लिया गया।

### खितवास स्कूल का मामला कलेक्टर तक पहुंचा

**भोपाल।** शाला प्रबंध समिति और ग्रामीणों ने भोपाल जिले के खितवास स्थित हाईस्कूल में प्राचार्य के अनुपस्थित होने के मामले में अब कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ पत्र लिखा है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले शाला प्रबंध समिति और ग्रामीणों ने स्कूल का दौरा किया था। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य नहीं मिली थीं। समिति ने पंचनामा भी बनाया और इसकी कॉपी कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को भी दी गई है। इसमें स्कूल में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ग्रामीणों को नहीं देने, उपस्थित नहीं रहने की बात कही गई है।

## नगर निगम ने राजधानी में मांस बिक्री पर नहीं लगाई रोक

# स्लॉटर हाउस पर ताला, फिर भी दो हजार दुकानों से बिक रहा मांस

दुकानों में चल रही अवैध रूप से स्लॉटरिंग, घरों और दुकानों के आसपास बढ़ रही गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के स्लॉटर हाउस से गोमांस सप्लाई होने के बाद उसमें ताला डाल दिया गया है, लेकिन शहर में मांस दुकानों से होने वाले मीट विक्रय पर रोक नहीं लगाई है। ऐसे में शहर की करीब दो हजार से अधिक मीट दुकानों से मांस विक्रय किया जा रहा है, जिससे पता चलता है कि दुकान संचालक दुकानों और घरों में ही स्लॉटरिंग कर रहे हैं।

शहरों में रोजाना तीन सौ से अधिक जानवरों की स्लॉटरिंग की जाती थी। स्लॉटर हाउस में ताला डालने से अवैध स्लॉटरिंग की समस्या बढ़ गई है, जिससे मांस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। वहीं दुकानदारों ने मांस की कीमतें भी बढ़ा दी हैं। घरों और दुकानों में अवैध स्लॉटरिंग से गंदगी व बीमारियाँ फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

*स्लॉटर हाउस बंद होने से आपूर्ति पर असर दुकानदारों ने बढ़ाई मांस की कीमत*



निगम का स्लाटर हाउस (फाइल फोटो)

### अफसरों ने साधी चुप्पी

इधर, नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। शहर के इस्लामपुरा, बुधवारा, इतवारा, जहांगीराबाद, अशोका गार्डन, कोहेफिजा, शाहजहांनाबाद, काजीकेंप, करोंद सहित अधिकतर जगहों पर मीट की बिक्री की जाती है। इनमें से अधिकतर दुकानें अवैध रूप से चलाई जा रही हैं।

### एएचओ के भरोसे कार्रवाई

नगर निगम मांस दुकानों को हटाने एक साल में 30 बार कार्रवाई के बावजूद एक दुकान भी बंद नहीं कर पाया है। कार्रवाई का जिम्मा जोन के एएचओ को दिया गया है। एएचओ के पास स्वच्छता समेत अन्य जिम्मेदारी भी है और खुद के पास 40 फीसदी कम कर्मचारी हैं, ऐसे में गंभीरता से मॉनीटरिंग जांच व कार्रवाई नही हो पाती है।

### लाइसेंसधारी इन नियमों का पालन नहीं कर रहे

- धार्मिक स्थल से 50 मीटर दूरी, प्रवेश द्वार के सामने 100 मीटर
- शॉप में पर्याप्त वेंटिलेशन, दरवाजे डोर क्लोजर के साथ होने चाहिए
- पुलिस व नगर निगम की एनओसी होना जरूरी
- औजार स्टेनलेस स्टील के ही हों
- मच्छर, मक्खियों व कीट से बचाव की व्यवस्था हो
- मीट को गीले कपड़े से ढंका जाए
- पैडल संचालित डस्टबिन के साथ वेस्टेज डिस्पोजल की व्यवस्था
- शॉप में किसी भी जानवर की स्लॉटरिंग न हो
- रिटेल शॉप पर मीट को इंसूलेटेड रेफ्रिजरेटर वाहन से ही लाया जाए
- पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा निरीक्षण के बाद वाला ही मांस ही विक्रय हो

## जांच में 902 किलो गेहूं, 7 किलो चावल अधिक मिला

# राशन स्टॉक में गड़बड़ी, स्व सहायता समूह के अध्यक्ष पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में ईकेवायसी और सौ फीसद आधार बेस्ड राशन वितरण के बाद भी पीडीएस दुकानदार राशन बांटने में गड़बड़ी कर रहे हैं। जनवरी माह में कोलुआ खुर्द में मां कंकाली स्व सहायता समूह राशन दुकान की जांच की गई थी, जहां 902 किलो गेहूं, सात किलो चावल और 107 किलो नमक अधिक मिला, जिसके आधार पर समूह की अध्यक्ष और दुकानदार किरण चौकसे पर परवलिया थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

राजधानी में आधार के आधार पर दुकानों से राशन बांटा जा रहा है, बावजूद इसके राशन दुकानदार गरीबों के राशन में हेरफेर कर रहे हैं। पिछले दिनों कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मयंक द्विवेदी ने कोलुआ खुर्द पीडीएस दुकान की जांच की, जहां गेहूं, चावल व नमक के स्टॉक में गड़बड़ी मिली। जिसपर जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने परवलिया थाने में दुकान संचालक पर एफआईआर दर्ज कराई है। जांच में सामने आया है कि दुकानदार किरण ने फर्जी वितरण बताकर स्टॉक में हेरफेर की है।




प्रतीकात्मक चित्र

### गैस एजेंसी संचालक पर अब तक कार्रवाई नहीं

इंडेन कंपनी की कोलार गैस एजेंसी के तीन कर्मचारियों द्वारा 26 गैस सिलेंडर से अवैध रूप से गैस निकालकर सिलेंडरों में कम गैस के सिलेंडर उपभोक्ताओं के देने के मामले में कोलार पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। जबकि एजेंसी संचालक दीपा गादी पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि इस एजेंसी से करीब 19 हजार उपभोक्ता जुड़े हैं। ऐसे में संचालक द्वारा इन उपभोक्ताओं को कम गैस के सिलेंडर सप्लाई किए जा रहे थे। जिला आपूर्ति नियंत्रक का कहना है कि केस बनाकर कलेक्टर कोर्ट में पेश कर दिया है, जहां से निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला पर बकाया था 1.41, 669 रु. का बिल

# बिजली कनेक्शन काटने गए अधिकारी व कर्मियों से मारपीट महिला समेत तीन पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग फरहत अफ्जा में मंगलवार दोपहर बकायादारों के कनेक्शन काटने गई बिजली कंपनी की टीम के साथ महिला समेत तीन लोगों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक विगत 13 जनवरी को बाग फरहत अफ्जा ऐशबाग में बिजली बिल के बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटने का कार्य किया जा रहा था। यहां रहने वाली शहजादी बी पर एक लाख 41 हजार 669 रुपए का बिल बकाया है। शहजादी बी ने मकान सीमा बेगम को बेच दिया है। दोपहर करीब पौने तीन बजे सीमा बेगम के घर जाकर उन्हें बताया गया कि आपने जो मकान खरीदा है, उस पर बिजली बिल का एक लाख 41 हजार 669 रुपए बकाया है तो वह कहने लगी कि आप लोग फर्जी बिल लेकर आए हो। सीमा बेगम ने बिजली विभाग इंडस्ट्रियल गेट जोन के मैनेजर संजय बारमासे और अन्य कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। सीमा ने अपने बहनोई आशू और उसके साथी समीर को बुला लिया। तीनों ने मिलकर विद्युत कर्मचारी लाइनमेन लईक खान, आउटसोर्स लाइनमेन वीरेन्द्र यदुवंशी के साथ झूमाझटकी कर हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। मोहल्ले में नोटिस बांटने वाले साहिल और उधम सिंह ने बीच-बचाव किया।

### जान से मार देने की धमकी भी दी

*सीमा बेगम, आशू व समीर ने धमकी दी कि यदि आइंदा बिजली का बकाया बिल व बिजली कनेक्शन काटने आए तो जान से मार देंगे। पुलिस ने बिजली विभाग के संजय बारमासे की शिकायत पर सीमा बेगम, आशू व समीर के खिलाफ मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसके साथ ही पुलिस ने मामले में जांच भी शुरू कर दी है।*

## मांझा बेचने वालों पर एफआईआर दर्ज

# चायनीज मांझे से पतंगबाजी करने वाले दो किशोरों पर आदेश उल्लंघन का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चायनीज मांझे पर प्रतिबंध होने के बाद भी दुकानदार और पतंगबाजी करने वालों पर लगाम नहीं लग रही है। पिपलानी पुलिस को मंगलवार को आनंद नगर सहित एनसीसी मैदान पर दो किशोर चायनीज मांझे से पतंगबाजी करते नजर आए। मांझा जब्त कर उनके खिलाफ शासकीय आदेश का उल्लंघन का के दर्ज किया। इसी प्रकार अयोध्या नगर पुलिस ने सी सेक्टर स्थित जैन जनरल स्टोर्स के संचालक पर चायनीज मांझा बेचने पर केस दर्ज किया है। इधर, नरेला जोड़ पर जनरल स्टोर्स संचालक पर कार्रवाई की। दोनों से 30-30 हजार के चायनीज रोल बरामद किए। वहीं कोकता चौराहा पर बिलखिरिया पुलिस ने ठेले पर चीनी मांझा बेचने वाले पर प्रकरण दर्ज किया। उसने बताया कि मांझा मंगलवारा छावनी से एक महीने पहले लाया था। बिलखरिया पुलिस ने मंगलवारा पुलिस को घटना की जानकारी दी है।

कोलार में लिया किराए का फ्लैट, सागर व जबलपुर के हैं दोनों आरोपी

# तीन गुना पैसे का लालच देकर मैच पर खिला रहे थे ऑनलाइन सट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड पुलिस ने आशियाना हाइट्स के एक फ्लैट पर दबिश देकर क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टे का खुलासा किया है।

पुलिस के मुताबिक विगत 13 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि आशियाना हाइट्स के फ्लैट नंबर 104 में कुछ लोग क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम सर्च वारंट लेकर मौके पर पहुंची। फ्लैट का दरवाजा खोलने वाले युवक ने अपना नाम अमित सुहाने बताया। तलाशी लेने पर उसमें कुल दो व्यक्ति मिले और अलग-अलग कंपनी के 16 मोबाइल, तीन लैपटॉप व सिम बरामद हुईं। दोनों व्यक्ति लैपटॉप और मोबाइल का संचालन करते हुए मिले। उन्होंने अपने नाम अमित सुहाने (32) निवासी मकरोनिया सागर व अमित रावत (40) निवासी मनमोहन नगर जबलपुर का होना बताए। दोनों आरोपियों ने किराए का फ्लैट लेकर क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करना कुबूल किया। उक्त दोनों आरोपी लोगों को तीन गुना पैसा देने का लालच देकर सट्टा लगाने के लिए प्रेरित करते थे। पुलिस को आरोपियों के पास से 36 हजार 250 रुपए नगद भी मिले हैं।



## कृषि भूमि पर बिना अनुमति कॉलोनी काटने वालों पर फिर सख्ती

# अवैध कॉलोनी काटने वाले 16 कॉलोनाइजर्स पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में खेती की जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी काटने वाले किसान और कॉलोनाइजर्स पर एक बार फिर कार्रवाई शुरु कर दी गई है। जिसके तहत हुजूर क्षेत्र की दस कॉलोनाइजर्स पर परवलिया और ईटखेड़ी में एफआईआर दर्ज कराई गई है, जबकि बैरसिया के छह किसानों पर एफआईआर कराई है। इन कॉलोनियों को बिना टीएनसीपी और विकास अनुमति के काटा गया है। यहां पर सस्ते प्लॉट बका लालच देकर लोगों के साथ ठगी की गई है।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने छह महीने पहले अवैध कॉलोनी काटने वालों पर सख्ती की हिदायत दी थी। जिसके बाद एसडीएम ने तीन सौ से अधिक कॉलोनियों की जांच की थी और 50 से अधिक कॉलोनाइजर्स पर एफआईआर दर्ज कराई गई। अब एक बार फिर हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने दस, बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा ने 6 कॉलोनाइजर्स पर एफआईआर दर्ज कराई है।

### इन पर दर्ज कराई एफआईआर



बैरसिया में वार्ड 1 महंगीपुरा में परवेज हुसैन अंसारी, भगवान सिंह राजपूत, मनवीर सिंह गुर्जर, माखनदास इंक्लेव, इकबाल हाशमी, एस टाइम बिल्डर सहित अन्य कॉलोनाइजर्स पर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। हुजूर एसडीएम का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कॉलोनी काटने वालों की जांच कराकर कार्रवाई की जा रही है।

### कॉलोनी काटकर गायब हुए कॉलोनाइजर

कॉलोनाइजर्स किसानों के साथ मिलकर सस्ते का लालच देकर प्लॉट बेच रहे हैं, जबकि बिजली, पानी, सीवेज और अन्य सुविधाओं के लिए खरीदारों को परेशान होना पड़ रहा है। देवलखेड़ी रोड लांबाखेड़ा सहित अन्य इलाको में भूमाफिया अवैध कालोनी में प्लॉट बेचकर रफूचक्कर हो गए। उन्होंने प्लॉट बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य सुविधाओं का दावा करते हुए बेचे थे, लेकिन यह सुविधाएं अब भी रहवासियों को उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

## जैकेट का शेष...

### इंदौर में दूषित ....

जुड़ी गंभीर समस्याओं पर मीडिया रिपोर्ट को ट्रिब्यूनल ने बुधवार को स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्ट में जनस्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरे उजागर हुए हैं। एक रिपोर्ट में इंदौर के गंदे पानी से मौत होने और बाकी शहरों में भी सीवेज की समस्या होने की बात कही गई तो दूसरी रिपोर्ट में बताया गया कि पुरानी, जर्जर और दशकों पुरानी पाइप लाइन व्यवस्था के कारण कई स्थानों पर सीवेज का पानी पेयजल पाइप लाइनों में मिल रहा है। इससे राजस्थान के उदयपुर, जोधपुर, कोटा, बांसवाड़ा, जयपुर, अजमेर और बोरा जैसे शहर भी प्रभावित बताए गए। तीसरी रिपोर्ट में कहा गया कि ग्रेटर नोएडा (सेक्टर डेल्टा-1) में सीवेज मिले पानी के सेवन से बच्चों सहित कई लोग बीमार पड़ गए।

### ये मुद्दे गंभीर...

जवाब तलब किया है। इसके साथ ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को भी अपना उत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

### मप्र में पेड़ ...

है। ये गतिविधियां भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सिंगरौली, खंडवा, विदिशा और उज्जैन जैसे जिलों में की जा रही हैं।

### दूषित पानी से...

को लेकर कांग्रेस ने 11 जनवरी को इंदौर में न्याय यात्रा का आयोजन किया था। यात्रा में इंदौर और आसपास के किलोमीटर क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष शामिल हुए थे। इस यात्रा में जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, दिग्विजय सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### अपनी ही श्रेणी ....

जताई थी कि ऐसे प्रतिनिधि काटने की बात तो दूर, भौंक भी नहीं पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हमें कोशिश करनी चाहिए कि आदिवासी हिंदू न बन पाएं। बैठक में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पूर्व सांसद उदित राज, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, आदिवासी कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, विधायक ओंकार सिंह मरकाम, हीरालाल अलावा जैसे प्रमुख नेता मौजूद रहे। बरैया ने दावा किया है कि बाबा साहब अंबेडकर सेपरेट इलेक्टोरल न मिल पाने के कारण जीवन भर प्रायश्चित करते रहे। उनका तर्क है कि आज के दलित-आदिवासी सांसद और विधायक इसलिए खामोश हैं, क्योंकि वे ज्वॉइंट इलेक्टोरल से चुनकर आए हैं। ऐसे में वे अपनी बात रखने में अक्षम हैं। विधायक बरैया ने संविधान सभा के 25 नवंबर 1949 के भाषण का हवाला देते हुए कहा कि बाबा साहेब की चिंता थी कि देश ऊपर रहेगा या जाति धर्म? उन्होंने वर्तमान स्थिति पर प्रहार करते हुए कहा कि आज देश के ऊपर जाति और धर्म हावी हो चुके हैं, जिससे वास्तविक समस्याओं का समाधान असंभव हो गया है।

### आक्रोशित भीड़ ने ...

साथ हाथापाई की। चालक भीड़ से पीछा छुड़ाकर भाग निकला। लोगों ने घायल युवक को एमवाय अस्पताल पहुंचाया। इस बीच नाराज लोगों ने बस को आग लगा दी। आग ने बस के अगले और पिछले हिस्से को चपेट में ले लिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की दमकलें पहुंची और बस में लगी आग को बुझाया। उधर पुलिस चालक की तलाश कर रही है। शुक्ला ब्रदर्स की बस से चार माह में यह तीसरी घटना है। इससे पहले इंदौर-उज्जैन रोड पर बस की टक्कर से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई थी। राजकुमार ब्रिज पर भी बस ने एक महिला और बेटी को टक्कर मारकर घायल कर दिया था।

### जस्टिस वर्मा-पुलिस...

घटना के समय कोई रिकवरी नहीं हुई थी, और मौके पर कैश मिलने के दावे बाद में सामने आए। उन्होंने कहा कि अगर मैं मौके पर मौजूद नहीं था और पहला रिस्पॉन्डर नहीं था, तो मुझे इसे सुरक्षित न करने के लिए जिम्मेदार कैसे ठहराया जा सकता है... वह जगह वहां मौजूद लोगों के कंट्रोल में थी।

### सेना के जवानों...

की दिशा में बड़ी पहल माना जा रहा है। नवीनीकृत समझौते के तहत भारतीय सेना के सभी सेवारत सैन्यकर्मियों को 1 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर दिया जाएगा। इस दायरे में अग्निवीर भी शामिल हैं जिससे नई भर्ती योजना के तहत सेवा दे रहे जवानों को भी समान सुरक्षा मिलेगी। यह कवर किसी भी दुर्घटना की स्थिति में परिवार को बड़ी आर्थिक राहत देगा। समझौते में सैनिकों के परिवारों की सामाजिक जरूरतों को भी ध्यान में रखा गया है। बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 20 लाख रुपए तक का कवर दिया जाएगा। वहीं सैनिकों की बेटियों के विवाह के लिए 10 लाख रुपए तक का विशेष बीमा कवर भी शामिल किया गया है।

### आतंकवादी हमले....

इंश्योरेंस कवर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। हवाई यात्रा के दौरान किसी भी दुर्घटना की स्थिति में यह अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगा।

### कुरियन का फिर...

पद मिल सकता है। अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने दिग्विजय को पत्र लिख कर इस बार किसी दलित वर्ग के नेता को राज्यसभा भेजने की मांग की है। प्रदीप की इस मांग का समर्थन पार्टी में दलित वर्ग के एक अन्य नेता पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भी किया है। सज्जन वर्मा कमलनाथ के खास समर्थक हैं और खुद भी राज्यसभा पद के लिए दावेदार हैं। वे विधानसभा का पिछला चुनाव हार गए थे।

### मुरुगन, कुरियन को ....

को क्यों मार रहे हैं? सज्जन ने कहा कि बेचारा भाजपा का जो नेता सालों से पार्टी के वटवृक्ष में खाद-पानी डालता है, उसका हक छीना जा रहा है।

## पेज एक का शेष...

### सेठानी घाट ...

आते हैं। इसलिए इस उत्सव को मकर संक्रांति उत्सव कहा जाता है। सालों से 14 जनवरी को महापर्व मनाते हुए स्नान, दान और देव पूजन किया जाता रहा है, इसी मान्यता के चलते कुछ लोग आज भी संक्रांति मना रहे हैं।

### कहा-पोंगल अब ...

यह सिखाता है कि प्रकृति के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए। अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना और पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना सबसे जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया की लगभग सभी सभ्यताओं में फसलों से जुड़ा कोई न कोई पर्व मनाया जाता है। तमिल संस्कृति में किसान को जीवन का आधार माना गया है।

### पोंगल प्रकृति, ...

सूर्य, पशुओं और किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है और परिवार के साथ संपन्नता, आभार और एकता का प्रतीक है। तमिलनाडु सरकार ने समारोह को सुगम बनाने के लिए पात्र लाभार्थियों के लिए एक किलो चावल, एक किलो चीनी और एक पूरा गन्ना वितरित करने की योजना भी बनाई थी। इससे पहले पीएम मोदी ने नागरिकों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और उनके सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा 'संक्रांति का यह पावन पर्व देश के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय रीति-रिवाजों और परंपराओं के अनुसार मनाया जाता है। मैं भगवान सूर्य से सभी के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। उत्तरायण में सूर्य देव के आशीर्वाद से सभी पाप नष्ट होते हैं।

### प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप ...

देंगे। एक जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां सामान्यतः बड़ी योजनाएं कागजों पर तो बहुत भव्य दिखती थीं, लेकिन धरातल पर साकार होने से पहले ही विभागों के आपसी तालमेल की कमी के कारण निष्प्रभावी हो जाती थीं। अब भारत सरकार ने पीएमजी और प्रगति पोर्टल से पुरानी प्रणाली को जड़ से खत्म कर असंभव दिखने वाली परियोजनाओं को साकार किया है।

### केंद्र सरकार किसी ...

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी मौजूद थे। बातचीत में रेड्डी ने खुद माना कि केंद्र सरकार से उन्हें सबसे ज्यादा से ज्यादा सहयोग मिल रहा है। मोदी सरकार के साथ कोई अड़चन नहीं है।

### मध्यप्रदेश और ...

लाइन की सौगात भी मिली है। इसका लाभ उज्जैन को भी मिलेगा।

**प्रगति प्लेटफॉर्म से नीति नहीं निष्पादन, घोषणा नहीं डिलीवरीः** मुख्य सचिव जैन ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि प्रगति प्लेटफार्म से डिजिटल, इंटरैक्टिव एवं जवाबदेही आधारित नीति नहीं निष्पादन, घोषणा नहीं डिलीवरी और समीक्षा नहीं समाधान का भाव सार्थक हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 209 परियोजनाएं पीएमजी पोर्टल की निगरानी में हैं। पीएमजी समीक्षा में सामने आए केंद्रीय परियोजनाओं के संबंधित 322 मुद्दों में से राज्य सरकार ने 312 का समाधान किया। प्रगति पोर्टल के माध्यम से 39 परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें सामने आए 124 मुद्दों में से 120 का समाधान किया गया।

### भोपाल के नाबार्ड ...

एफआईआर के अनुसार निमाड़ एग्रो पार्क के संचालक अर्पित राजेंद्र कुमार तायल, निकुंज गिरधारीलाल तायल, अशोक बिहारीलाल तायल और अंकित गिरधारीलाल तायल सहित कुछ अज्ञात सरकारी कर्मचारियों पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और दस्तावेजों की जालसाजी के गंभीर आरोप हैं। जांच में यह सामने आया है कि वर्ष 2019 में आरोपियों ने नाबार्ड की फूड प्रोसेसिंग फंड योजना के तहत सेंधवा के पास जामली गांव में एक कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर परियोजना के लिए 13 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। इस परियोजना की कुल लागत 31 करोड़ रुपए से अधिक बताई गई थी, जिसमें केंद्र सरकार के फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय की ओर से 10 करोड़ रुपए का अनुदान भी स्वीकृत हुआ था।

### समय-सीमा ...

लिए पत्र लिखा गया और अब इस मामले में कार्रवाई तेज हो गई है।

### दादा-पोती की गई ...

बाद मंगलवार को सुंदर लाल ने दम तोड़ दिया। अब खुशबू (27) की भी जान चली गई। संतोषी बाई की हालत गंभीर है।

### खुशबू मायके में....

मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुरेश नागवंशी के अनुसार, फूड सैंपल और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जाएगी।

### भोपाल का स्कूल ...

में लेकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि किसी को शक न हो, इसलिए सप्लाई के लिए आरोपी खुद की थार कार का उपयोग करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह ड्रग्स कहां से लाया था। इंदौर के संपर्क भी निकाले जा रहे है।

## विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

### एक करोड़ की लागत से बीस दुकानें भी बनेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संक्रांति के अवसर पर ग्राम पंचायत सिकंदराबाद में विधायक रामेश्वर शर्मा ने सामुदायिक भवन व दुकानों का भूमिपूजन सरपंच राजेश मारण और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत सिकंदराबाद के द्वारा एक करोड़ की लागत से 20 दुकानें और विधायक रामेश्वर शर्मा की निधि से 21 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम हुजूर, सीईओ शिवानी मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विनोद राजोरिया, सरपंच राजेश मारण, पंडित सुभाष शर्मा, कल खेड़ा सरपंच संजय पाराशर, वीरेंद्र सिंह मारण, कोडिया सरपंच उदय सिंह राजपूत, पंचायत सचिव एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करते विधायक रामेश्वर शर्मा।

## आधे घंटे के भीतर शोरूम के बगल में खड़ी क्रेटा हुई गायब

### चूनाभट्टी क्षेत्र का मामला, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के चूनाभट्टी स्थित शोरूम के बगल में खड़ी क्रेटा कार आधे घंटे के भीतर चोरी हो गई। चोरी गई नई कार की कीमत 14 लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है। तलाश करने के बाद भी जब कार का कुछ पता नहीं चला तो मैनेजर ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद साजिद (45) रायसेन रोड पर रहते हैं और चूनाभट्टी स्थित एक कार शोरूम में मैनेजर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती सात जनवरी की दोपहर करीब ढाई बजे कंपनी की एक नई क्रेटा कार शोरूम के बगल में स्थित वर्कशाप के पिछले गेट के बाहर वाशिंग के लिए खड़ी की गई थी। करीब आधे घंटे बाद देखा तो उक्त कार गायब हो चुकी थी। कई दिनों तक आसपास तलाश करने के बाद भी जब कार का कुछ पता नहीं चला तो मैनेजर ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी गए कार की कीमत चौदह लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है।

## साईं बाबा नगर झुग्गी इलाके में सिक्योरिटी गार्ड ने फांसी लगाई

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित झुग्गी सांईबाबा नगर में बुधवार सुबह एक सिक्यूरिटी गार्ड की लाश फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। सिक्यूरिटी गार्ड बागसेवनिया में नौकरी करता था और रात में वह बाइक बागसेवनिया में छोड़कर घर आ गया था। उसे देखने सिक्यौरिटी इंचार्ज उसके घर पहुंचा तो वह फांसी लगा चुका था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार हल्के सिंह पटेल (38) झुग्गी नंबर 158, सांई बाबा नगर में रहते थे और सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। उनकी पत्नी भी प्राइवेट काम करती है। मंगलवार को पत्नी की नाइट ड्यूटी थी। इसी प्रकार हल्के सिंह की भी बागसेवनिया में शोरूम में नाइट ड्यूटी थी। वह ड्यूटी छोड़कर घर चले गए। उनकी बाइक शोरूम के सामने ही खड़ी थी।

## 10 लाख रुपए लेकर 50 हजार की टंट्या मामा की मूर्ति लगाने वाला ब्लैक लिस्टेड

**भोपाल।** आदिवासी गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के नायक क्रांति सूर्य टंट्या मामा भील की प्रतिमा को लेकर खरगोन जिले में बड़ा विवाद खड़ा हो गया। स्थिति ये आई कि प्रतिमा बनाने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया। शहर के बिस्टान नाका चौराहे पर लगने वाली टंट्या मामा की प्रतिमा के निर्माण में ही भ्रष्टाचार के मामले ने शर्मसार कर दिया। ये मामला दर्शाता है कि एमपी में भ्रष्टाचार कितना आउट ऑफ कंट्रोल हो गया है। दरअसल ठेकेदार ने 10 लाख रुपए लेकर धातु की जगह फाइबर की 50 हजार रुपए की प्रतिमा बना दी। खुलासा होते ही निगम ने बड़ा एक्शन लिया और ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कर दिया। कांग्रेस ने बीजेपी को भी घेरा और इसके निर्माण को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

NAME CHANGE

This is to inform the general public that I, FEONA DAVID RAJ, daughter of Shri DAVID RAJ, residing at - 480/9-A Saket Nagar, near Shiv Mandir, Huzur, Bhopal, Madhya Pradesh (462024), have changed my name from FEONA RAJ to FEONA DAVID RAJ. My new name, FEONA DAVID RAJ, is reflected in my other official documents. Therefore, I should be known and identified by my new name, Feona David Raj, in the future.

Ratnawala
SAMAY SE PAHLE KISMAT SE JYADA
रत्नवाला
141- Malviya Nagar, City Trade Center
Bhopal. 89 89 678-678

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

ज्योतिष
बाबा गुलशन बंगाली, प्रेम विवाह, वशीकरण, प्यार में धोखा, सौतन दुश्मन छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, गृहक्लेश, रूठो को मनाना, संतान प्राप्ति, गड़ाधन, सभी समस्याओं का समाधान- 8535014597
RAI- 13 to 16/01/2026

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगडे एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु:** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन:** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6109



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 6108 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | रा | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल- 6119

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6118 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## खबर संक्षेप

### एज बाय टाइटन ने फ्यूमेज घड़ी प्रस्तुत की

मुंबई। टाइटन की प्रीमियम घड़ियों की श्रृंखला एज बाय टाइटन ने अपनी नई घड़ी फ्यूमेज प्रस्तुत की है। यह प्रस्तुति ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि तीन वर्षों के अंतराल के बाद एज पोर्टफोलियो में नया सिरेमिक आवरण (केस) जोड़ा गया है। नई घड़ी में नवीन ज्यामिति, पुनर्रचित सिरेमिक कंगन तथा धुएं से प्रेरित फ्यूमेज डायल दिया गया है, जो सामग्री और डिजाइन-दोनों स्तरों पर एक नया दृष्टिकोण दर्शाता है। फ्यूमेज का डिजाइन धुएं की प्रवाहमान और सहज गति से प्रेरित है।

### इंटेंस का राजस्व 34 करोड़ रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली।** इंटेंस टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड ने क्यू3 वित्त वर्ष 2026 के अपने अनऑडिटेड वित्तीय नतीजों की घोषणा की। ग्राहक संचार, डेटा प्रबंधन और प्रक्रिया स्वचालन में मिशन-क्रिटिकल समाधान देने वाली कंपनी ने बीएफएसआई , टेलीकॉम और सरकारी क्षेत्रों में अपनी मजबूत और निरंतर उपस्थिति को रेखांकित किया। कंपनी की कुल आय 3,400.90 लाख रुपए हुई। एबिटडा 409.20 लाख रुपए पहुंचा तो कंपनी को शुद्ध लाभ 231.69 लाख रुपए का हुआ।

### व्यूअरशिप का 8वां वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया हैबिल्ड ने

**नई दिल्ली।** हैबिट बिल्डिंग प्लेटफॉर्म हैबिल्ड ने एक दिन में सबसे अधिक योग व्यूअरशिप का वर्ल्ड रिकॉर्ड आधिकारिक रूप से अपने नाम किया है। इस रिकॉर्ड को वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन द्वारा प्रमाणित किया गया है। यह रिकॉर्ड पूरे दिन आयोजित छह लाइव ऑनलाइन योग सत्रों के माध्यम से बना, जिसमें सभी सत्रों की कुल सहभागिता को जोड़ा गया। इस पहल में दुनिया भर से लोगों ने भाग लिया। 9.3 लाख प्रतिभागी इस योग अभियान से जुड़े। इस उपलब्धि को खास बनाते हुए, हैबिल्ड ने एक स्कूल के निर्माण की भी घोषणा की।

### टेरी एसएएस और एसरी इंडिया में समझौता

**नई दिल्ली।** भौगोलिक सूचना प्रणाली टेक्नोलॉजीज और लोकेशन इंटेलिजेंस सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में जियोस्पैटियल शिक्षा को गति देने, क्षमता निर्माण करने और व्यवहारिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दि एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज़ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। टेरी-एसएएस एक डीम्ड टु बी युनिवर्सिटी है।

### सोनालीका के किसानों के साथ 30 साल पूरे

**नई दिल्ली।** सोनालीका ट्रैक्टर्स किसानों के साथ साझेदारी के 30 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है, जो 'जीतने का दम' के अटूट विश्वास से प्रेरित है। जिसकी शुरुआत होशियारपुर जैसे छोटे शहर से हुई और यह 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध ट्रैक्टर बिज़नेस में तब्दील हो गई। आज सोनालीका को भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की फॉर्च्यून 500 सूची में भी स्थान प्राप्त है। साथ ही, सोनालीका एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड] भारत में तीसरा सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्माता और वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा ट्रैक्टर ब्रांड है।

### डाबर ने लांच किया ब्राइटनिंग डिटैन पैक

**नई दिल्ली।** डाबर इंडिया के प्रीमियम सैलून स्किनकेयर ब्रांड, ऑक्सीलाइफ सैलून प्रोफेशनल ने अपने उन्नत सिंगल-यूज़ स्किन ब्राइटनिंग डिटैन पैक को लांच करने की घोषणा की है। इस लांच की शुरुआत उनके प्रमुख अभियान 'स्किनश्योरेंस विद ऑक्सीलाइफ' के साथ हुई है, जिसमें लोकप्रिय अभिनेत्री सोनम बाजवा के साथ-साथ कई प्रमुख ब्यूटी और लाइफस्टाइल इंफ्लुएंसर्स नजर आ रहे हैं। पेशेवर सैलून ट्रीटमेंट और घर पर मिलने वाली सुविधा के बीच के अंतर को कम करने के लिए डिजाइन किया गया।

## मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक के आदेश से नकेल कसी, मंडी शुल्क चोरी करने वालों में मचा हडक़ंप

# मंडी शुल्क की चोरी और अवैध माल परिवहन करने पर अब व्यापारी का माल होगा राजसात, मंडी में नीलाम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कृषि उपज मंडी समितियों द्वारा फिलहाल अवैध व्यापार को नियंत्रण के लिए वाहन जप्ती की कार्रवाई कर 5 गुना मंडी शुल्क, प्रशमन कार्रवाई की कर माल परिवहन करने वाले वाहन और माल को छोड़ा दिया जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश जारी किया है कि मंडी शुल्क की चोरी करने वाले कृषि उपज का अवैध परिवहन करने पर वाहन की जप्ती कर माल को राजसात करने की कठोर कार्रवाई की जाएं।

गौरतलब है कि मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक के उक्त आदेश के परिपालन में जबलपुर संभाग की बिछिया मंडी द्वारा गत दिवस एक वाहन (क्रमांक यूपी 93 -डीटी 9001) को निरीक्षण के दौराना पकड़ा। जिसमें कि कृषि उपज मूंगफली दाना लगभग 350 क्विंटल का अवैध परिवहन फर्जी दस्तावेज बनाकर कर किया जा रहा था।

*बिछिया मंडी टीम द्वारा जप्त मूंगफली को राजसात कर किया नीलाम*

*350 क्विंटल मूंगफली दाना फर्जी दस्तावेज के जरिए किया जा रहा था अवैध परिवहन*

*जप्त उपज अगर मंडी समिति छोड़ देती तो सिर्फ 1 लाख 40 हजार रु. मिलते*



कुमार पुरुषोत्तम

### न्यायाधीश रमेश रंजन की कोर्ट ने भी माल राजसात कर नीलाम के दिए आदेश

मंडी के उड़नदस्ते आमले ने उक्त वाहन को पकड़कर वाहन को जप्त किया और जप्ती के उपरांत माल मालिक मनीष सिंह पिता शेर सिंह निवासी भिंड द्वारा प्रशमन के लिए दिए गए आवेदन को दरकिनार कर मंडी समिति ने प्रबंध संचालक के आदेश अनुसार राजसत की कार्रवाई के लिए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में प्रस्तुत आवेदन पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश रमेश रंजन चौबे की कोर्ट ने अपने आदेश से जप्त कृषि उपज को राजसात कर नीलाम करने के आदेश जारी किए।

**नीलामी से मंडी समिति को मिली बतौर मंडी शुल्क के रूप में 28 लाख रुपए की राशि**

*उल्लेखनीय है न्यायालय द्वारा दिए गए उक्त आदेश के परिपालन में 13 जनवरी 2026 को जप्त कृषि उपज मूंगफली को नीलाम हुई। जिस पर मंडी समिति को मंडी शुल्क के रूप में 28 लाख रुपए की राशि मिली। ज्ञात हो कि यदि मंडी समिति प्रशमन बनाकर जप्त कृषि उपज को छोड़ देती तो मंडी समिति को मात्र 1 लाख 40 हजार रुपए प्राप्त मिलते। इस प्रकार की कठोर कार्रवाई होने से मंडी क्षेत्र में अवैध व्यापार करने वालों में हड़कंप मच गया है।*

### उक्त कार्रवाई प्रभावी रूप से प्रदेश की सभी मंडियों में संपादित होगी

मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के सहायक संचालक योगेश नागले ने बताया कि अवैध व्यापार नियंत्रण और मंडी शुल्क चोरी को रोकने मंडी बोर्ड एमडी के आदेश का पालन मंडी समितियों द्वारा कृषि उपजों अवैध परिवहन पर कार्रवाई प्रभावी रूप से संपादित होती रहेगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार के अन्य दो मामलों में सागर संभाग की मंडी समितियां द्वारा भी कार्रवाई की गई है, जिसमें जप्त कृषि उपज की नीलामी की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।

## पीएम ई-ड्राइव पहल की सफलता से भारत में ईवी क्रांति को मिली गति

# पीएम ई-ड्राइव और पीएलआई का बड़ा असर, ईवी सेक्टर को मिली तेज रफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2025 में भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाई। ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए लागू प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना में रिकॉर्ड निवेश और पीएम ई-ड्राइव पहल की सफलता से भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति को नई गति मिली है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 के दौरान पीएलआई-ऑटो योजना के तहत कंपनियों को करीब 1,999.94 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। 31 दिसंबर 2025 तक इस योजना के अंतर्गत 13.61 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को इंसेंटिव दिया गया, जिसमें 10.42 लाख से ज्यादा दोपहिया वाहन, 2.38 लाख से अधिक तिपहिया वाहन, 79,540 इलेक्ट्रिक कारें और 1,391 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं।



### 28 लाख से ज्यादा ईवी खरीद पर सब्सिडी

पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत 3,679 करोड़ रुपए की राशि सब्सिडी के लिए निर्धारित की गई है, ताकि 28 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहन मिल सके। इसमें 24.79 लाख दोपहिया, 3.28 लाख तिपहिया और 5,643 इलेक्ट्रिक ट्रक शामिल हैं।

### पीएम ई-ड्राइव योजना से ईवी अपनाने को बढ़ावा

प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना की शुरुआत 29 सितंबर 2024 को की गई थी, जिसके लिए सरकार ने 10,900 करोड़ रुपए का बजट तय किया। इस योजना का उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना और ईवी मैन्युफैक्चरिंग के लिए मजबूत ढांचा तैयार करना है।

### सार्वजनिक परिवहन के लिए 14,028 इलेक्ट्रिक बसें

योजना के अंतर्गत 4,391 करोड़ रुपए की राशि से 14,028 इलेक्ट्रिक बसें सार्वजनिक परिवहन के लिए खरीदी जाएंगी, जिससे शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। 31 दिसंबर 2025 तक इस योजना के तहत 1,703.32 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं और 21.36 लाख ईवी बिक चुके हैं।

### मेक इन इंडिया से जुड़ेगा ईवी सेक्टर

इस योजना के तहत शामिल कंपनियों को तीन साल में कम से कम 4,150 करोड़ रुपए (500 मिलियन डॉलर) का निवेश करना होगा। यह पहल 'मेक इन इंडिया' अभियान से जुड़ी है, जिससे देश में ही वाहन निर्माण होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा आईबीए के 21वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार पांच श्रेणियों में पुरस्कृत




**बैंक ऑफ बड़ौदा को आईबीए से इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों का प्राप्त होना गौरव का विषय है: डॉ. देबदत्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

बैंक ऑफ बड़ौदा को प्रतिष्ठित इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के 21वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार 2024-25 में प्रौद्योगिकी और नवाचार में अग्रणी भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। बैंक ने बड़े बैंकों के बीच पांच श्रेणियों में पुरस्कार जीते, जिसमें से चार पुरस्कार और एक विशेष उल्लेखनीय पुरस्कार है।

बैंक ऑफ बड़ौदा को चार श्रेणियों - सर्वश्रेष्ठ एआई एवं एमएल अपनाना, सर्वश्रेष्ठ फिनटेक और डीपीआई अपनाना, सर्वश्रेष्ठ आईटी जोखिम प्रबंधन और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी प्रतिभा में विजेता घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त, बैंक को सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक श्रेणी में एक विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ।

डॉ. देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस उपलब्धि पर कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा को आईबीए से इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों का प्राप्त होना गौरव का विषय है, जो नवाचार, सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन और एक मजबूत तकनीकी टीम के निर्माण पर हमारे निरंतर फोकस को दशति हैं।

हम अपने ग्राहकों को सहज और सुरक्षित बैंकिंग अनुभव प्रदान करने और भविष्य के लिए तैयार उन्नत क्षमताओं में निवेश करना जारी रखेंगे तथा स्थायी हितधारक मूल्य का निर्माण करेंगे। यह सम्मान बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार और ग्राहक केंद्रित बैंकिंग पर निरंतर फोकस को अधिक सुदृढ़ करता है।

## 104 स्थानों पर सोलर लाइटिंग लगाने का काम मिला

# लॉर्ड्स मार्क डेटा-ड्रिवन सोलर डिजाइन से दुर्घटना संभावित हाईवे को करेगा रोशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड को नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया से विजयवाड़ा क्षेत्र के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर फेज-1 के तहत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा चिन्हित 104 दुर्घटना-संभावित और ब्लैक स्पॉट स्थानों पर सोलर हाईवे लाइटिंग लगाने का काम मिला है। एक कॉम्पिटिटिव कमर्शियल बिडिंग प्रोसेस के बाद, लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सिग्निफाई इनोवेशंस इंडिया लिमिटेड (पहले फिलिप्स लाइटिंग इंडिया लिमिटेड) के साथ पार्टनरशिप में, सर्वे, डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए सफल बिडर के रूप में सामने आई।

लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहाकि यह प्रोजेक्ट रोड सेफ्टी में टेक्नोलॉजी पर आधारित एक पहल है, जो दुनिया की पहली, डेटा-ड्रिवन मेथोडोलॉजी पर आधारित है। इसमें रिसर्च- बेस्ड एक्सीडेंट एनालिटिक्स, ऑन- ग्राउंड विजिबिलिटी डायग्नोस्टिक्स और इंटेलिजेंट सोलर लाइटिंग डिजाइन को इंटीग्रेट किया गया है। काम का दायरा कई स्ट्रेटेजिक हाईवे स्ट्रेच तक फैला हुआ है, जिसमें एनएच-16 के अनाकापल्ली-अन्नावरम-दिवानचेरुवु सेक्शन पर किमी 741.255 से किमी 1022.494 तक, एनएच-216 का दिवांचेरुवु-सिद्धांतम-गुंडुगोलानु सेक्शन, एनएच-16 पर किमी 15.320 से किमी 85.204 तक गुंडुगोलानु-देवरापल्ली-कोववु खंड, और एनएच-216 पर किमी 0.000 से किमी 27.500तक काथीपुडी से काकीनाडा बाईपास की शुरुआत तक का हिस्सा शामिल है। यह प्रोजेक्ट सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने से कहीं ज्यादा है।

## ईरान में अशांति से बासमती चावल निर्यातकों में हड़कंप निर्यात प्रभावित

# हालात बिगड़ने से भुगतान में देरी, ऑर्डर रुकने और बढ़ गई व्यापारिक अनिश्चितता

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

ईरान में जारी नागरिक अशांति का असर अब भारत के बासमती चावल निर्यात पर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। भारत के निर्यातकों में इस बात को लेकर हड़कंप मचा हुआ है कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमत नहीं मिल रही है। उद्योग संगठन इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) के अनुसार हालात बिगड़ने से ईरानी बाजार में भुगतान में देरी, ऑर्डर रुकने और व्यापारिक अनिश्चितता बढ़ गई है।

इसका नतीजा यह हुआ है कि भारत से ईरान जाने वाली खेपें प्रभावित हुई हैं और घरेलू मंडियों में कीमतों पर दबाव बना है। आईआरईएफ ने निर्यातकों को सलाह दी है कि वे ईरान से जुड़े अनुबंधों पर दोबारा विचार करें और भुगतान के सुरक्षित तरीकों को प्राथमिकता दे।

### भुगतान में देरी और अनुबंधों पर संकट



उद्योग संगठन का कहना है कि ईरान में आंतरिक अस्थिरता के कारण बैंकिंग चैनल और व्यापारिक माध्यम बाधित हो रहे हैं। कई आयातकों ने मौजूदा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और समय पर भुगतान करने में असमर्थता जताई है। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए नकदी प्रवाह और जोखिम प्रबंधन बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। आईआरईएफ ने स्पष्ट तौर पर निर्यातकों से आग्रह किया है कि वे ईरानी बाजार के लिए जरूरत से ज्यादा स्टॉक जमा करने से बचें और नए सौदों में विशेष सावधानी बरतें।

### ईरान अब भी बड़ा बाजार

व्यापारिक आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से नवंबर के बीच भारत ने ईरान को 468.10 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का बासमती चावल निर्यात किया, जिसकी मात्रा लगभग 5.99 लाख टन रही। ईरान ऐतिहासिक रूप से भारत का सबसे बड़ा बासमती बाजार रहा है, लेकिन मौजूदा हालात के चलते चालू वित्त वर्ष में ऑर्डर फ्लो, भुगतान चक्र और कुल निर्यात पर दबाव बढ़ता जा रहा है।

### घरेलू मंडियों में गिरती कीमतें बनी चिंता

*ईरान संकट का असर अब घरेलू बाजार में भी दिखने लगा है। पिछले एक सप्ताह में ही बासमती की प्रमुख किस्मों की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट खरीदारों की झिझक, निर्यात अनुबंधों में देरी और जोखिम बढ़ने की आशंका को दर्शाती है। बासमती 1121 किस्म की कीमत 85 रुपए प्रति किलो से घटकर 80 रुपए प्रति किलो रह गई है। वहीं, 1509 और 1718 किस्मों के भाव 70 रुपए से गिरकर 65 रुपए प्रति किलो तक आ गए हैं। इससे किसानों और व्यापारियों दोनों की चिंता बढ़ गई है। कारोबारी ईश्वरदास संगतानी ने बताया कि निर्यातकों को ऋण जोखिम और डिलीवरी समयसीमा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। संगठन का कहना है कि अगर ईरान में यह मंदी लंबी चली, तो भारतीय बासमती उद्योग को नए बाजारों में मजबूती बनानी होगी। प्रेम गर्ग ने कहाकि हम चेतावनी नहीं दे रहे, बल्कि सावधानी बरतने का आग्रह कर रहे हैं।*

### अमेजन की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल कल से लाइव

बेंगलुरु। अमेज़न इंडिया की बहुप्रतीक्षित ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 16 जनवरी की रात 12 बजे से शुरू होगी। इस शॉपिंग इवेंट में स्मार्टफोन, फैशन, ब्यूटी, होम एंड किचन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े घरेलू उपकरण, ग्रॉसरी, रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुएं और कई अन्य श्रेणियों में नए लॉन्च और आकर्षक ऑफर्स एक साथ पेश किए जाएंगे। ग्राहक एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, सोनी, एजी, स्केचर्स, लॉरियल पेरिस, आईक्यूओओ और बोट सहित कई ब्रांड्स के उत्पाद खरीद सकेंगे। कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहाकि मकसद है कि हर उत्सव और खास बन सके।

**आम सूचना**

मै, मनोज राठौर MANOJ RATHOR पता सी-24, आकृति गार्डन नेहरू नगर, भोपाल मध्यप्रदेश पिन 462003 का निवासी हूँ। मेरे पुत्रो के शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम पिता के नाम से साथ अल्प नाम एम.आर. राठौर M.R. RATHORE अंकित हो गया है वर्तमान में मेरा नाम मनोज राठौर MANOJ RATHOR होगा भविष्य में मुझे मनोज राठौर MANOJ RATHOR के नाम से जाना व पहचाना जावे ।

आवेदक मनोज राठौर
सी-24, आकृति गार्डन नेहरू नगर
भोपाल मध्यप्रदेश पिन 462003

## बिजनेस न्यूज

### युवा दिवस पर राधारमण ग्रुप में 'स्वदेशी संकल्प दौड़' का आयोजन



**भोपाल।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में 'स्वदेशी संकल्प दौड़' के अंतर्गत एक उत्साहपूर्ण मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता कर ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच, मध्य क्षेत्र के संगठनकर्ता एवं युवा आयाम के प्रमुख केशव दुबौलिया उपस्थित रहे। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं डीन डॉ. संजीव शर्मा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए विवेकानंद के जीवन, आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर राधारमण ग्रुप के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पीके लहरी सहित डायरेक्टर्स, फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एलएनसीटी विश्वविद्यालय में एनएसएस ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों तथा अन्य छात्र-छात्राएं ने राष्ट्रीय युवा दिवस का भव्य कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में



उपस्थित विभिन्न संकायों के प्राध्यापकों तथा विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा महापुरुष स्वामी विवेकानंद के जीवन तथा दर्शन पर प्रकाश डाला गया तथा देश के सभी युवाओं को उनके मार्ग पर चलने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विषयों पर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर 200 से ज्यादा युवा छात्र-छात्राओं ने कठौतिया वन्य क्षेत्र में साहसिक एवं रोमांचक ट्रैकिंग गतिविधि करते हुए अपने जोश का परिचय दिया। स्वयंसेवकों तथा सभी युवाओं ने जल, जंगल और जमीन के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की शपथ ली। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, सचिव डॉ अनुपम चौकसे, कुलपति डॉ.नरेंद्र कुमार थापक तथा कुलसचिव डॉ.अजीत कुमार सोनी ने युवाओं को युवा दिवस की बधाई दी और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार रूप में लाने के लिए आह्वान किया।

### एमएसएमई के लिए 'डिजिटल मर्चेंट कैश एडवांस' लोन पेश

**मुंबई।** 'डिजिटल मर्चेंट कैश एडवांस' लोन एक्सिस बैंक ने शुरू करने की घोषणा की है। यह उद्योग में अपनी तरह का पहला कैश-फ्लो आधारित लेंडिंग समाधान है, जिसे विशेष रूप से भारत भर के सूक्ष्म और लघु व्यवसायों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अभिनव और पूरी तरह से डिजिटल उत्पाद 2 लाख से 20 लाख तक का असुरक्षित ऋण प्रदान करता है, जिससे व्यापारियों, विशेष रूप से खुदरा दुकानों को त्वरित ऋण प्राप्त करने और अपने दैनिक व्यवसाय की कमाई के अनुसार किश्तों में पुनर्भुगतान करने की सुविधा मिलती है। एक्सिस बैंक के कमर्शियल बैंकिंग ग्रुप के प्रेसिडेंट और हेड,विजय शेट्टी ने कहाकि डिजिटल मर्चेंट कैश एडवांस लोन, तत्काल क्रेडिट सुविधा और चालू खाते को एक सहज डिजिटल समाधान में एक साथ लाते हैं।

### एयरबीएनबी ने सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** एयरबीएनबी ने एयरबीएनबी ने अभिनेता, संगीतकार और सांस्कृतिक आवाज बन चुके सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ लोला इंडिया लाइक ए लोकल की मेजबानी करने के लिए साझेदारी की है। यह मुंबई में एयरबीएनबी का एक्सक्लूसिव ओरिजिनल एक्सपीरियंस है। एयरबीएनबी में इंडिया एंड साउथईस्ट एशिया के कंट्री हेड अमनप्रीत बजाज ने इस गठजोड़ के केंद्र में है मुंबई गाइडबुक। यह डिजिटल सिटी गाइड है, जिसे सिद्धांत चतुर्वेदी ने क्यूरेट किया है खास लोलापलूजा इंडिया 2026 के दौरान मुंबई आने वाले ट्रैवलर्स के लिए। उन्हें प्रेरित करने वाले शहर को ध्यान में रखकर तैयार गाइडबुक में सिद्धांत की पसंदीदा जगहों, लोकल स्पॉट्स और एयरबीएनबी की चुनिंदा ठहरने की जगहों को शामिल किया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/42/2025-26.

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विधुत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर/खुली/42/2025-26.

1. कार्य का नाम : DNR डिवीजन के NSG1 से NSG4 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म और FOB के लिए बैटरी बैकअप वाली सोलर पावर वाली इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था। 2. अनुमानित लागत : ₹1,06,16,439.00/-, 3. अग्रधन राशि : ₹2,03,100/-, 4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 09.02.2026 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। 5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय : क्रिस वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा./का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।

नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/सा.)/
पूमरे/दानापुर
पीआर/1615/डीएनआर/विधुत/टी/25-26/44

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग क्रमांक - 1, जी.टी.बी. कॉम्पलेक्स, न्यू मार्केट, भोपाल (म.प्र.)

**आम सूचना**

विश्वकर्मा नगर फेस 1 बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखंड क्र. शेल्टरलेस ई.डब्ल्यू.एस.- 40 मंडल द्वारा श्री अब्दुल फहीम एवं श्रीमती खालिदा खान के नाम से आवंटित है, द्वितीय आवंटी श्रीमती खालिदा खान पत्नि श्री हासम खान द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुये उक्त संपत्ति में से श्री अब्दुल फहीम आत्मज श्री मोहम्मद सगीर का नाम विलोपित किया जाने हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया है। प्रथम आवंटी उक्त भूखंड में से अपनी स्वैच्छा से अपना नाम विलोपित कर द्वितीय आवंटी के नाम से करवाना चाहते है इस हेतु आवेदन, शपथ पत्र एवं हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/ संस्था को इस में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें । समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग क्रमांक-1, भोपाल

## चिंतन

# दुनिया में गंभीर संकट पैदा कर रहे ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में बिगड़ते हालात (आर्थिक संकट, सरकार विरोधी प्रदर्शन और हालिया इजराइल-ईरान संघर्ष के बाद की स्थिति) दुनिया को युद्ध की ओर धकेल रहे हैं, क्योंकि इससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे एक बड़े टकराव की आशंका पैदा हो गई है, खासकर अमेरिका और इजराइल के साथ। इस बीच भारत ने भी ईरान में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है। वहीं, विश्लेषकों का कहना है कि ईरान कमजोर हुआ है और आंतरिक असंतोष के बीच सरकार दबाव में है, जबकि बाहरी शक्तियां हस्तक्षेप की फिराक में हैं, जिससे स्थिति और विस्फोटक हो सकती है। किसी भी छोटी सी चूक से क्षेत्र में बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है और विश्वभर में गंभीर संकट पैदा हो सकता है। ईरान में अमेरिका के दखल के बाद से हालात और पेचिदा हो रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्रुथ सोशल पर ईरानी प्रदर्शनकारियों से कहना कि मदद रास्ते में है। ईरानी देशभक्तों, विरोध जारी रखिए। हत्यारों और अत्याचारियों के नाम सुरक्षित रखिए। वे इसकी भारी कीमत चुकाएंगे। ट्रंप की इस टिप्पणी के गंभीर मायने हैं। इससे दुनिया में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के करीबी तीन खाड़ी अरब देश सऊदी अरब, कतर और ओमान ईरान पर किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ये डिप्लोमैटिक लेवल पर सक्रिय हैं, क्योंकि ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है। हालांकि ट्रंप ने ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई का प्लान फिलहाल होल्ड पर रख दिया है, लेकिन अमेरिकी सेना को तैयार रहने के लिए कहा गया था, ताकि आदेश मिलते ही तुरंत एक्शन लिया जा सके। अब सवाल यह है कि अमेरिका आखिर चाहता क्या है। क्योंकि ट्रंप दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहे हैं। इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है तो वह कतर से ईरान को निशाना बना सकता है। चूंकि कतर को मध्य पूर्व में अमेरिका का अहम सैन्य साझेदार माना जाता है। यहां स्थित अल उदीद एयर बेस अमेरिका का सबसे बड़ा और रणनीतिक सैन्य अड्डा है, जहां 10 हजार से ज्यादा अमेरिकी सैनिक, आधुनिक फाइटर जेट और ड्रोन तैनात हैं। इसके अलावा पाकिस्तान भी हमले के लिए अमेरिका को अपना एयरबेस देने के लिए तैयार है। इस तरह के हालात डरावने हो सकते हैं। निश्चित रूप से युद्ध जैसी स्थिति के परिणाम दुनिया के लिए गंभीर खतरा होंगे। ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के ख़िलाफ़ सड़कों पर उबाल जारी है। एक अधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में अब तक करीब 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है, लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। अब ईरान सरकार जल्द से जल्द आर्थिक सुधार लागू करे और साथ ही धार्मिक कट्टरता कम करके उदार और प्रगतिशील साथियों की मदद ले, उसी से पूंजीवादी गिद्धों को दूर रखा जा सकेगा और बाहरी ताकतों को रोककर देश में शांति व्यवस्था को कायम किया जा सकेगा।



विशेष आलेख

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत का जीवंत प्रतीक है काशी-तमिल संगमम

> कुछ दिन पहले ही मुझे सोमनाथ की पवित्र भूमि पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेने का सुअवसर मिला। इस पर्व को हम वर्ष 1026 में सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार साल पूरे होने पर मना रहे हैं। इस क्षण का साक्षी बनने के लिए देश के कोने-कोने से लोग सोमनाथ पहुंचे। यह इस बात का प्रमाण है कि भारतवर्ष के लोग जहां अपने इतिहास और संस्कृति से गहराई से जुड़े हैं। मेरी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से भी हुई, जो इससे पहले सौराष्ट्र-तमिल संगमम के दौरान सोमनाथ आए थे और इससे पहले काशी-तमिल संगमम के समय काशी भी गए थे। ऐसे मंचों को लेकर उनकी सकारात्मक सोच ने मुझे बहुत प्रभावित किया। इसलिए मैंने तय किया कि क्यों ना इस विषय पर अपने कुछ विचार साझा करूं।

मन की बात के एक एपिसोड के दौरान मैंने कहा था कि अपने जीवन में तमिल भाषा ना सीख पाने का मुझे बहुत दुख है। यह हमारा सौभाग्य है कि बीते कुछ वर्षों से हमारी सरकार तमिल संस्कृति को देश में और लोकप्रिय बनाने में निरंतर जुटी हुई है। यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सशक्त बनाने वाला है। हमारी संस्कृति में संगम का बहुत महत्त्व है। इस पहलू से भी काशी-तमिल संगमम एक अनूठा प्रयास है। इसमें जहां भारत की विविध परंपराओं के बीच अद्भुत सामंजस्य दिखता है, वहीं यह भी पता चलता है कि कैसे हम एक दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हैं।

काशी तमिल संगमम के आयोजन के लिए काशी सबसे उपयुक्त स्थान कहा जा सकता है। यह वही काशी है, जो अनादि काल से हमारी सभ्यता की धुरी बनी हुई है। यहां हजारों वर्षों से लोग ज्ञान, जीवन के अर्थ और मोक्ष की खोज में आते रहे हैं।

काशी का तमिल समाज और संस्कृति से अत्यंत गहरा नाता रहा है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी है, तो तमिलनाडु में रामेश्वरम तीर्थ है। तमिलनाडु की तेनकासी को दक्षिण की काशी या दक्षिण काशी कहा जाता है। पूज्य कुमारगुरुपरर् स्वामिजि ने अपनी विद्वता और आध्यात्म परंपरा के माध्यम से काशी और तमिलनाडु के बीच एक सशक्त और स्थायी संबंध स्थापित किया था।

तमिलनाडु के महान सपूत महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी को भी काशी में बौद्धिक विकास और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत अवसर दिखा। यहीं उनका राष्ट्रवाद और प्रबल हुआ, साथ ही उनकी कविताओं को एक नई धार मिली। यहीं पर स्वतंत्र और अखंड भारत की उनकी संकल्पना को एक स्पष्ट दिशा मिली। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो काशी और तमिलनाडु के बीच गहरे आत्मीय संबंध को दर्शाते हैं।

वर्ष 2022 में वाराणसी की धरती पर काशी-तमिल संगमम की शुरुआत हुई थी। मुझे इसके उद्घाटन समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था। तब तमिलनाडु से आए लेखकों, विद्यार्थियों, कलाकारों, विद्वानों, किसानों और अतिथियों ने काशी के साथ साथ प्रयागराज और अयोध्या के दर्शन भी किए थे। इसके बाद के आयोजनों में इस पहल को और विस्तार दिया गया।

इसका उद्देश्य यह था कि संगमम में समय-समय पर नए विषय जोड़े जाएं, नए और रचनात्मक तरीके अपनाए जाएं और इसमें लोगों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो। प्रयास यह था कि ये आयोजन अपनी मूल भावना से जुड़े रहकर भी निरंतर आगे बढ़ता रहे। वर्ष 2023 के दूसरे आयोजन में टेक्नोलॉजी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया, ताकि यह सुनिश्चित हो कि भाषा इसमें बाधा ना बने। इसके तीसरे संस्करण में इंडियन नॉलेज सिस्टम पर विशेष फोकस रखा गया। इसके साथ ही शैक्षिक संवादों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रदर्शनियों और संवाद सत्रों में लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। हजारों लोग इनका हिस्सा बने।

काशी-तमिल संगमम का चौथा संस्करण 2 दिसंबर, 2025 को आरंभ हुआ। इस बार की थीम बहुत रोचक थी- तमिल करकलम यानि तमिल सीखें....।

इससे काशी और दूसरी जगहों के लोगों को खूबसूरत तमिल भाषा सीखने का एक अनूठा अवसर मिला। तमिलनाडु से आए शिक्षकों ने काशी के विद्यार्थियों के



लिए इसे अविस्मरणीय बना दिया! इस बार कई और विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

प्राचीन तमिल साहित्य ग्रंथ तोलकाप्पियम का चार भारतीय और छह विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया गया।

तेनकासी से काशी तक पहुंची एक विशेष व्हीकल एक्सपेडिशन भी देखने को मिली। इसके अलावा काशी में स्वास्थ्य शिविरों और डिजिटल लिट्रेसी कैंप के आयोजन के साथ ही कई और सराहनीय प्रयास भी किए गए। इस अभियान में सांस्कृतिक एकता के संदेश का प्रसार करने वाले पांड्य वंश के महान राजा आदि वीर पराक्रम पांडियन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पूरे आयोजन के दौरान नमो घाट पर प्रदर्शनियां लगाई गईं, बीएचयू में शैक्षणिक सत्र का आयोजन हुआ, साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

काशी-तमिल संगमम में इस बार जिस चीज ने मुझे सबसे अधिक प्रसन्नता दी, वो हमारे युवा साथियों का उत्साह है। इससे अपनी जड़ों से और अधिक जुड़े रहने के उनके पैशन का पता चलता है। उनके लिए ये एक ऐसा अद्भुत मंच है, जहां वे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं।

संगमम के अलावा काशी की यात्रा भी यादगार बने, इसके लिए विशेष प्रयास किए गए। भारतीय रेल ने लोगों को तमिलनाडु से उत्तर प्रदेश ले जाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाईं। इस दौरान कई रेलवे स्टेशनों पर, विशेषकर तमिलनाडु में उनका खूब उत्साह बढ़ाया गया। सुंदर गीतों और आपसी चर्चाओं से ये सफर और आनंददायक बन गया।

यहां मैं काशी और उत्तर प्रदेश के अपने भाइयों और बहनों की सराहना करना चाहूंगा, जिन्होंने काशी-तमिल संगमम को विशेष बनाने में अपना अद्भुत योगदान दिया है। उन्होंने अपने अतिथियों के स्वागत और सत्कार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। कई लोगों ने तमिलनाडु से आए अतिथियों के लिए अपने घरों के दरवाजे तक खोल दिए। स्थानीय प्रशासन भी चौबीसों घंटे जुटा रहा, ताकि मेहमानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। वाराणसी का सांसद होने के नाते मेरे लिए ये गर्व और संतोष दोनों का विषय है।

इस बार काशी-तमिल संगमम का समापन समारोह रामेश्वरम में आयोजित किया गया, जिसमें तमिलनाडु के सपूत उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन जी भी मौजूद रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम को अपने विचारों से समृद्ध बनाया। भारतवर्ष की आध्यात्मिक समृद्धि पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे इस तरह के मंच राष्ट्रीय एकता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।

काशी-तमिल संगमम का बहुत गहरा प्रभाव देखने को मिला है। इसके जरिए जहां सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिली है, वहीं शैक्षिक विमर्श और जनसंवाद को भी काफी बढ़ावा मिला है। इससे हमारी संस्कृतियों के बीच संबंध और प्रगाढ़ हुए हैं। इस मंच ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाया है, इसलिए आने वाले समय में हम इस आयोजन को और वाइब्रेंट बनाने वाले हैं। ये वो भावना है, जो शताब्दियों से हमारे पर्व-त्योहार, साहित्य, संगीत, कला, खान-पान, वास्तुकला और ज्ञान-पद्धतियों का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है।

वर्ष का यह समय हर देशवासी के लिए बहुत ही पावन माना जाता है। लोग बड़े उत्साह के साथ संक्रांति, उत्तरायण, पोंगल, माघ बिहू जैसे अनेक त्योहार मना रहे हैं। ये सभी उत्सव मुख्य रूप से सूर्यदेव, प्रकृति और कृषि को समर्पित हैं। ये त्योहार लोगों को आपस में जोड़ते हैं, जिससे समाज में सद्भाव और एकजुटता की भावना और प्रगाढ़ होती है। इस अवसर पर मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि इन उत्सवों के साथ हमारी साझी विरासत और सामूहिक भागीदारी की भावना देशवासियों की एकता को और मजबूत करेगी।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अंगीठी का दंश


मनोज कुमार अग्रवाल



# घर-घर में साइलेंट किलर जरा सी भूल जीवन पर भारी

इन दिनों देश के अनेक भागों में कड़ाके की ठंड पड़ने से तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। ऐसे में ताप के लिए चंद लोग कमरों में अंगीठी जलाकर सोने के कारण जहरीला धुआं चढ़ने से मृत्यु के शिकार हो रहे हैं। वहीं सैकड़ों लोग बिना वेंटिलेशन वाले बाथरूम में गैस गीजर के इस्तेमाल से आक्सीजन कम होने पर जान गंवा देते हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों से हर कुछ महीनों में एक जैसी खबरें सामने आती हैं। बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर से निकली जहरीली गैस, दम घुटना और फिर अचानक बाथरूम में नहाने वाले की मौत हो जाना। ये खबरें चौंकाती जरूर हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद भुला दी जाती हैं। यही भूल सबसे खतरनाक है। क्योंकि गैस गीजर कोई अचानक खराब होने वाली मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा खामोश खतरा है, जो जरा सी लापरवाही पर जान ले सकता है। आपको पता हो कि कमरे में लकड़ी या कोयले की अंगीठी जलाकर रखने से 'ऑक्सीजन' की कमी हो जाती है और 'कार्बन मोनोआक्साइड' सीधे दिमाग पर असर डालती है, जो सांस के जरिए पूरे शरीर में फैल जाती है। इससे शरीर में ' हीमोग्लोबिन' कम हो जाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसी तरह बाथरूम में गैस गीजर चलाने पर भी आक्सीजन कम हो जाती है और कई लोग हर साल जान गंवा देते हैं। कुछ दुखद घटनाओं की बानगी देखिए 22 दिसंबर को यूपी के पीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। 2 जनवरी को पंजाब के शिवसेना नेता दीपक कंबुज की 22 वर्षीय पुत्री मुनमुन की बाथरूम में दम घुटने से मौत हो गई। 27 दिसम्बर, 2025 को 'छपरा' (बिहार) में ठंड से बचने के लिए एक कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 बच्चों और उनकी नानी की दम घुटने से मृत्यु हो गई तथा परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस घटना में मारे गए तीनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन थे जो सर्दी की छुट्टियों में ननिहाल आए हुए थे 31 दिसम्बर, 2025 को 'गयाजी' (बिहार) के 'कुर्किहार' गांव में कमरे के भीतर ठंड से बचने के लिए दरवाजा और खिड़की बंद करके अंगीठी जला कर सो रहे 'सुजीत कुमार' और 'अंशु कुमारी' नामक भाई-बहन तथा उनकी नानी 'मीना देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में 'गुरमीत सिंह' तथा उनकी पत्नी 'जसबीर कौर' की ठंड से बचने के लिए जला कर कमरे में रखी लकड़ियों की गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को ही 'पटौदी' (हरियाणा) में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी सुलगा कर सोना एक श्रमिक के परिवार पर आफत बन कर टूटा तथा दम घुटने से एक 11 वर्षीय बच्ची की मृत्यु एवं परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। 9 जनवरी, 2026 को 'हजारीबाग' (झारखंड) के 'बानादाग' गांव में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे दम्पति की दम घुटने से जान चली गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'कोडरमा' (झारखंड) के 'पूरना नगर' में ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में कोयला जलाकर सो रहे पति-पत्नी 'वीरेंद्र शर्मा' और 'कांति देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'उत्तर काशी' (उत्तराखंड) के 'चाम्पकोट' में कमरे में जल रही अंगीठी की गैस के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से बीमार हो गया। 10 जनवरी, 2026 को 'आरा' (बिहार) के 'छोटकी सिंगरी' गांव में एक कमरे में अपने माता-पिता और बहन के साथ ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे 12 वर्षीय बच्चे 'बजरंगी सिंह' की मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से बीमार हो गए। और अब 11 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे' अर्शदीप सिंह' (20), उसकी पत्नी' जशनदीप कौर' (19) तथा 2 महीने के मासूम बेटे 'गुरबाज सिंह' की दम घुटने से मौत हो गई और 'अर्शदीप सिंह' का साला 'किशन सिंह' बेहोश हो गया। उक्त सब घटनाओं का सबक यही है कि बंद कमरे में अंगीठी नहीं जलानी चाहिए और यदि जलानी ही पड़े तो सोने से पहले उसे बुझा देना चाहिए ताकि धुआं पैदा न हो। स्थानीय प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थाओं को भी चाहिए कि इस बारे लोगों को जागरूक करे, ताकि इस तरह की दर्दनाक और असामयिक मौतों से बचा जा सकें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)




संकलित

## दर्शन

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।




संकलित

## प्रेरणा

# अर्जुन को विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### मकर संक्रांति और संस्कृति

मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि ऋतु परिवर्तन, सामाजिक सहभागिता और लोकजीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह वह समय है जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होता है और प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पर्व से जुड़ी पतंगबाज़ी की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसने समय के साथ स्वयं को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी आयामों को भी अपने भीतर समाहित किया है। आज पतंग उड़ाना सिर्फ छतों पर खड़े होकर डोर खींचने का खेल नहीं, बल्कि सामूहिक उत्सव, मानसिक प्रसन्नता और शारीरिक सक्रियता का प्रतीक बन चुका है। *-गिरीश देवांगन, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मकर संक्रांति व पोंगल की बधाई



पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है। मकर संक्रांति और पोंगल कि देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### देशवासियों के कल्याण की कामना




स्वसंस्कृति व स्वधर्म की रक्षा के लिए सरबंस दानी गुरु गोबिंद सिंह जी ने त्याग व बलिदान के जो आदर्श स्थापित किए थे, वे हर देशवासी के लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। आज अहमदाबाद के थलतेज में गुरुद्वारा गोबिंद धाम में मत्था टेक कर देशवासियों के कल्याण की कामना की। **-अमित शाह, गृह मंत्री**

### वेटरन्स को उचित सम्मान



सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन का एक नया अध्याय शुरू होता है। सरकार का प्रयास है कि यह अध्याय गरिमा और आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण हो। अपने वेटरन्स के साथ-साथ हम उन सैनिकों को भी उचित सम्मान दे रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। **-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### तमिल संस्कृति पर हमला



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से 'जना नायकन' को रोकने की कोशिश तमिल संस्कृति पर हमला है। मिस्टर मोदी, आप कभी भी तमिल लोगों की आवाज को दबाने में सफल नहीं होंगे। भारत लोकतांत्रिक देश है व लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए। **-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# मेरी किताब लोगों को जुड़ने को करेगी प्रेरित: पद्मा लक्ष्मी

भारतीय-अमेरिकी टेलीविजन हस्ती और पाक कला विशेषज्ञ पद्मा लक्ष्मी ने कहा कि अमेरिका में मौजूदा वक्त 'अंधकारमय' है और साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी नयी किताब ऐसे समय में अलग-अलग समुदायों के लोगों को एक-दूसरे के प्रति जिज्ञासा जगाने, संवाद करने और जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह दौर शायद और भी 'अंधकारमय हो जाएगा', फिर अंत में रोशनी की किरण दिखाई देगी। पाक कला पर लक्ष्मी की नवीनतम पुस्तक 'पद्माज़ ऑल अमेरिकन : टेल्स, ट्रेवल्स, एंड रेसिपीज़ फ्रॉम टेस्ट द नेशन एंड बियॉन्ड' अमेरिका की समृद्ध पाक कला और प्रवासी विविधता का संग्रह है। अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों में प्रवासियों के विरोध की बढ़ती भावना के समय में, लक्ष्मी ने आशा व्यक्त की है कि उनकी नयी पुस्तक लोगों में अन्य समुदायों के प्रति जिज्ञासा जगाएगी और उन्हें अन्य संस्कृतियों और देशवासियों से जुड़ने तथा संपर्क स्थापित करने में सक्षम बनाएगी। लक्ष्मी ने पिछले महीने यहां 'एशिया सोसाइटी' में 'द कल्चर ट्री' के साथ साझेदारी में आयोजित एक वार्ता के दौरान कहा, 'हमारा देश इस समय एक बहुत ही अंधकारमय दौर से गुजर रहा है और मुझे यह कहते हुए खेद हो रहा है कि प्रकाश वापस आने से पहले शायद यह और भी अंधकारमय होगा।'



## ऑफ बीट

# प्लास्टिक कप से निकल सकते हैं माइक्रोप्लास्टिक के कण

एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि प्लास्टिक या प्लास्टिक-लाइनिंग वाले कॉफी कप के गर्म पेय के संपर्क में आने पर बड़ी संख्या में माइक्रोप्लास्टिक कण निकल सकते हैं, जो सीधे पेय में मिल जाते हैं। शोध के अनुसार, तापमान माइक्रोप्लास्टिक के उत्सर्जन का सबसे अहम कारण है और कप की सामग्री इसमें निर्णायक भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे पेय का तापमान बढ़ता है, प्लास्टिक से सूक्ष्म कणों के निकलने की दर भी बढ़ जाती है। अध्ययन में बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया में हर साल लगभग 1.45 अरब सिंगल-यूज हॉट बेवरेज कप इस्तेमाल किए जाते हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह संख्या करीब 500 अरब प्रतिवर्ष है। यह संख्या अधिक भी हो सकती है। इतने बड़े पैमाने पर उपयोग के कारण संभावित स्वास्थ्य जोखिम भी व्यापक हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पहले 30 अध्ययनों का विश्लेषण किया, जिनमें पॉलीएथिलीन और पॉलीप्रोपाइलीन जैसे सामान्य प्लास्टिक के व्यवहार को परखा गया। इसमें पाया गया कि गर्म तरल के संपर्क में माइक्रोप्लास्टिक का उत्सर्जन कुछ सौ कणों से लेकर लाखों कण प्रति लीटर तक हो सकता है। वहीं, पेय को कप में कितनी देर तक रखा गया, यह उतना महत्वपूर्ण कारक नहीं पाया गया जितना उसका तापमान महत्वपूर्ण होता है।



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सद्भाव का प्रतीक है पोंगल पर्व

## दिल्ली में पोंगल उत्सव में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन और भाजपा अध्यक्ष नड्डा हुए शामिल



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन, वीरेंद्र सचदेवा, मनोज तिवारी और अन्य लोग भी पहुंचे

**केंद्रीय राज्य मंत्री मुरुगन के आवास पर था कार्यक्रम**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोंगल पर केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन के दिल्ली स्थित आवास पर कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन समेत भाजपा के कई बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन भी शामिल हुए। उपराष्ट्रपति और नबीन ने पोंगल को भारत की सांस्कृतिक विरासत, कृतज्ञता, एकजुटता और समृद्धि का प्रतीक बताते हुए सभी को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। नबीन ने कहा कि मैं नई दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन की ओर से आयोजित पोंगल समारोह में शामिल हुआ।




पोंगल के कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन भी शामिल हुए।

### प्रकृति का ख्याल रखूंगी: बांसुरी

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने सभी को पोंगल पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुरुगन के आवास पर कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आए। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पोंगल अन्नदाता की मेहनत, धरती माता और भगवान सूर्य की कृपा का पर्व है। देश के युवाओं को भी संदेश दिया कि हम बढ़-चढ़कर प्रकृति का ख्याल रखें। इसी मूलमंत्र को मैं आत्मसात करके यहां से निकली हूं।

### पोंगल मूल रूप से तमिलों का त्योहार: नागेंद्रन

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने कहा कि पोंगल तमिल लोगों का त्योहार है। यह तमिल लोगों की कला और संस्कृति का उत्सव है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने कहा कि हम बहुत खुश हैं क्योंकि प्रधानमंत्री चौथी बार पोंगल मना रहे हैं। हर पोंगल पर, वह तमिलनाडु के लोगों को शुभकामनाएं देते हैं। हम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' में पक्का विश्वास करते हैं।



**अहमदाबाद।** यहां उत्तरायण उत्सव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पतंग उड़ाते हुए।

## खबर संक्षेप

### आदित्य साहू बने झारखंड भाजपा के अध्यक्ष



**रांची।** आदित्य साहू को भाजपा की झारखंड प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया है। केंद्रीय चुनाव पदाधिकारी जुएल ओराम ने उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। ओराम ने भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के लिए झारखंड से 21 सदस्यों के निर्वाचन की भी घोषणा की। इनमें कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास आदि शामिल हैं।

### चीनी मांझे की चपेट से डॉक्टर की मौत



**जौनपुर।** जिले में बुधवार को चीनी मांझे की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना पंचहटिया स्थित प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास हुई। मृतक की पहचान डॉक्टर समीर हासिमी के रूप में हुई है। गर्दन कटने से काफी खून बह रहा था, जिससे मौके पर मौत हो गई।

### भ्रष्टाचार केस में दुबे को लोकपाल से क्लीनचिट



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाले लोकपाल ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। दुबे को शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की भी छूट दी है। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने दुबे और उनके परिवार के खिलाफ बेहिसाब संपत्ति की शिकायत की थी।

### एयरलाइन ने किफायती सेवा का आफर दिया



**नई दिल्ली।** देश की दो बड़ी एयरलाइन कंपनी नए साल में यात्रियों के लिए ऑफर दिए हैं। यात्रियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स पर किफायती किराए के साथ कई जरूरी सेवाओं पर आकर्षक छूट मिल रही है। इंडिगो की सेल 13 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक टिकट बुकिंग के लिए खुली रहेगी।

## पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर सुनवाई

# कलकत्ता हाईकोर्ट से लगा ममता सरकार को झटका, अदालत ने उनकी याचिका खारिज की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

**टीएमसी को डेटा सुरक्षा चाहिए**

पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई की गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में बुधवार को सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी की याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने ईडी के इस बयान को रिकॉर्ड किया कि उसने 8 जनवरी को फर्म के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस से कुछ भी जब्त नहीं किया था। ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू कहा कि एजेंसी ने जो कुछ भी अपने कब्जे में लिया था, उसे सीएम ममता ले गईं। इससे पहले ईडी ने हाई कोर्ट को बताया कि पिछले हफ्ते राजनीतिक परामर्श फर्म के डायरेक्टर जैन के घर और ऑफिस पर हुई तलाशी के सिलसिले में दायर याचिकाओं को टाल दिया जाए। वहीं टीएमसी के वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि पार्टी सिर्फ अपने डेटा की सुरक्षा चाहती है।

**ईडी ने कहा- कुछ भी जब्त नहीं किया**




कलकत्ता उच्च न्यायालय

### ईडी का दावा: अदालतों ने इसे संज्ञेय अपराध माना था

9 जनवरी को ईडी ने दावा किया है कि इस घटना में राज्य के सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व की सीधी भागीदारी थी और पुलिस बल का दुरुपयोग किया गया। एजेंसी ने आग्रह किया है कि वह सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने और मुख्यमंत्री सहित सभी संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच करने का निर्देश दे। सीबीआई की जांच जरूरी है, क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने लगातार यह माना है कि जहां राज्य में ऊंचे और शक्तिशाली लोग संज्ञेय अपराधों को करने में शामिल होते हैं, वहां जांच सीबीआई को ट्रांसफर कर दी जानी चाहिए। ईडी ने जबरदस्ती ले गए सभी डिजिटल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, स्टोरेज मीडिया और दस्तावेजों को तत्काल जब्त करने, सील करने, की मांग की थी।

### टीएमसी ने भी दायर की थी याचिका

इस मामले को लेकर टीएमसी ने आई पैक पर ईडी की छापेमारी के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। टीएमसी बंगाल में एसआईआर के खिलाफ आवाज उठा रही है और विरोध कर रही है।

#### हाई कोर्ट से बोले एसएसजी राजू

### यहां आसमां नहीं फटने वाला फिलहाल रोक दीजिए सुनवाई



सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने आई-पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर हो रही छापेमारी के दरमियान नाटकीय तौर पर एंट्री की थी और सरकारी काम में बाधा डाला। ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेड वाली जगहों पर गईं और अहम सबूत ले गईं। दूसरी तरफ, ममता की तरफ से दावा किया गया कि ईडी के छापे अवैध थे और जांच एजेंसी ने सारी सीमएं लांघ दी थी। इस दौरान टीएमसी ने ईडी द्वारा जब्त किये गये चुनाव संबंधी उसके डाटा की सुरक्षा के लिए अदालत से गुहार लगाई।

### सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध

ईडी ने उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका का हवाला देते हुए मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया। ईडी की तरफ से पेश हुए राजू ने कोर्ट को बताया कि एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की हैं। इसलिए हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई न करे। उन्होंने दलील दी, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में आ सकता है। लिहाजा, इस मामले की सुनवाई को टाल दिया जाए। आज सुनवाई नहीं होने से कोई आसमान फटकर नहीं गिरने वाला है।

### आई-पैक की गैरमौजूदगी पर भी उठे सवाल

एएसजी राजू ने आई-पैक की गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म को कोर्ट में पेश होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पूरी याचिका चुनाव से जुड़े तर्कों पर आधारित है, न कि किसी अधिकार के उल्लंघन पर। किसी के घर से किसी का डेटा ज़ब्त किया गया है, उन्हें तो कोर्ट आना चाहिए था। आई पैक को यहां आना चाहिए था।

#### बंगाल में एसआईआर पर रार

## 50 बीएलओ ने दिया इस्तीफा बीडीओ ऑफिस में तोड़फोड़



**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का ब्लॉक में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर हालात लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं।इसके नाम पर आम लोगों को परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए फरक्का ब्लॉक के सभी बूथ लेवल ऑफिसर ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा बुधवार सुबह फरक्का ब्लॉक इलेक्शन ऑफिसर को सौंपा। करीब 50 बीएमलओ ने इस्तीफा दिया है। बीएलओ का आरोप है कि आयोग की ओर से ठोस दिशा निर्देश के बार बार पॉट्सएप के जरिए बदलते हुए आदेश भेजे जा रहे हैं। कहा गया था कि केवल फॉर्म भरने से प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, लेकिन बाद में सुनवाई के नाम पर आम लोगों को बार बार फोन कर बुलाया जाने लगा।

### विधायक इस्लाम के आने पर भी सवाल

एसआईआर प्रक्रिया के तहत हुई सुनवाई के दौरान फरक्का बीडीओ कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि करीब 30 से अधिक बीएलओ के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रक्रिया को लेकर अपनी आपत्तियां रखीं। यह प्रतिनिधिमंडल फरक्का के तृणमूल कांग्रेस विधायक मोनिरुल इस्लाम के नेतृत्व में पहुंचा था।

#### बुलंदशहर में भी मिली गलती

## 56 लोगों के वोट सपा नेता के पते पर दर्ज, जांच की

**बुलंदशहर।** यहा पहासू कस्बा क्षेत्र के पठान टोला मोहल्ला में एक गली के 56 लोगों के वोट मुस्लिम परिवार के पते पर बन गए। इसमें मोहल्ला निवासी सपा के नगर अध्यक्ष सगीर अहमद ने बीएलओ व अन्य लोगों से शिकायत की। बुधवार को बीएलओ ने मोहल्ले में पहुंच कर वोट संशोधित करने के लिए दोबारा फार्म भरवाए।

### दोबारा फार्म भरवाए: सपा

सगीर ने मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। बीएलओ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। अन्य लोगों की वोट को संशोधित करने के लिए दोबारा फार्म भरवाए। बीएलओ गजेंद्र सिंह का कहना है कि वाल्मीकि समाज के कुछ लोगों की वोट में पते में गड़बड़ी थी।

#### उत्तर भारत की लड़कियों पर बोले मारन

## रसोई में काम व बच्चे पैदा करो तो भाजपा ने माफी की मांग की

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



डीएमके सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन के उत्तर भारत की लड़कियों पर बयान से सियासी विवाद बढ़ गया है। चेन्नई के कायद ए मिल्लत सरकारी वुमेंस कॉलेज के समारोह में मारन ने कहा कि कई उत्तर भारतीय राज्यों में लड़कियों को अक्सर घर पर रहने और घरेलू कामों पर ध्यान देने को कहा जाता है, लेकिन तमिलनाडु में लड़कियों को एजुकेशन और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। मारन ने महिला शिक्षा के क्षेत्र में तमिलनाडु की तरक्की का श्रेय द्रविड़ आंदोलन और डीएमके सरकार की नीतियों को दिया। मारन ने कहा कि हमारी सरकार लैपटॉप का इस्तेमाल कर लाभार्थी पढ़ाई और साक्षात्कार के लिए दिए हैं। उत्तर भारत के राज्यों में महिलाओं को नौकरी न करने के लिए कहा जाता है और उन्हें घर में रहकर रसोई में काम करने और बच्चे पैदा करने के लिए कहा जाता है। भाजपा ने माफी की मांग की है।

## प्रयागराज से गंगासागर तक उल्लास



**देशभर में मकर संक्रांति-पोंगल की धूम**

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति और पोंगल पर पूरे देश में उल्लास रहा। संगम नगरी प्रयागराज से लेकर हरिद्वार की हरकी पौड़ी तक में गंगा स्नान और आस्था की डुबकी लगाकर लोगों ने पावन पर्व की शुरुआत की। यहां लाखों लोगों ने डुबकी लगाई। पतंगों से सजे आसमान ने पूरे देश में इस पर्व की रौनक बढ़ा दिया।

#### आईआईटी मद्रास में पहुंचे प्रधान

## अगले माह हो रही एआई समिट की मेजबानी की समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बुधवार को पोंगल समारोह में भाग लेने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास पहुंचे। उन्होंने घोषणा की कि भारत अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रतिष्ठित एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करेगा। दुनिया भर के देश शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपना रहे हैं। पूरा ईकोसिस्टम, समाज के सभी वर्ग और सरकार एवं समाज के सभी जरूरी हितधारक इस बात पर विचार-विमर्श कर रहे हैं कि शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक्स या विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में एआई जैसी क्रांतिकारी तकनीक को कैसे लागू किया जाए? पिछले साल सरकार ने हमें शिक्षा में एआई के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र प्रदान किया है। आगामी शिखर सम्मेलन के दौरान केंद्र की प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से यह दौरा किया गया था।

#### कर्नाटक में बवाल के बीच शिवकुमार ने दी सफाई

# राहुल के साथ नेतृत्व परिवर्तन पर नहीं हुई कोई बात

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को साफ किया कि मंगलवार को जब उनकी राहुल गांधी के साथ बात हुई थी, उसमें कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दरअसल राहुल गांधी, जब मंगलवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे थे तो शिवकुमार उनसे अकेले में बातचीत करते नजर आए थे। जिसके बाद फिर से राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कयास शुरू हो गए थे। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि मैं कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष हूं और राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता, हमारी बातचीत प्रोटोकॉल के तहत हुई थी। ये सब बातें सार्वजनिक तौर पर नहीं की जा सकतीं। नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई बात नहीं हुई। राहुल ने हमें अच्छा काम करने के लिए कहा और हम उसी हिसाब से काम करेंगे।



**सीएम की कुर्सी को लेकर रार**

### मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष ने डीके से अकेले की थी बात

**राहुल ने सिद्धारमैया-शिवकुमार को दिल्ली बुलाया**

कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच खींचतान का अभी भी अंत नहीं हुआ है। अब कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि राहुल गांधी ने दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाया है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है। कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच लंबे समय से कुर्सी को लेकर खींचतान जारी है। बीते दिनों भी दोनों नेता दिल्ली गए थे, लेकिन उस समय भी कोई फैसला नहीं हो सका था। दोनों नेता हालांकि सार्वजनिक तौर पर किसी भी मतभेद से इनकार करते हैं।




राहुल गांधी और सिद्धारमैया

### फिर दिल्ली जाएंगे दोनों नेता: विधायक अशोक बोले

बुधवार को बेंगलुरु में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस विधायक अशोक पत्तन ने कहा कि बुधवार को राहुल गांधी ने दोनों नेताओं (सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार) को दिल्ली बुलाया है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं है। तारीख तय होने के बाद दोनों नेता दिल्ली जाएंगे।

#### नीति आयोग का 'निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024'

## निर्यात की तैयारी मामले में उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष 5 राज्यों में, महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश ने नीति आयोग के 'निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024' में मजबूत स्थिति दर्ज कराते हुए देश के शीर्ष 5 बड़े राज्यों में जगह बना ली है। नीति आयोग के इस व्यापक मूल्यांकन में उत्तर प्रदेश निर्यात तत्परता और प्रदर्शन के मामले में चौथे स्थान पर रहा है। यह रिपोर्ट देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की निर्यात क्षमता को परखने के साथ-साथ उनके बीच 'प्रतिस्पर्धी संघवाद' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इसमें राज्यों का प्रदर्शन देखा जाता है।

### इसमें राज्यों की निर्यात क्षमता को परखा जा रहा

### तमिलनाडु दूसरे तो गुजरात तीसरे स्थान पर




सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम के अनुसार महाराष्ट्र 68.01 के स्कोर के साथ बड़े राज्यों की श्रेणी में पहले पायदान पर रहा है। तमिलनाडु दूसरे और गुजरात तीसरे स्थान पर काबिज है। उत्तर प्रदेश ने चौथा स्थान हासिल किया है।आंध्र प्रदेश पांचवें स्थान पर रहा। इसमें 'लीडर्स', 'चैलेंजर्स' और 'एस्पिरेंट्स' जैसी श्रेणियों में बांटा गया है।

**छोटे राज्यों में उत्तराखंड प्रथम**

छोटे राज्यों, उत्तर-पूर्वी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में उत्तराखंड ने पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर दूसरे और नगालैंड तीसरे स्थान पर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर की वीरांगनाएं

# सरहद की महिलाओं ने थामी बंदूक आतंकियों के लिए बनीं अडिग चुनौती

*इन बहादुर महिलाओं की सक्रियता से आतंकियों के लिए इन क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित करना कठिन होता जा रहा है। स्थानीय स्तर पर मजबूत निगरानी और त्वरित सूचना तंत्र के कारण सुरक्षा बलों को भी समय रहते कार्रवाई में मदद मिलती है। अब तक महिला वीडीजी से मिले परिणामों को बेहद सकारात्मक माना जा रहा है*

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों में सैकड़ों महिला विलेज डिफेंस गार्ड (वीडीजी) सदस्य आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। 1990 के दशक की शुरुआत से इन क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों का सामना कर रहीं ये महिलाएं आज अपने गांवों की सुरक्षा का मजबूत और भरोसेमंद स्तंभ बन चुकी हैं। सीमावर्ती और दुर्गम इलाकों में इनका योगदान सुरक्षा तंत्र को नई मजबूती दे रहा है।

**» कई जिलों में महिलाएं विलेज डिफेंस गार्ड बनीं**

**» गांवों को सुरक्षित रखने का दिया गया है प्रशिक्षण**


महिलाओं को प्रशिक्षित करती भारतीय सेना

### साहस का जीवंत उदाहरण

*महिला विलेज डिफेंस गाड्र्स केवल सुरक्षा का प्रतीक ही नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की भी मिसाल बन चुकी हैं। हथियार उठाकर गांवों की रक्षा करने वाली ये महिलाएं आत्मनिर्भरता, साहस और राष्ट्रभक्ति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। उनके इस योगदान से आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा मिल रही है।*

### आपात स्थितियों से निपटने में सक्षम

*इन गांवों को सुरक्षित रखने के लिए महिला वीडीजी सदस्यों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें हथियार संचालन, गश्त, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और आपात स्थितियों से निपटने की रणनीतियां सिखाई जाती हैं। सुरक्षा बलों के मार्गदर्शन में ये महिलाएं न केवल चौकसी बरतती हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर तुरंत प्रतिक्रिया देने में भी सक्षम हैं। महिला वीडीजी सदस्य देश की सुरक्षा को लेकर उतनी ही सजग और प्रतिबद्ध हैं जितने उनके पुरुष साथी। अधिकारियों के अनुसार, आतंकवाद से लड़ने की रणनीति और तरीके सिखाए जाने के बाद इन महिलाओं ने खुद को पूरी तरह सक्षम साबित किया है। उनकी सतर्कता और साहस ने कई बार आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम किया है।*

### पुरुषों के पलायन से बढ़ी जिम्मेदारी

कठोर सर्दियों और सीमित रोजगार के कारण इन जिलों के कई पुरुष सदस्य रोज़गार की तलाश में उत्तराखंड, दिल्ली और मुंबई जैसे राज्यों की ओर पलायन कर जाते हैं। ऐसे में कई गांवों में बुजुर्गों के अलावा कोई पुरुष सदस्य नहीं बचता, जिससे ये इलाके आतंकवादी गतिविधियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं।

### आतंकियों के लिए बढ़ती चुनौती

इन बहादुर महिलाओं की सक्रियता से आतंकियों के लिए इन क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित करना कठिन होता जा रहा है। मजबूत निगरानी और त्वरित सूचना तंत्र के कारण सुरक्षा बलों को भी समय रहते कार्रवाई में मदद मिलती है। अब तक महिला वीडीजी से मिले परिणामों को बेहद सकारात्मक माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नशे में धुत होने से डूबे जुबिन: सिंगापुर पुलिस

**सिंगापुर।** सिंगापुर की पुलिस ने एक अदालत को बताया कि असमिया गायक जुबिन गर्ग ने लाइफ जैकेट पहनने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने बताया कि जुबिन अत्यधिक नशे में थे और इसी वजह से लाजरस द्वीप के पास डूब गए थे। मुख्य जांच अधिकारी ने बताया कि जुबिन ने पहले लाइफ जैकेट पहनी थी, लेकिन बाद में उसे उतार दिया और फिर दूसरी लाइफ जैकेट पहनने से भी इनकार कर दिया। वे बहुत ज्यादा नशे में थे और कई गवाहों ने उन्हें नौका की ओर वापस जाते हुए बिना लाइफ जैकेट के तैरने की कोशिश करते देखा, तभी बेहोश हो गए और वे पानी में डूब गए।



### 20 साल की राजकुमारी स्पेन पर करेंगी राज

**मैड्रिड।** स्पेन में 150 वर्षों में पहली बार वहां एक महारानी का राज होगा। स्पेन के राजा किंग फेलिप छठे और रानी लेटीजिया की 20 साल की बेटी राजकुमारी लियोनोर स्पेन की पहली रानी बनेंगी। लियोनोर ने वेल्स के अटलांटिक कॉलेज से उच्च शिक्षा हासिल की है। साथ ही वे स्पेन की सेना, नौसेना और वायुसेना में भी ट्रेनिंग पूरी कर चुकी हैं, जो स्पेन के राजघराने के सदस्यों को करनी अनिवार्य होती है। राजकुमारी लियोनोर स्पेनिश और फ्रेंच समेत इंग्लिश, मंदारिन, अरबी आदि भाषाएं बोल सकती हैं। साथ ही वे एक प्रशिक्षित पायलट हैं।



## ईरान में उग्र प्रदर्शनकारियों पर नकेल कसेगी सरकार

# अदालत में त्वरित सुनवाई और 'फांसी' के दिए संकेत

एजेंसी ⏭ तेहरान

ईरान में जारी व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच वहां की न्यायपालिका ने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तेज सुनवाई और फांसी के संकेत दिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। ईरान के मुख्य न्यायाधीश घोलामहुसैन मोहसेनी-एजेई ने बुधवार को सरकारी टीवी पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि यदि कोई कार्रवाई करनी है तो उसे तुरंत और तेजी से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा अगर किसी काम को दो-तीन महीने बाद किया जाए, तो उसका असर नहीं रहता। अगर कुछ करना है, तो तुरंत करना होगा। ईरानी सरकार ने पहले प्रदर्शनकारियों को मौत की सजा देने की घोषणा की थी। अब इस घोषणा के बाद पहली बार किसी प्रदर्शनकारी को सजा-ए-मौत दी जाने जा रही है।

सरकार ने 26 वर्षीय इरफान सुल्तानी को फांसी पर लटकाने का फैसला किया है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, इरफान को कभी भी फांसी दी जा सकती है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'मदद आ रही है' और उन्होंने ईरान में रह रहे अमेरिकियों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी है।


ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान ने प्रदर्शनकारियों को फांसी दी, तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा। हालांकि ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि यह कार्रवाई किस तरह की होगी। ट्रंप ने कहा अगर उन्हें फांसी दी गई, तो आप कुछ ऐसा देखेंगे, जो अब तक नहीं देखा गया।


ईरान में प्रदर्शन करते लोग

### धमकी के बावजूद ट्रंप नहीं करेंगे हमला

## विशेषज्ञों ने बताए 5 कारण

*डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बावजूद अमेरिका ईरान पर सैन्य कार्रवाई से क्यों बचेगा, विशेषज्ञों ने इसके 5 प्रमुख कारण बताए हैं।*



- *अमेरिकी सेना की मिडिल ईस्ट में कोई बड़ी तैनाती नहीं। खाड़ी देश सहयोग अपने बेस इस्तेमाल करवाने को लेकर उत्साहित नहीं हैं।*
- *अमेरिकी हमले से ईरान की मौजूदा सरकार को ही फायदा पहुंचा सकते हैं। ईरानी नेतृत्व विदेशी साजिश बताकर दबा सकता है।*
- *मिडिल ईस्ट इलाके में अमेरिकी सैन्य संसाधनों की स्थिति कमजोर है। अमेरिका का कोई एयरक्राफ्ट कैरियर मिडिल ईस्ट में तैनात नहीं है।*
- *अमेरिका घनी आबादी वाले इलाकों में हमला करने से बचेगा जिससे भारी जान-माल के नुकसान का कारण बनने से उसकी फजीहत हो सकती है।*
- *ईरान पहले ही चेतावनी दे चुका है कि अगर उस पर हमला हुआ तो वह अमेरिकी ठिकानों और जहाजों को निशाना बनाएगा, चाहे वे कहीं भी हों। ईरान के पास करीब 2000 भारी बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। अगर इन्हें बड़ी संख्या में दागा गया, तो ये अमेरिका और इजराइल की एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकती हैं।*

### ईरान में 2571 लोगों की मौत

*अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने बदावा कि ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 2,571 हो गई है। मरने वालों में 2,403 लोग प्रदर्शनकारी थे, जबकि 147 लोग सरकार से जुड़े बताए गए हैं। इसके अलावा, 12 बच्चों की मौत की पुष्टि की गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अब तक 18,100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह आंकड़ा हाल के वर्षों में ईरान में हुए किसी भी आंदोलन की तुलना में कहीं अधिक है।*

### कतर ने शांति की अपील की

ईरान में जारी अशांति और विरोध प्रदर्शनों के बीच मध्य पूर्व में तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच कतर ने हालात को शांत करने की कोशिशों का समर्थन किया है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने ईरान के सुरक्षा अधिकारियों से फोन पर बातचीत के बाद कहा कि दोहा तनाव कम करने और शांतिपूर्ण समाधान की सभी कोशिशों के साथ खड़ा है।

### ट्रंप और नेतन्याहू हत्यारे: लारीजानी

ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव और पूर्व संसद अध्यक्ष अली लारीजानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी किया। उन्होंने ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर सीधा आरोप लगाया। लारीजानी ने लिखा हम ईरान के लोगों के मुख्य हत्यारों के नाम बताते हैं। 1- ट्रंप। 2- नेतन्याहू।'

### संघर्ष जारी रखें: पहलवी



*निर्वासित युवराज रेजा पहलवी ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में लिखा मेरे देशवासियों, दुनिया अब आपकी आवाज और हिम्मत को सुन ही नहीं रही बल्कि इसका जवाब भी दे रही है। संघर्ष जारी रखें, जो आपने अभी तक किया है।*


### सभी अमेरिकी ठिकाने वैध लक्ष्य: बाकर



ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर घालीबाफ ने चेतावनी दी है कि हमले की स्थिति में इजराइल और क्षेत्र में सभी अमेरिकी ठिकाने और संपत्तियां वैध लक्ष्य होंगे। ईरान इन्हें विदेशी समर्थित खतरे के रूप में पेश कर और कठोर दमन को वैध ठहरा सकता है।

## द्विपक्षीय संबंधों को करेंगे मजबूत

# विदेश सचिव और चीन की उप मंत्री के बीच अहम भेंट


सुन हाईयान और विक्रम मिसरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के अंतरराष्ट्रीय विभाग (आईडीसीपीसी) की उप मंत्री सुन हाईयान से मुलाकात की। सुन हाईयान 12 से 14 जनवरी तक भारत के दौरे पर हैं। बैठक के दौरान भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने और उन्हें दोबारा मजबूत करने में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। बातचीत में व्यापार, व्यवसाय और जन-केंद्रित संपर्कों को प्राथमिकता देते हुए नए साल में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर चीनी पक्ष ने भारत को इस वर्ष ब्रिक्स (ब्रिक्स) की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

### चीन को भारतीय निर्यात में वृद्धि

*चीनी सीमा शुल्क ने बुधवार को बीजिंग में जारी वार्षिक व्यापार आंकड़ों में बताया कि चीन को होने वाले भारतीय निर्यात में 2025 के दौरान सालाना आधार पर 5.5 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि इस अवधि में व्यापार घाटा 116.12 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक 2025 में द्विपक्षीय व्यापार भी 155.62 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। चीन को होने वाला भारतीय निर्यात पिछले साल जनवरी से दिसंबर के बीच बढ़कर 19.75 अरब डॉलर हो गया। यह 9.7 प्रतिशत की वृद्धि है, जो राशि के मामले में 5.5 अरब डॉलर बैठती है। वहीं दूसरी ओर, भारत को होने वाला चीनी निर्यात पिछले वर्ष 12.8 प्रतिशत बढ़कर 135.87 अरब डॉलर हो गया। दोनों देशों के बीच व्यापार में तेजी आ रही है और कुल द्विपक्षीय व्यापार 2025 में 155.62 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।*

### आपसी आदान-प्रदान बढ़ाएंगे

सुन हाईयान ने अपने भारत दौरे के अनुभव साझा किए, जिनमें भारतीय मीडिया, थिंक टैंक और राजनीतिक दलों के साथ हुई उनकी बातचीत शामिल रही। उन्होंने विदेश सचिव को बताया कि चीनी पक्ष विदेश मंत्रालय और आईडीसीपीसी के बीच चल रहे कार्यक्रम के तहत आपसी आदान-प्रदान को और बढ़ाने का इच्छुक है। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने अपने शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को लागू करने और भारत-चीन संबंधों को सामान्यीकरण (नॉर्मलाइजेशन) की राह पर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर बोले रक्षा मंत्री

# सैनिक देश के मजबूत स्तंभ, उनकी देखभाल करना हमारा नैतिक कर्तव्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'ऑपरेशन पवन' में भारतीय सेनाओं ने अद्भुत साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। कई सैनिकों ने कर्तव्य पथ पर चलते हुए वीरगति प्राप्त की। उनका साहस और बलिदान हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। बुधवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 1987 से 1990 के बीच श्रीलंका में शांति, स्थिरता और क्षेत्रीय सद्भाव बनाए रखने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन पवन' में भारतीय सेना के कई वीर जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया।

### सैनिक कभी रिटायर नहीं होता

*राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी सैनिक के लिए रिटायरमेंट केवल एक शब्द है। सैनिक कभी रिटायर नहीं होता। वर्दी का रंग, कार्यस्थल या आसपास के लोग बदल सकते हैं, लेकिन दिल में देशभक्ति और सेवा की भावना हमेशा जीवित रहती है।*


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### शांति सैनिकों के योगदान को मिल रही पहचान

राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'ऑपरेशन पवन' में भाग लेने वाले शांति सैनिकों के योगदान को खुले मन से स्वीकार कर रही है और हर स्तर पर उसे मान्यता देने की प्रक्रिया चल रही है। 2015 में श्रीलंका यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने इंडियन पीस कीपिंग फोर्स मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी। नेशनल वॉर मेमोरियल में भी इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के योगदान को पहचान दी है।

## राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा फैसला

# अमेरिका ने 75 देशों के लिए रोका वीजा, 21 जनवरी से शुरू होगी रोक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने बड़ा फैसला लेते हुए 75 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। अमेरिकी स्टेट विभाग ने 75 देशों के लिए सभी वीजा प्रोसेस को रोक दिया है। इस सूची में रूस, अफगानिस्तान और ईरान सहित बहुत सारे देशों का नाम है। इस कदम से पीछे अमेरिका का उन आवेदकों को रोकना है, जो देश पर सार्वजनिक लाभों पर बोझ बन सकते हैं। स्टेट विभाग के एक ज्ञापन में कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे मौजूदा कानून के तहत वीजा देने से इनकार कर दें, जबकि विभाग स्क्रीनिंग और जांच प्रक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है। सूची में सोमालिया, रूस, अफगानिस्तान, ब्राजील, ईरान, इराक, मिस्र, नाइजीरिया, थाईलैंड, यमन और अन्य देश शामिल हैं। अब इन देश के नागरिकों को अमेरिका का वीजा नहीं दिया जाएगा। यह रोक 21 जनवरी से शुरू होगी और विभाग की ओर से वीजा प्रोसेसिंग के पुनर्मूल्यांकन किए जाने तक अनिश्चित काल तक जारी रहेगी।


अमेरिका का झंडा

## थाईलैंड में ट्रेन पर गिरी क्रेन, 22 की मौत



**बैंकॉक।** थाईलैंड में बुधवार को एक भीषण रेल हादसा हुआ, जब बैंकॉक से देश के उत्तर-पूर्वी इलाके की ओर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन पर कंस्ट्रक्शन क्रेन गिर गई। इस हादसे में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि 55 से अधिक यात्री घायल हो गए। थाई पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 9 :05 बजे नाखोन रत्चासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हुई। हादसे का स्थान थाई राजधानी बैंकॉक से लगभग 230 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है।

## कनाडा में भारत के उच्चायुक्त दिनेश पटनायक का बड़ा बयान

### भारत विरोधी चरमपंथ को बढ़ावा मिला है

# बीते 40 वर्षों में आतंकवाद को खत्म करने में विफल रहा कनाडा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने अपने एक महत्वपूर्ण बयान में कनाडा को आईना दिखाते हुए कहा है कि वह बीते 40 वर्षों से अपनी जमीन पर चल रहे खालिस्तानी आतंकवाद को समाप्त करने में विफल रहा है। जिससे भारत विरोधी चरमपंथ को बढ़ावा मिला है। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह की हत्या के मामले में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में पटनायक ने दो टूक अंदाज में यह भी कहा कि इस मामले को लेकर कनाडा अपने दावे के संबंध में भारत को कोई ठोस प्रमाण नहीं दे पाया है। जबकि उसकी तरफ से दोहरे मापदंड अपनाए गए हैं।


राजदूत दिनेश पटनायक

### कनाडा आतंकियों के सबूत मांग रहा

राजदूत दिनेश पटनायक ने कहा कि जब भी भारत ने कनाडा में मौजूद सक्रिय आतंकवादियों के संबंध में ओटावा की सरकार से जानकारी साझा की है। तो हर बार उनकी तरफ से सबूतों की कमी का रोना रोया जाता है। लेकिन वहीं, इसके उलट जब कनाडा भारत पर आरोप लगाता है तो उसकी सोच यह रहती है कि इन्हें बिना किसी सबूत के ही सच मान लिया जाए। यह कैसे संभव है? मानक सभी के लिए एक समान होने चाहिए।

**आतंकी घटनाओं से परेशानी** › उन्होंने कहा भारत की समस्या अलगाववादियों द्वारा किए जाने वाले जनमत संग्रह से नहीं है। बल्कि उन लोगों से है जो भारत में अपराधी हैं या विदेश में आतंकवादी गतिविधियां चला रहे हैं।

### सिर्फ कोरे आरोप

आतंकी निज्जर की हत्या के संबंध में कनाडा की खुफिया एजेंसियों और पुलिस के पास सबूत होने की बात को भारत के उच्चायुक्त ने सिरे से खारिज करते हुए जवाब में पूछा, अगर सबूत हैं तो कहां हैं? यह सिर्फ ऐसे आरोप हैं, जिनका कोई साक्ष्य या प्रमाण नहीं है। ऐसे में इन्हें महज आरोप के अलावा और कुछ नहीं माना जा सकता है। स्वयं कनाडा सरकार से जुड़े उच्च अधिकारी भी इस प्रकरण में भारत की संलिप्तता से इंकार कर चुके हैं।

### एयर इंडिया बम धमाके में आज तक किसी को सजा नहीं

*पटनायक ने वर्ष 1985 में हुए एयर इंडिया बम धमाके का उल्लेख करते हुए पूछा कि इस घटना को भी 40 साल से अधिक समय हो चुका है। लेकिन आज तक किसी को भी सजा नहीं हुई है। हमले में कुल 329 लोग मारे गए थे। जबकि कनाडा की सरकार मामले में आज तक कुछ भी पता नहीं लगा पाई है। कनाडा ही है, जहां पर आतंकवाद को लेकर 40 वर्षों से बात हो रहे हैं। लेकिन आज तक किसी को सजा नहीं दी गई है। पटनायक ने साफ किया कि भारत की सरकार के सामने अगर तथ्यों के हिसाब से कोई दोषी पाया जाता है। तो वह उसके खिलाफ हर हाल में कार्रवाई करेगी। इसके लिए कनाडा की कार्रवाई का इंतजार नहीं किया जाएगा।*

## एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप में सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी बोले

# मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण देश के युवा करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस कैंप-2026 का दौरा किया। कोर के युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये युवा ही हैं, जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे। देश की सबसे शक्तिशाली आबादी का प्रतिनिधित्व भी ये युवा ही करते हैं। जो अनुशासन, उद्देश्य और संकल्प के जरिए राष्ट्रीय परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण दिया और कहा कि यह भारत की मजबूती का सबूत है, जिसमें 75 हजार से ज्यादा एनसीसी कैडेटों ने पूरे देश में नागरिक रक्षा, हॉस्पिटल प्रबंधन, राहत सामग्री बांटने और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में स्वयंसेवक की भूमिका निभाई है। सेना प्रमुख ने आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए युवा कैडेटों के प्रशिक्षण में शामिल किए गए ड्रोन प्रशिक्षण की शुरुआत, पुनीत सागर अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक पेड़ मां के नाम, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, स्वच्छ भारत अभियान और युवा आपदा मित्र योजना के जरिए 28 राज्यों के 315 जिलों में 94 हजार 400 कैडेटों को आपदा तैयारी को लेकर प्रशिक्षण जैसे नए प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने बताया कि 35 हजार से अधिक कैडेटों ने देश में सैन्य इकाइयों और सैनिक अस्पतालों के साथ ट्रेनिंग भी की है।


सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी



कलियासोत पर पतंग से खेलती मासूम बच्ची।



कलियासोत डैम पर संक्रांति के अवसर पर पतंग का आनंद लेतीं युवतियां।



पतंग उड़ाती युवती।



पतंग उड़ाती युवती।

### नदियों में स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य देकर देव दर्शन कर मनाई संक्रांति, गरीबों को किया दान पुण्य

# 10 हजार से ज्यादा लोगों ने उड़ाई पतंगें, तिल-गुड़ के लड्डू व खिचड़ी ने बढ़ाई संक्रांति की मिठास

**भोजपाल पतंग महोत्सव जंबूरी मैदान पर मकर संक्रांति पर पतंगों से सजा आसमान**

**'भोजपाल पतंग महोत्सव' का किया गया आयोजन**

**दो क्विंटल तिल- गुड़ का लड्डू, 10 हजार के लिए खिचड़ी, दो हजार पतंगें वितरित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*राजधानी में बुधवार को मकर संक्रांति पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर मंदिरों में जाकर देव दर्शन किए और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद तिल-गुड, खिचड़ी आदि का भोग लगाकर जरूरतमंदों को लड्डू, खिचड़ी और कंबल आदि का दान कर पुण्य अर्जित किया। शहर के प्रमुख मंदिरों में जैसे भोजपुर, गुफा मंदिर, नेवरी मंदिर, बिड़ला मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखी गई। इस बीच शहर के कई स्थानों पर पतंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।*

#### पतंग उत्सव में दिखा बच्चों का उत्साह

कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों द्वारा पतंग निर्माण एवं पतंग उड़ाने की गतिविधियां उत्साहपूर्वक हुई। इन गतिविधियों से बच्चों में सृजनात्मकता, सहभागिता एवं आत्मविश्वास का विकास देखने को मिला। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पर्व का आनंद लिया।



भोजपाल पतंग महोत्सव में बच्चों को पतंग बांटते सांसद शर्मा।

शहर की समृद्ध परंपराओं को जीवंत करते हुए भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा पहली बार मकर संक्रांति पर 'भोजपाल पतंग महोत्सव' का आयोजन किया गया। राजधानी के जम्बूरी मैदान (भेल) में बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में 10 हजार से ज्यादा लोग परिवार और बच्चों के साथ पतंग उड़ाने पहुंचे। महोत्सव में आने वाले लोगों को समिति की ओर से 2,000 पतंगें और माझा निःशुल्क वितरित किया गया। महाप्रसादी के तौर पर लोगों को तिल-गुड़ के लड्डू और खिचड़ी बांटी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा, विशिष्ठ अतिथि भोपाल भाजपा जिला अध्यक्ष रवींद्र यति, अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, राजेंद्र सिंह यादव, पार्षद बी शक्ति राव, संजय शिवनानी, रामनारायण गिरी, राजेश्वर सिंह, आनंद पाठक सहित अन्य लोगों ने पूजा- अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर वहां मौजूद लोगों को पतंग और माझे का वितरण किया।



आसमान में उड़ती रंग-बिरंगी पतंगें।

#### दो क्विंटल लड्डू, 10 हजार के लिए खिचड़ी

त्योहार की मिठास और खुशी बांटने के लिए समिति ने विशेष इंतजाम किए थे। पतंग महोत्व में शामिल होने वाले लोगों को महाप्रसादी वितरित की गई। समिति द्वारा दो क्विंटल तिल गुड़ का लड्डू और 10 हजार लोगों के लिए खिचड़ी बनवाकर वितरित की गई।

## समेकित क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित पतंग महोत्सव में हुए शामिल विश्वास सारंग

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग मकर संक्रांति के अवसर पर समेकित क्षेत्रीय केंद्र में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित पतंग उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों से संवाद कर पर्व की शुभकामनाएं दी। सारंग ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व सामाजिक समरसता, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक हैं, और ऐसे आयोजनों से दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान को नई शक्ति मिलती है। दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके सशक्तिकरण, पुनर्वास एवं आत्मनिर्भरता के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सारंग द्वारा तीन बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल एवं दो टीचिंग लर्निंग मटेरियल किट सहित अन्य सहायक उपकरणों का दिव्यांगजनों को वितरण किया गया।





समेकित क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित पतंग महोत्सव।

### संक्रांति पर आयोजित पत्रकार पतंग उत्सव में शामिल हुईं महापौर

## पतंग उड़ाकर पत्रकारों ने दिया सौहार्द्र और संस्कृति का संदेश

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सनातन प्रेस क्लब और प्रेस मीडिया कर्मियों के संयुक्त तत्वावधान में कोलार के एलएनसीटी परिसर में मकर संक्रांति पत्रकार पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। पतंग उत्सव में पत्रकारों, कैमरामैन एवं फोटोग्राफरों ने पतंग उड़ाकर आपसी सौहार्द्र, संवाद और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं का संदेश दिया। सनातन प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि पतंग उत्सव का उद्देश्य मीडिया साथियों के बीच मेल-जोल, मनोरंजन और पारंपरिक पर्वों के महत्व को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महापौर मालती राय ने मकर संक्रांति को सामाजिक समरसता और नई ऊर्जा का पर्व बताया। इस अवसर पर कथावाचक धर्मपथिक शैलेंद्र कृष्ण महाराज एवं आचार्य शशांक शेखर महाराज ने मकर संक्रांति के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।



प्रेस मीडियाकर्मियों ने मनाई संक्रांति।

## सपा ने जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिए कंबल-शॉल वितरित किए



सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई संक्रांति।

**भोपाल।** मकर संक्रांति के अवसर पर समाजवादी पार्टी द्वारा राजधानी के द्वारिका नगर में सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष भोपाल राजेश सिंह महरोलिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रदेश अध्यक्ष अनुशासन समिति रतनलाल बाथम विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जरूरतमंद बुजुर्गों को ठंड से बचाव हेतु कंबल-साल वितरित किए गए।

## दादाजी धाम में रुद्राभिषेक पूजन व हवन

रायसेन रोड स्थित जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर, पटेल नगर, मकर संक्रांति का पर्व विधि-विधान से रुद्राभिषेक के साथ हुआ। संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया गया, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर हो उठा। इको-फ्रेंडली विशाल भंडारे में लगभग 3 से 4 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। निःशुल्क पैथोलॉजी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 से 60 मरीजों की शुगर, हीमोग्लोबिन, थायराइड, विटामिन-डी, कोलेस्ट्रॉल, अर्थराइटिस आदि की जांच थायरोकेयर एवं माइक्रोकेयर द्वारा निःशुल्क की गई।



दादाजी धाम में मौजूद श्रद्धालु।

## पंचायत सीईओ ने सूर्य को अर्घ्य देकर काइट फेस्टिवल का किया शुभारंभ, उड़ाई पतंग



काइट फेस्टिवल का दृश्य।

*राजधानी के शिवाजी नगर स्थित एक्सीलेंस स्कूल में हुआ काइट फेस्टिवल का आयोजन*

**भोपाल।** जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग एवं जिला पुरातत्त्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति के पर्व पर काइट फेस्टिवल का आयोजन किया गया। फेस्टिवल का आयोजन शिवाजी नगर स्थित सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ, जिला पंचायत इला तिवारी ने सूर्य को अर्घ्य देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ ही महिलाओं को सुहाग सामग्री प्रदान की। काइट फेस्टिवल में मुख्य अतिथियों के साथ स्कूल बच्चों व शामिल लोगों ने पतंगबाजी के आनंद का लुत्फ उठाया। इसके साथ ही फेस्टिवल नन्हे बच्चों ने मलखंभ का भी प्रदर्शन किया। इसके बाद बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर एवं अन्य खेलकूद गतिविधि का आयोजन किया। फेस्टिवल में डॉ. रेखा पाण्डेय, जिला परियोजना प्रबंधक, संदीप कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव डीएटीसीसी, सुधाकर पाराशर, प्राचार्य एक्सीलेंस स्कूल सहित स्कूल के बच्चे एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

**बग्गी, बैलगाड़ी एवं पंजाबी ढोल रही आकर्षण**



काइट फेस्टिवल का दृश्य।

फेस्टिवल में बच्चों ने बग्गी एवं बैलगाड़ी में घूमने का आनंद लिया। साथ ही पंजाबी ढोल की धुन पर बच्चों के साथ-साथ अतिथियों ने भी जमकर डांस का आनंद लिया।

### कायस्थ, सकल हिंदू समाज ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग

## स्व. सारंग की प्रतिमा से छेड़छाड़ को लेकर लोग आक्रोशित, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व राज्यसभा सांसद और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की प्रतिमा के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई छेड़छाड़ की घटना को लेकर भोपाल में आक्रोश देखने को मिला। रोशनपुरा चौराहे पर कायस्थ समाज एवं सकल हिंदू समाज के नागरिकों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि अटल पथ स्थित पार्क में स्थापित स्व. कैलाश सारंग की प्रतिमा के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाकर छेड़छाड़ की गई, जो न केवल एक सम्मानित जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य भी है। इस घटना से आमजन में भारी रोष व्याप्त है।





विरोध-प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

प्रदर्शन के दौरान उपस्थित समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों की शीघ्र पहचान की जाए तथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### एम्सः डॉ. गुप्ता को मिला अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था से ट्रैवल ग्रांट



सम्मान प्राप्त करते डॉ. गुप्ता।

**भोपाल।** एम्स भोपाल के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. विशाल गुप्ता को अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था सोसाइटी फॉर सर्जरी ऑफ द एलिमेंटरी ट्रैक्ट से अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल ग्रांट प्रदान किया गया। डॉ गुप्ता को यह सम्मान गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी के क्षेत्र में योगदान और उपलब्धियों के लिए दिया गया है।

## नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों को दी जाए महाकाल पर जल अर्पित करने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर सार्वजनिक तीर्थ स्थल हैं और यह स्थान न्याय का मंदिर होता हैं जहां सभी भक्त समान होते हैं। सनातन धर्म के मंदिरों की व्यवस्था में भेदभाव नहीं होना चाहिए लेकिन हिन्दू सनातन धर्म के मंदिर भेदभाव पूर्ण व्यवस्था से ग्रसित होने के कारण आए दिन मंदिरों की छवि देश-विदेश में खराब हो रही है। इस छवि को सुधारने के लिए मंदिर प्रबंध समितियों को पहल करना चाहिए। जैसे तिरुपति बालाजी, सोमनाथ में दर्शन व्यवस्था में वीआईपीयों का गर्भगृह में प्रवेश निषेध होता है, शिरडी के साईं बाबा एवं शेगांव के गजानन मंदिर में अधिक भीड़ होने पर भी चरण पादुका स्पर्श करने की व्यवस्था वहां की समितियों द्वारा दी जाती हैं। ऐसी महाकाल मंदिर में भी व्यवस्था होना चाहिए क्योंकि महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था में केवल साधु संतों को गर्भगृह में जाकर जल चढ़ाने की सुविधा देना व देश एवं नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों को अनुमति न देकर अपमान करना अनुचित हैं।

इस व्यवस्था पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं जिलाधीश से महाकाल सेना प्रदेश संगठन प्रमुख किशन पांडेय ने मांग की है कि देश और नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारी शासन द्वारा अधिकृत एवं मान्यता प्राप्त पुजारी होते है।

**कार्यालय आधुनिक कृषि ग्रामीण कल्याण संस्थान**

विज्ञापन संख्या 634802/2026

प्रत्येक जिले की प्रत्येक ग्राम सभा मे 2 कृषि सहायक, 1 कृषि कार्यकर्ता व प्रत्येक न्याय पंचायत मे 1 कृषि अधिकारी, प्रत्येक विकास खण्ड मे 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं एक क्लर्क के पदो पर भर्ती-

| क्रम सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | पदों की सख्या | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कृषि ग्राम विकास अधिकारी | स्नातक पास | प्रत्येक न्याय पंचायत में एक | 29,500/ |
| 2 | कृषि ग्राम विकास कार्यकर्ता | 12वीं पास | प्रत्येक ग्राम सभा में एक | 25,500/ |
| 3 | कृषि ग्राम विकास सहायक | 10वीं पास | प्रत्येक ग्राम सभा में दो | 24,500/ |
| 4 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 12वीं + डिप्लोमा | प्रत्येक विकास खण्ड में एक | 27,500/ |
| 5 | क्लर्क | 12वीं + डिप्लोमा | प्रत्येक विकास खण्ड में एक | 26,500/ |

1. आवेदन फार्म केवल Online ही भरा जायेगा। 2. आवेदन फार्म भरने के लिए कार्यालय की वेबसाइट akgks.org पर लॉग इन करें। 3. आयु सीमा 18 वर्ष से 42 वर्ष 4. सभी जातियो महीला / पुरूषों के लिए 5.आरक्षण नियम अनुसार दिया जायेगा। 6. अन्तिम तिथि 13/02/2026 हेल्पलाइन नंबर +919643046834

# इस रविवार होगी पोएट्स वॉक की डायमंड जुबली, 75वीं पोएट्स वॉक के लिए कवि लिख रहे नई गजल-कविताएं

## 2021 में शुरू हुई पोएट्स वॉक बनी शहरवासियों की पसंद, जिसने बनाया रविवार को कविता वाला दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



छतनारा आर्ट होम द्वारा आयोजित पोएट्स वॉक चलते-चलते अपने 75वें मुकाम पर आ पहुंची है। यह छतनारा की एक नियमित गतिविधि है, जिसमें रविवार सुबह, शहर के कवि और कविता प्रेमी, प्राकृतिक जगहों पर मिलते हैं और कविताएं सुनते-सुनाते हैं। कई लोग सिर्फ श्रोता के तौर पर भी शामिल होते आए हैं। पांच साल पहले, 2021 में, शुरू हुई पोएट्स वॉक अब शहर के कवियों के बीच जाना-पहचाना नाम है। इसकी शुरुआत छतनारा समूह की निदेशिका, मोहिनी शर्मा ने की थी, जिससे कविता को एकदम ऑर्गेनिक तरीके से सुना-समझा जा सके। इस मुहिम में मुख्यधारा साहित्य के कवि भी जुड़े हुए हैं। ख्यात अभिनेता, आशीष विद्यार्थी व अन्य महत्वपूर्ण साहित्यकार भी इसमें शिरकत कर चुके हैं। मोहिनी ने बताया कि भोपाल और दूसरे शहरों के सैकड़ों कवि बीते वर्षों में अपनी रचनाएं इसके अंतर्गत सुना चुके हैं। हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू की स्वरचित रचनाओं के अलावा इसमें क्षेत्रीय भाषाओं व विदेशी कवियों के अनुवाद भी सुनाए जाते हैं।



### सुंदर जगह को चुनकर वहां जमा लेते हैं महफिल

छतनारा समूह के निशांत ने बताया कि आने वाले रविवार सुबह, 18 जनवरी को, छतनारा की पोएट वॉक का 75वां आयोजन होने जा रहा है। पोएट्स वॉक की खासियत यह है कि इसमें कोई औपचारिकता नहीं होती है। सभी लोग मिलकर चलना शुरू करते हैं और किसी भी सुंदर जगह को चुन वहां बैठ जाते हैं। सुबह की शांति, पेड़ों की हरियाली और पानी की कलकल के साथ जब सभी कविता सुनते सुनाते हैं तो सुकून मिलता है।

### युवा ही नहीं, बच्चे और सीनियर सिटीजन भी सुनाते हैं कविता

छतनारा की फाउंडर मोहिनी शर्मा ने बताया कि हमारे समूह में सबसे युवा कवि में 4 वर्ष की बच्ची हैं। 86 वर्ष के एक रिटायर प्रिंसिपल भी हमारे साथ जुड़े हैं। कुछ मनोचिकित्सिक भी अवसाद से उबरने के लिए व्यक्तियों को हमारे साथ जुड़ने की सलाह देते रहे हैं। 56 वर्षीय सुहास मिश्रा ने बताया कि वे पिछले साल पोएट्स वॉक से जुड़े थे और यही उन्होंने अपनी कविताओं की पहली सार्वजनिक प्रस्तुति दी थी।



प्राकृतिक स्थल पर किया जाता है छतनारा का आयोजन।

### भोपाल के विभिन्न प्राकृतिक स्थलों से भी रूबरू कराती है पोएट्स वॉक

पिछले पांच वर्षों में पोएट्स वॉक के माध्यम से शहर के कवि और कविता प्रेमी विभिन्न प्राकृतिक स्थलों पर बैठ कर कविता पाठ करते हैं। वन विहार, स्वर्ण जयंती पार्क, भदभदा डैम, प्रतिभा वीथी, तितली पार्क आदि में यह कार्यक्रम श्रृंखला आयोजित की जा चुकी है। भोपाल के अलावा पोएट्स वॉक श्रृंखला ग्वालियर में भी नियमित आयोजित की जा रही है।

---

## मानव संग्रहालय में 'पतंग उत्सव- पतंग के रंग मानव संग्रहालय के संग' आयोजित

# किसी के शौक ने किसी की लगन ने बनाया विनर महिला में रितु तो प्रोफेशनल में जम्बो आए फर्स्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आकाश में लहराती रंग-बिरंगी, आकर्षक एवं कलात्मक पतंगों के साथ जब मंच पर गुजरात कच्छ के रबारी समुदाय का पारंपरिक लोकगान एवं नृत्य रतन हल्कारो जाऊं मारवाड़ देश... की प्रस्तुति हुई तो इस प्रस्तुति ने दर्शकों को गुजरात की मरुस्थलीय लोक-संस्कृति से रुबरु कराया तो वहीं राजस्थानी लोकनृत्य घूमर की प्रस्तुति भी खास रही, लोकप्रिय लोकगीतों की इसी कड़ी में बीर सिंह ब्याह नचावेगा..., रील दे रे दे दे रे भैया... एवं आबे हिचकी... जैसे गीतों पर श्रोताओं ने भरपूर तालियां बजाईं और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। लोकगीत, संगीत और लोक नृत्यों के साथ पतंग बाजी से सजा यह नजारा देखने को मिला बुधवार को मानव संग्रहालय के मंडपम परिसर में, हाथ में मांझा लिए युवाओं ने जब आसमान में पतंग उड़ाई तो मानव संग्रहालय का नजारा ही अलहदा लगा। मौका था मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 'पतंग उत्सव- पतंग के रंग मानव संग्रहालय के संग' कार्यक्रम का। इसमें मकर संक्रांति पर लोगों ने पतंग उड़ाकर आनंद लिया।

### प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे

प्रोफेशनल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जम्बो सिंगड़, द्वितीय पुरस्कार अरशद एवं तृतीय पुरस्कार हुजैफ को प्राप्त हुए। युवा (ओपन) श्रेणी में प्रथम पुरस्कार भूरा मुफीद, द्वितीय पुरस्कार दाऊद खान एवं तृतीय पुरस्कार समीद खान को प्राप्त हुए। महिला प्रतिभागी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार डॉ. रितु गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार चंद्रकांता कुमावत, तृतीय पुरस्कार निशा खान एवं सांत्वना पुरस्कार हया एवं अलिंग को दिया गया।



आयोजन में पतंग उड़ाती युवती।

### रबारी समाज के इतिहास के साथ दूलदूल घोड़ी की प्रस्तुति रही खास

कार्यक्रम में गुजराती रबारी समुदाय के लोक नृत्य रतन हल्कारो जाऊं मारवाड़ देश.. में कच्छ के रबारी समाज के इतिहास, जीवन-दर्शन, प्रवासन, प्रेम और विरह की सामूहिक स्मृतियों का सजीव दस्तावेज नजर आया तो वहीं दूलदूल घोड़ी नृत्य और पतंग गीत ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी। वहीं कार्यक्रम में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र पतंग उत्सव था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। पतंग उत्सव के अंतर्गत प्रोफेशनल, ओपन/युवा एवं महिला प्रतिभागी—तीन श्रेणियों में पतंग प्रतियोगिताओं का आयोजित हुईं।

### *तीन के अलग-अलग कैटेगरी में प्रथम स्थान पर आए प्रतिभागी*



### चार पतंगें काटकर बने विनर

**नाम- भूरा मुफीद, केटेगरी-युवा (ओपन) श्रेणी स्थान- प्रथम**

युवा कैटिगरी में प्रथम स्थान पर आने वाले भूरा मुफीद ने कहा कि मैंने करीब चार पतंगे काटी और विनर बना लेकिन पतंग उड़ाना तो मुझे बचपन से ही पसंद था। और यही मेरा शौक बन गया। इसके साथ ही मैं जय भारत क्लब से भी जुड़ा हूं जहां इस तरह की एक्टिविटी होती रहती है।



### बचपन से पतंग का शौक



**नाम- जम्बो सिंगाड़ केटेगरी- प्रोफेशनल श्रेणी स्थान- प्रथम**

प्रोफेशनल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार पाने वाले जम्बो सिंगाड़ ने कहा कि मैं मुख्य रूप से हम्माली का काम करता हूं, लेकिन बचपन से ही पतंग उड़ाने का शौक था और इसीलिए मुझे लगा मानव संग्रहालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। मैंने अलग-अलग राउंड में करीब चार पतंग काटी और इस प्रकार में विनर बन गया।

### मकर संक्रांति पर्व खास

**नाम- डॉ. रितु गुप्ता, केटेगरी- महिला प्रतिभागी श्रेणी स्थान- प्रथम**

महिला श्रेणी में प्रथम स्थान पाने वाली डॉ. रीता गुप्ता आनंद विहार कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उन्होंने कहा कि मैं जयपुर, राजस्थान से हूं और वहां मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है और इसीलिए बचपन से ही मकर संक्रांति के पर्व पर पतंग उड़ाती थी, यही वजह रही कि मेरे शौक ने आज मुझे विजेता बना दिया।





शीतलदास की बगिया के घाट पर अपनी रचना सुनाता एक युवक।

# मानो शहर कुछ पल के लिए थम गया हो और कहानियां स्वतः बहने लगी हों...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में आयोजित होगा मध्य भारत का सबसे बड़ा स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल 'घाट किनारे कहानियां!'

भोपाल ने हाल ही में 'घाट किनारे कहानियां' के माध्यम से मध्य भारत के सबसे बड़े स्टोरी टेलिंग उत्सव की एक भावनात्मक झलक देखी। शीतलदास की बगिया के शांत घाट पर, झील के किनारे आयोजित स्टोरी टेलिंग सत्र ने शहर के कहानीकारों, कवियों, संगीतकारों, श्रोताओं और जिज्ञासु नागरिकों को एक साथ जोड़ दिया। शाम के इस आयोजन में ऐसा लगा मानो शहर कुछ पल के लिए थम गया हो और कहानियां स्वतः बहने लगी हों। आगामी भोपाल स्टोरी फेस्ट 2026 की प्रस्तावना के रूप में आयोजित इस आयोजन में न कोई मंच था, न कोई तयशुदा पटकथा। प्रतिभागियों को कहानी सुनाने, कविता साझा करने या बस झील के किनारे बैठकर सुनने का खुला आमंत्रण था।

कार्यक्रम की शुरूआत नेहा राय ने भोपाल और चाय के रिश्ते को पिरोती एक आत्मीय कहानी से की। इसके बाद ज्योति पांडे ने रीवा से भोपाल आने की अपनी यात्रा और इस बदलाव से अपने जीवन में आए परिवर्तनों की कहानी साझा की। अभिषेक झावर ने छोटे शहर से बड़े शहर और फिर मेट्रो तक की अपनी यात्रा के अनुभव बताए और बताया कि इन बदलावों ने उन्हें कैसे गढ़ा। सजल ने अपनी कविताओं और गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं, अंजना कपूरिया ने हिंदी कविता का सहारा लेकर परीक्षा उत्तीर्ण करने की प्रेरक कहानी सुनाई।



शीतलदास की बगिया में कलाकर प्रस्तुति देते हुए।

### 16 से 18 जनवरी तक होगा मुख्य स्टोरी फेस्ट

मुख्य भोपाल स्टोरी फेस्ट 2026 का आयोजन 16 से 18 जनवरी के बीच जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। यह दूसरा संस्करण है। फेस्टिवल का उद्‌घाटन 16 जनवरी को होगा जिसमें वरिष्ठ कहानीकार कपिल पांडे अपनी प्रस्तुति गंगा का श्राप के साथ और विजय ककवानी मंच साझा करेंगे।

### 18+ स्टोरी टेलिंग सत्रों में 30+ कहानीकार होंगे शामिल

तीन दिवसीय फेस्टिवल की प्रमुख विशेषताओं में 18+ स्टोरी टेलिंग सत्र, बहुभाषी प्रस्तुतियां, बिजनेस और डेटा स्टोरी टेलिंग पर कार्यशालाएं, कठपुतली प्रस्तुतियां, खगोलीय (एस्ट्रोनॉटिकल) स्टोरी टेलिंग और विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए सत्र शामिल हैं। तीन दिनों में फेस्टिवल के दौरान 50+ स्टोरी टेलिंग सत्र, 30+ कहानीकार, 15+ पुस्तक पाठ और 5 पुस्तक विमोचन होंगे। परिवारों के लिए स्टॉल और इंटरैक्टिव स्पेस भी उपलब्ध रहेंगे।

---

# आंचलिक विज्ञान केंद्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महाकुंभ विज्ञान पर्व का समापन



समापन समारोह में प्रतिनिधियों को उनके योगदान के लिए स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में केन्द्र की 31वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महाकुंभ विज्ञान पर्व के तीसरा व अंतिम दिन प्रदर्शनियों के साथ व्याख्यान व सम्मान समारोह आयोजित किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. संजय गोयल, सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग सहित शैलेन्द्र कुमार, समूह निदेशक, इसरो मास्टर कंट्रोल फैसिलिटी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल की 31 वर्षों की सतत, समर्पित एवं प्रेरणादायक यात्रा की सराहना की। समापन समारोह के दौरान विज्ञान पर्व में सहभागिता करने वाले विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों को उनके योगदान के लिए मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान का भी आयोजन किया गया।

# अराइव अलाइव इंडिया रोड सेफ्टी समिट का आयोजन 17 को

**भोपाल।** भोपाल में सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एराइव एलाइव इंडिया रोड सेफ्टी समिट का आयोजन 17 जनवरी को किया जा रहा है। इस समिट में शहर के लगभग 100 से अधिक संस्थानों के अध्यक्ष, प्राचार्य, निदेशक एवं सामाजिक नेतृत्वकर्ता भाग लेंगे। समिट का प्रमुख उद्देश्य 2026 तक भोपाल में 100% सड़क से जुड़े सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करना है, जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन बीमा, वाहन पंजीकरण तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे प्रमुख पहलुओं पर फोकस किया जाएगा।

- लाइसेंस, बीमा, प्रदूषण पर रहेगा विशेष ध्यान

यह आयोजन अराइव अलाइव इंडिय के तहत, इवेंट ट्री द्वारा योजनाबद्ध रूप से आयोजित किया जा रहा है, समिट के माध्यम से सड़क सुरक्षा को केवल जागरूकता तक सीमित न रखते हुए नेतृत्व आधारित जवाबदेही प्रणाली विकसित की जाएगी। साथ ही इस दौरान रोड सेफ्टी लीडरशिप चार्टर 2026 का विमोचन किया जाएगा।

# भारत की कहानियां दर्शाना चाहते हैं आलोक जैन

⏭ मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

हाल ही में कलर्स चैनल के शो महादेव एंड सन्स के शो लॉन्च इवेंट में जियोस्टार के आलोक जैन ने हरिभूमि और आईएनएच 24x7 से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने शो, जियोस्टार कंपनी और अपने सफर के बारे में भी विस्तार से जानकारी साझा की। महादेव एंड सन्स की कहानी एक आम पिता और उसके बेटों के रिश्ते पर आधारित है।

शो को लेकर उन्होंने कहा कि महादेव एंड सन्स के जरिए यह दिखाने की कोशिश की गई है कि कई बार परिस्थितियां बिगड़ जाती हैं, जिससे परिवार में दूरियां आ जाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात समय के साथ और आपस में बातचीत करके सुलझाए जा सकते हैं। समाज में इस तरह की कई कहानियां देखने को मिलती हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए इस शो को मनोरंजन के साथ एक जरूरी संदेश के रूप में पेश किया गया है। वहीं, जियोस्टार कंपनी के बारे में आलोक जैन ने कहा कि यह भारत का चैनल और ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जहां मुख्य रूप से भारत की कहानियां दिखाने की कोशिश की जाती है। ऐसी कहानियां, जो भारत की सच्चाई को दर्शाती हों, लोगों को प्रेरणा दें और समाज को आगे बढ़ाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए एंटरटेनमेंट बहुत बड़ी भूमिका निभाता है।



### 2026 में कंपनी का विज़न

आलोक जैन ने बताया कि नवंबर 2024 में कंपनी का मर्जर हुआ, जिसमें दो बड़ी कंपनियां एक साथ आईं। मर्जर के बाद कंपनी की कोशिश है कि टेलीविजन और जियो हॉटस्टार के माध्यम से विचारपूर्ण तरीके से एंटरटेनमेंट ज्यादा से ज्यादा भारतीय दर्शकों तक पहुंचाया जाए और जियोस्टार हर भारतीय के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि लोग एंटरटेनमेंट में काफी समय बिताते हैं और कंटेंट के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव होता है। यह जुड़ाव दर्शकों के व्यक्तित्व पर प्रभाव डालता है और उसे निखारने का काम भी करता है। इसी कारण जियोस्टार की कोशिश रहती है कि ऐसा कंटेंट बनाया जाए, जिससे अधिकतर दर्शक जुड़ सकें। कंटेंट बनने के बाद यह भी कंपनी की जिम्मेदारी होती है कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। दर्शकों तक पहुंचने के बाद उसके मॉनिटाइजेशन के बारे में सोचा जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी की भी मदद ली जाती है। उन्होंने कहा कि ये सभी पहलू एक साथ मिलकर काम करते हैं।

### यूथ के लिए क्या है खास?

युवाओं को लेकर आलोक जैन ने कहा कि एमटीवी लंबे समय से युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय रहा है। यहां रोडीज़, स्प्लिट्सविला और हसल जैसे शो हैं, जो लंबे समय से चले आ रहे हैं और आज भी उतने ही मायने रखते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के शोज़ पर लगातार काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज का यूथ डिजिटल रूप से ज्यादा जुड़ा रहना पसंद करता है। जेन ज़ी और 2005–2006 में पैदा हुए बच्चों ने पहले वाला भारत ज्यादा नहीं देखा है, जब चीजें थोड़ी अस्त-व्यस्त थीं और लोग खुलकर अपनी बात नहीं कह पाते थे। आज के दौर में हालात बदल चुके हैं और युवा खुलकर अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब यंग जनरेशन रिस्क लेने वाली और ओपन है, तो कंटेंट भी वैसा होना चाहिए जो उन्हें रिफ्लेक्ट करे। कंटेंट बनाते समय यह ध्यान रखना जरूरी है कि दर्शकों के जीवन में उस समय क्या चल रहा है।

मनुआभान टेकरी में भारतीय सिंधू सभा, सिंधी मेला समिति एवं स्वरांजलि संगीत शाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ समारोह

# मकर संक्रांति पर पूरा आसमान सप्तरंगी पतंगों से पटा... बच्चों, युवा और बड़ों ने खूब लड़ाए पेंच

» ***मुख्य अतिथि** के रूप में विधायक भगवानदास सबनानी रहे मौजूद*

» ***ऑर्केस्ट्रा** की धुनों के साथ सुरों की महफिल भी सजी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर


मनुआभान टेकरी पर लोगों के साथ विधायक सबनानी।


मकर संक्रांति पर पिकनिक मनाते हुए लोग।

राजधानी भोपाल में मकर संक्रांति का मतलब सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि एक गहरा अहसास और परंपराओं का संगम है। इसी परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए भारतीय सिन्धू सभा, सिन्धी मेला समिति एवं स्वरांजलि संगीत शाला के संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भव्य पतंग उत्सव एवं पारिवारिक पिकनिक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवान दास सबनानी विशेष रूप से मौजूद रहे। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि आज भोपाल की मनुआभान टेकरी पर चारों तरफ आसमान में सतरंगी पतंगों का हुजूम दिखाई दे रहा था। इस पतंग उत्सव कार्यक्रम में पतंगबाजी लाइव ऑर्केस्ट्रा की धुनों के साथ सुरों की महफिल भी सजी, साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए चेयर रेस, फन क्वीज़, स्वादिष्ट व्यंजन और कई रोचक गेम्स आयोजित किए गए। उसके बाद उपस्थित लोगों को समिति की ओर से आकर्षक उपहार भी प्रदान किए गए।

### विधायक सबनानी ने दी मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

इस अवसर पर विधायक सबनानी ने समाज के लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। 'पतंग उत्सव' जैसे आयोजन लोक संस्कृति को मजबूत करते हैं। रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देते है। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों को तील के लड्डू खिलाकर इस पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नरेश तलरेजा एवं इस कार्यक्रम के संयोजक हरीश मेघानी, हरीश चांदवानी राम आसुदानी के साथ समाज के वरिष्ठ मनोहर ममतानी, डलवानी, महिलाओं में सीमा सबनानी, माया पंजवानी, सरला, वन्दना दुलानी, मीना भागचंदानी, रेखा कमल, भावना लालवानी अन्य लोग उपस्थित थे।


मकर संक्रांति पर बच्चों को पतंग बांटते हुए।

## बच्चों के साथ मनाई मकर संक्रांति, बांटीं पतंग

**संतनगर।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बुधवार को बाल कांग्रेस अध्यक्ष साहिल खान द्वारा टेकरी एवं क्षेत्र में बच्चों को पतंगें वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता महेश गुरबानी, शम्मी गंगवानी, रोहित राजा, कागज कुशवाह, अमन मेहरा सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। प्रवक्ता महेश गुरबानी ने सभी को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर यह त्यौहार मनाना चाहिए। इस अवसर पर बाल कांग्रेस अध्यक्ष साहिल खान ने कहा कि बच्चों के साथ यह त्यौहार मनाने का अलग ही आनंद है।

## खबर संक्षेप



### हवन-पूजन कर दुर्गा सप्तशती पाठ का समापन

**औबेदुल्लागंज।** महावीर कालोनी में शर्मा परिवार के निवास पर राजस्थान से पधारे पंडित मुकेश शास्त्री द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ का समापन हवन पूजन कर किया। रात 7 बजे श्री मानस मंडल के सभी सदस्यों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान वार्ड के फोटो ग्राफर भूपेंद्र नागर भी उपस्थित रहे।

### कथा वाचक पंडित राजेंद्र प्रसाद का किया स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** सेम केबल नेटवर्क के सना आमीर ममनून के कार्यकर्ताओं ने श्री शिव पुराण कथा में पहुंच कर कथा वाचक पंडित राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री को भोजपुर मंदिर का चित्र और महिला मंडल को हार फूल से स्वागत किया। इस दौरान वार्ड 12 में सेम केबल नेटवर्क, लक्ष्मी चौकसे नप अध्यक्ष, सुनील सेरिया पार्षद, निलेश निरापुरे, अजय शर्मा, मिक्की सहगल, इंग्लैंश यादव, रिशी कहार, निवेश वैश्नू आदि लोग मौजूद रहे।

### महिलाओं और बच्चों को कंबल व गर्म कपड़े बांटे



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा नेत्री राधा कुशवाहा ने जरूरतमंद गरीबों को कड़कती ठंड में गरीब महिलाओं और बच्चों को कंबल और गर्म कपड़े बांटे।

### साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** सलकनपुर में साहू समाज के चुनाव में ओम प्रकाश साहू को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। चुनाव के बाद प्रदेश अध्यक्ष का औबेदुल्लागंज में प्रथम आगमन पर जिला अध्यक्ष बसंत साहू के मार्गदर्शन में साहू समाज के लोगों ने स्वागत किया। मिडवे ट्रीट पर सभी को मिठाइयां खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेंद्र गुड्डू साहू, जीवन लाल साहू, विजय साहू, यश साहू, कैलाश साहू, बालमुकुंद साहू, कोमल साहू आदि मौजूद थे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2705 | | |
| दिन: | 578 | 04 | 149 |
| रात: | 790 | 60 | 280 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 668 | 00 | 479 |
| रात: | 170 | 87 | 188 |

शराब के नशे में धुत था आरोपी, बिना वजह लोगों को धमका रहा था

# जेसीबी ऑपरेटर पर चाकू से जानलेवा हमला, पेट में आई गंभीर चोट, हमीदिया अस्पताल में भर्ती

» ***गांधी नगर** थाना क्षेत्र स्थित अब्बास नगर पुलिया पर हुई वारदात*

» ***पुलिस ने** आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित अब्बास नगर पुलिया पर अपने साथी के साथ बैठे जेसीबी ऑपरेटर पर बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। पेट में चाकू लगने से जेसीबी ऑपरेटर को गंभीर चोट आई है। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार पिंटू मीणा पिता हीरालाल मीणा (28) गुनगा में रहता है और जेसीबी ऑपरेटर है। उसका काम आईटी पार्क गांधी



नगर में चल रहा है। बुधवार शाम आईटी पार्क से काम निपटाने के बाद वह साथी धनसिंह के साथ अपने गांव जाने के लिए निकला। दोनों साथी रास्ते में गांधी नगर स्थित अब्बास नगर पुलिया पर रुके और पुलिया पर बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान वहां एक युवक आया और बेवजह बैठने का कारण पूछने लगा। पिंटू और धनसिंह ने उसे कहा कि वह कुछ देर के लिए बैठे हैं और चले जाएंगे। इस पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए कहना लगा कि तुम मुझे जानते नहीं हो मुझे अजहर कहते है। पिंटू ने उसे गाली-गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया। चाकू पिंटू के पेट में लगने से उसे गंभीर चोट आई है। धनसिंह उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां उसका इलाज चल रहा है।

### एक्टिवा फिसलने से मटेरियल ठेकेदार की मौत

भेल गेट नंबर एक के सामने गत दिनों एक्टिवा फिसलने से घायल हुए ठेकेदार की एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वे गत 2 जनवरी की शाम करीब चार बजे घायल हुए थे। पिपलानी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रवींद्र सीकरे (42) अन्ना नगर, गोविंदपुरा में रहते थे और भेल में मटेरियल सप्लायर का काम करते थे। गत 2 जनवरी की शाम करीब चार बजे वह फोटो कॉपी कराने के लिए निकले थे। वह भेल गेट नंबर एक के पास मुख्य सड़क पर पहुंचे ही थे कि उनकी एक्टिवा अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में उन्हें सिर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान मंगलवार रात करीब दस बजे उनकी मौत हो गई।

पेंचकस गोदने से नहीं गई जान तो दूसरे दिन साड़ी का फंदा बनाकर लगा ली फांसी

## परिजन के तानों और फटकार से दुखी होकर युवक ने लगाई फांसी, मौत

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आंनद नगर में मंगलवार दोपहर एक युवक ने मां की साड़ी का फंदा बनाकर



आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में पता चला कि परिजन के तानों और फटकार से दुखी होकर उसने आत्महत्या की है। एक दिन पहले युवक ने पेंचकस ने खुद को गोदने का प्रयास किया था। दूसरी ओर मृतक के भाई का कहना है कि सूदखोरों की धमकी से भयभीत होकर भाई ने फांसी लगाई है।

पुलिस के अनुसार माता मंदिर पठार आनंद नगर निवासी मनोज यादव पुत्र प्रीतम यादव (26) पहले प्राइवेट काम करता था, लेकिन बीते दो महीने से वह बेरोजगार था। काम नहीं होने की वजह से वह अधिक मात्रा में शराब पीने लगा था। शराब पीने की वजह से परिजन उसे ताने मारते और फटकार भी लगाते थे। बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे मनोज ने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मृत घोषित कर दिया गया। एएसआई अजय वाजपेयी ने बताया कि मंगलवार को मनोज ने घर के बाहर पेंचकस से खुद को गोदने का प्रयास किया था, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया था।

### धमकी देकर गए थे सूदखोर

मृतक के भाई सोनू का कहना है कि उसने इलाके में रहने वाले मामा-भांजे से दो लाख रुपए उधार लिए थे। वह मूल रुपए अदा कर चुका है, लेकिन ब्याज के 50 हजार रुपए देना शेष है। सूदखोर घर आकर धमकी दे गए थे कि तुम सब लोग मर जाओ, हमें तो पैसा चाहिए।


बरखेड़ा रोड स्थित श्मशान घाट के पास खंडहर में जुआ खेलते अरोपी।

34,860 रुपए नगद एवं ताश के पत्ते जब्त

## पुलिस ने घेराबंदी कर जुआ खेलते 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 9 आरोपी को गिरफ्तार कर 34,860 रुपए नगद एवं ताश के पत्ते जब्त किए। कस्बा भ्रमण के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बरखेड़ा रोड स्थित श्मशान घाट के पास खंडहर में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं।

सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर ताश के 52 पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेलते 9 आरोपियों वीरेंद्र डागर, राजेश केवट, जितेंद्र यादव पिता निरंजन यादव, मोनू उर्फ अमितेश, अनवर खान, अरविंद लोधी, दिलीप खरे, पवन कुमार, लीलाधर रैकवार को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से कुल 34,860 रुपए नगद एवं ताश के 52 पत्ते जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया।

## वार्ड 4 में सीसी रोड निर्माण कार्य का नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**मंडीदीप।** नगर पालिका ने वार्ड 4 के भोई मोहल्ला में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को सीसी रोड तथा पेवर ब्लॉक से सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

यह निर्माण कार्य कायाकल्प योजना के अंतर्गत हो रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल, गेंदालाल पाल, मुरलीधर धर्मावानी, अमित



तिवारी, पार्षद शुभम राजपूत सहित स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।



## नप के कर्मचारी, अधिकारियों ने लिया जल परीक्षण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद के कर्मचारी ने जल परीक्षण का प्रशिक्षण लिया। मध्य प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग में पदस्थ केमिस्ट शिरीन खान के द्वारा नगर परिषद औबेदुल्लागंज के जलप्रदाय व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों, अधिकारियों को जल परीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, पार्षद भारती नरेश सेठी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरन राहंगडाले, उपयंत्री मुकेश जैन, जलप्रदाय शाखा प्रभारी प्रमोद तिवारी, महेश मीना सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासन के निर्देश अनुसार प्रति मंगलवार को सुबह प्रातः 11 बजे से जल सुनवाई का कार्यक्रम भी निकाय द्वारा कराया जाएगा।

राजाभोज शासकीय महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

## महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा पर जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में बुधवार को महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा महिलाओं के संरक्षण के लिए बने विभिन्न कानूनों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में राजीव गांधी विधि महाविद्यालय, भोपाल की प्राचार्य डॉ. संजूष सिंह भदौरिया ने शिरकत की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा



से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 तथा अन्य महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. भदौरिया ने सरल एवं स्पष्ट भाषा में इन कानूनों की व्याख्या करते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की असुरक्षा या उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहने की सलाह दी।

## लोहड़ी पर भजन, गिद्दा, भांगड़ा नृत्य कर खुशियां मनाई

**औबेदुल्लागंज।** गुरुद्वारा संत बाबा संतोख सिंह भजनगढ़ में लोहड़ी पर्व मनाया गया। लोहड़ी पर्व की खुशी बच्चे, बहनों ने शाम 6 से 7 बजे तक भजन, गिद्दा, भांगड़ा नृत्य कर खुशियां मनाई। कथा कार जगजीत सिंह जीते भाई ने बताया कि दुल्ला भट्टी ने 1599 में अकबर के शासन समय में सुंदरी मुंदरी दो बहनों को शासन से छुड़ाकर ब्राहमण बच्चियों को उनके घर पहुंचा एवं उनकी शादी काराई। तब से लोहड़ी का पर्व मनाया जा रहा है।


लोहड़ी जलाते गुरुद्वारा संत बाबा संतोख सिंह।

## विभिन्न समाज के लोगों ने मनाया लोहड़ी का पर्व

**औबेदुल्लागंज।** बहावलपुरी समाज के चावला, अरोरा, कामरा और खत्री परिवार ने मिलकर लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया। इसमें गिरीश चावला, नीरज चावला, दिलीप चावला, अरोरा परिवार के अर्जुन दास अरोरा, द्वारका दास अरोरा, अनिल अरोरा, मिंटू अरोरा, गप्पू अरोरा, सुनील अरोरा, राजू अरोरा, नीटू नितेश अरोरा, विक्की कामरा, जगदीश खत्री, पिंकू भोले और अन्य लोगों ने लोहड़ी पर्व मनाया।


विभिन्न समाज के लोग लोहड़ी पर्व मनाते हुए।

## फायर ब्रिगेड भवन के स्थान पर बन रहे कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर रोक लगाए जाने की याचिका खारिज

### मकान में हवा और रोशनी बंद होने को लेकर लगाई थी याचिका

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा फायर ब्रिगेड भवन को तोड़ कर उसके स्थान पर बनाए जा रहे बहुमंजिला भवन शापिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए व्यवहार वाद को द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश जयदीप मौर्य ने मामला जनहित से जुड़ा होने के कारण निरस्त कर दिया।

याचिकाकर्ताओं मो. सरवर, मो. इदरीस, मो. अनवर और रेहान द्वारा न्यायालय में व्यवहार वाद प्रस्तुत कर बताया गया था कि नगर निगम भोपाल द्वारा फतेहगढ़ स्थित फायर ब्रिगेड के कार्यालय भवन को तोड़ कर उसके स्थान पर बनाए जा रहे बहुमंजिला भवन शापिंग काम्प्लेक्स का निर्माण होने से उनके मकानों में रोशनदान बंद हो जाएगा। हवा और रोशनी पहुंचना बंद हो जाएगी। नगर निगम द्वारा उनके मकान से सटाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कारण नगर निगम के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को रोका जाए।

### यह दी सफाई

नगर निगम की ओर से विधि सलाहकार संजय गुप्ता द्वारा न्यायालय से निवेदन किया गया कि नगर निगम द्वारा फायर बिग्रेड स्टेशन को तोड़कर आवासीय एवं व्यावसायिक कॉम्पलेक्स बनाया जा रहा है। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण वादीगण के मकानों से सटकर नहीं बनाया जा रहा है एवं नगर निगम द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे वादीगण के सुखाधिकार का हनन होता हो। न्यायालयने कहा कि नगर निगम द्वारा जो निर्माण किया जा रहा है, उसमें किसी भी वादीगण के निवास में हवा-पानी की असुविधा नहीं हो रही है, इस कारण व्यवहार वाद को निरस्त कर दिया।

बैठक में बदलकर भागचंद को पंचायत अध्यक्ष बनाया

# बैरागढ़ में अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों को कर रहे परेशान, विधायक शर्मा से मिले दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

गांधीनगर वार्ड एक झूलेलाल व्यापारी संघ एवं पूज्य सिंधी पंचायत एवं कई गणमान्य नागरिक विधायक रामेश्वर शर्मा से उनके बंगले पर मिलकर गांधीनगर क्षेत्र में झूठी शिकायतों के आधार पर एसडीएम बैरागढ़ वृत्त एवं नगर निगम अतिक्रमण के नाम पर जनता एवं व्यापारियों को परेशान करने के संबंध में अवगत कराया। विधायक को बताया कि 12 जनवारी को बिना सूचना दिए नगर निगम का अतिक्रमण अमला गांधीनगर में आया और व्यापारियों को एवं जनता को


विधायक रामेश्वर से मिलते व्यापारी।

अतिकमण के नाम पर परेशान किया। यह सब कार्रवाई झूठी शिकायतों के आधार पर की जा रही है।

एसडीएम कार्यालय, बैरागढ़ वृत्त के आरआई एवं पटवारी गलत रिपोर्ट देकर वसूली अभियान चला रखा हैं, जबकि गांधीनगर सिंधी विस्थापितों का क्षेत्र है। विधायक रामेश्वर शर्मा को इस संबंध में अवगत कराया कि बुधवार को व्यापारी संघ एवं पंचायत की एक आवश्यक बैठक बुलाई गई, जिसमे कई गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। बैठक में स्वयं को अध्यक्ष बताने वाले अशोक प्रेमानी जिसकी गतिविधियों समाज के प्रति गलत है। पचायंत के लेटरहेड का गलत उपयोग करने, गांधीनगर के अन्य गतिविधियों में लिप्त होने से समाज की छवि खराब हो रही है। तत्काल प्रभाव से स्वंय को अध्यक्ष बताने वाले को पद से हटाया गया एवं सर्व समिति से खूबचन्द् भागचन्दानी को पूज्य सिंधी पंचायत गांधीनगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। विधायक से मिलने वालो में अध्यक्ष खूबचन्द भागचन्दानी, बलराम वाधवानी, तुलसीराम बडगोतिया, रमेश हिंगोरानी, हरीश सवनानी, कमल लालवानी, ईश्वर देवना, कमलेश ग्वालानी, सुनिल दयारमानी, योगेश हिगोरानी, मनोज शर्मा, दिलीप लालवानी, चन्द्रप्रकाश सवनानी, सुनील धानुक,हरीश सावलानी,मनीप वरलानी, मुकेश रामचन्दानी, चन्द्रकुमार तेजवानी, सुरेश मंगतानी, प्रेम बालानी, मोहित भागचन्दानी, जगदीश लालवानी आदि मौजूद थे।



# बोमन ने शुरू की खोसला का घोंसला 2 की शूटिंग

**मुंबई।** साल 2006 में रिलीज हुई अनुपम खेर की फिल्म 'खोसला का घोंसला' का सीक्वल की तैयारी शुरू हो चुकी है। हाल ही में इस फिल्म के दूसरे पार्ट की शूटिंग पर फिल्म की स्टार कास्ट नजर आई। बोमन ईरानी ने भी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। साथ ही फिल्म से जुड़ा एक अपडेट भी शेयर किया है। आगे अपनी पोस्ट में बोमन ईरानी लिखते हैं, 'खोसला का घोंसला 2 के सेट पर कमल खोसला और बंटी के साथ किशन खुराना के रूप में वापसी।' मंगलवार को बोमन ईरानी से पहले अनुपम खेर ने फिल्म 'खोसला का घोंसला 2' की शूटिंग से जुड़ी बीटीएस फोटो शेयर की थीं।

लाइफ Style



# राशा

## लईकी-लईका का पोस्टर किया शेयर

राशा थडानी और अभय वर्मा की अपकमिंग फिल्म 'लईकी लईका' का पोस्टर रिलीज हो चुका है। भले ही इस पोस्टर में किसी का चेहरा नजर नहीं आ रहा पर इसने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और 'मुंज्या'फेम एक्टर अभय वर्मा की अगली फिल्म 'लईकी लईका' है। मंगलवार को इस फिल्म के मेकर्स ने पहला पोस्टर साझा किया। इस पोस्टर में फिल्म से जुड़े किसी कलाकार का चेहरा नजर नहीं आ रहा पर फिर भी इसने सबका ध्यान आकर्षित किया है। फिल्म के पोस्टर में मेकर्स ने दोनों एक्टर्स का लुक छिपाते हुए एक बड़ी हिंट दी है। पोस्टर को रेट्रो लुक दिया गया है, ठीक वैसे ही जैसे 90 के दशक में दीवारों पर आर्ट वर्क किए जाते थे। इसमें स्नीकर शूज पहने एक लड़का और एक लड़की कपल की तरह खड़े हुए हैं। दोनों के जूतों पर खून बिखरा हुआ है। इस पोस्टर से तो ऐसी हिंट मिलती है कि फिल्म सिर्फ एक लव स्टोरी ही नहीं है। इसमें दोनों के रिश्तों के बीच कोई खतरनाक मोड़ भी यकीनन आएगा। अब इस फिल्म का पोस्टर सामने आने के बाद फैंस और दर्शकों को इसके टीजर का भी बखूबी इंतजार है। बहरहाल, पोस्टर देखने के बाद सभी यह अंदाजा लगा रहे हैं कि फिल्म में रोमांस के साथ जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा। सौरभ गुप्ता निर्देशित 'लईकी लईका' में राशा और अभय लीड रोल में नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# एवेंजर्स डूम्स डे में सुपरहीरोज की वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' के पहले टीजर में 'कैप्टन अमेरिका' की वापसी की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हुई। अब जो टीजर रिलीज हो रहे हैं, उसमें मार्वल स्टूडियो के कई सुपरहीरोज की एंट्री भी 'एवेंजर्सः डूम्स डे' में हो रही है। हालिया रिलीज एक टीजर में वकांडा और फैंटास्टिक फोर के सुपरहीरोज की एंट्री हुई। टीजर में फैंटास्टिक फोर का एक सुपरहीरो, वकांडा के इलाके में पहुंचता है। वहां वकांडा के वासियों से मुलाकात करता है। इसके बाद यह लोग एक टीम की तरह साथ आते हैं।




# वर्ल्ड टूर पर निकलेगा बीटीएस के-पॉप ग्रुप...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस इस साल अप्रैल में अपने एल्बम के रिलीज होने के बाद एक बड़े वर्ल्ड टूर पर निकलेगा। इस ग्रुप में आरएम, जिन, सुगा, जे-होप, जिमिन, वी एंड जुंगकोक हैं। अपने दौरे के दौरान ये ग्रुप टोक्यो, बुसान, लास वेगास, लंदन, टोरोंटो, शिकागो, बैंकॉक और कुआलालंपुर में परफॉर्म करेगा। ग्रुप के टूर मार्च 2027 तक होंगे। उम्मीद की जा रही थी ग्रुप का टूर भारत में होगा। हालांकि उनके शेड्यूल में भारत का नाम नहीं है। उम्मीद है कि यह ग्रुप भविष्य में जिन शहरों में परफॉर्म करेगा, उनकी घोषणा करेगा। हो सकता है कि भारत का नाम भी इसमें हो। पिछले तीन वर्षों में, ग्रुप के सदस्य एक ब्रेक पर थे, क्योंकि उन्होंने साउथ कोरिया में अपनी जरूरी मिलिट्री सर्विस पूरी करनी थी।



# मर्दानी 3 में नई विलेन अम्मा आएंगी नजर

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' में मल्लिका प्रसाद विलेन के किरदार में नजर आएंगी। इस किरदार पर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। मल्लिका प्रसाद ने इस किरदार पर बात की है। यश राज फिल्म्स ने अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का ट्रेलर रिलीज किया है। इसमें रानी मुखर्जी एसीपी शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापसी कर रही हैं। ट्रेलर में एक नई विलेन, अम्मा को दिखाया गया है। इस रोल को मल्लिका प्रसाद ने निभाया है। वह मानव तस्करी नेटवर्क का मुख्य चेहरा हैं। अपने किरदार पर मल्लिका प्रसाद ने कई बातें बताई हैं। पिछली फिल्मों से अलग विलेन के तौर पर अम्मा को अलग तरह से पेश किया गया है। वह काफी हिंसात्मक भी हैं। ट्रेलर देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने मल्लिका प्रसाद की परफॉर्मेंस पर रिएक्शन दिया है।



# आइटम सॉन्ग करके लगता है अच्छा

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा अपने आइटम सॉन्ग के लिए जानी जाती हैं। अब उन्होंने अपनी इमेज को लेकर कहा है कि उन्हें 52 की उम्र में डांस करके अच्छा महसूस होता है, इसके लिए उन्हें माफी मांगने की जरूरत नहीं है। उनका कहना है कि इसमें इतनी क्या बड़ी बात है। मलाइका अरोड़ा को बॉलीवुड में उनके आइटम नंबर्स के लिए जाना जाता है। चाहे वो शाहरुख खान के साथ 'चल छैयां छैयां' हो या फिर सलमान खान संग 'मुन्नी बदनाम हुई'। उनके डांस को फैंस बेहद पसंद करते हैं। पर कई बार इसके लिए उन्हें आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ता है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की है और कहा कि आइटम सॉन्ग करके उन्हें मजबूती का एहसास होता है। वो इसके लिए माफी क्यों मांगे। मलाइका अरोड़ा को 2025 में यो यो हनी सिंह के 'चिलगम' म्यूजिक वीडियो में देखा गया था।

## स्थानीय खेल समाचार

# राज एक्सप्रेस की दूसरी जीत, गिल्ट फ्री ने फिनिक्स को हराया



31वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट-2026

**भोपाल।** राज एक्सप्रेस ने 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स (एनएसटी) को 66 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में गिल्ट फ्री ने फिनिक्स को पांच विकेट से हराया। बुधवार को बाबेअली मैदान पर राज एक्सप्रेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर के मैच में सात विकेट गंवाकर 188 रन का बड़ा स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनएसटी की टीम पांच विकेट खोकर 122 रन बना पाई। वहीं, एक अन्य मुकाबले में फिनिक्स ने 20 ओवर के खेल में सात विकेट खोकर 139 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिल्ट फ्री ने 16.1 ओवर में पांच विकेट खोकर 142 रन बनाकर जीत दर्ज की।

### आज के मैच

- जनसंपर्क बनाम पब्लिक वाणी, सुबह 9:00 बजे से, ओल्ड कैंपियन मैदान
- महाबली वॉरियर्स बनाम हमीदिया, दोपहर 12:30 बजे से, ओल्ड कैंपियन मैदान
- स्वदेश ज्योति बनाम डिजिआना, सुबह 9:00 बजे से, बाबेअली मैदान
- नगर निगम बनाम डॉक्टर-11, दोपहर 12:30 बजे से, बाबेअली मैदान

# 11वां भोपाल लाल परेड ओपन बैडमिंटन | आर्यन व अर्धेन्दू की खिताबी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बालक अंडर 19 एकल में आर्यन ने बिस्वजीत और अंडर 17 में अर्धेन्दू ने अवनीश को पराजित कर यहां खेली जा रही 11वीं भोपाल लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में ख़िताबी जीत दर्ज़ की। पुरुष एकल में ख़िताब के लिए शिवांश और शिशिर आमने सामने होंगे। स्पर्धा पुलिस जिम्नेज़ियम हॉल, जहांगीराबाद में खेली जा रही है।

लाल परेड ग्राउंड स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित की जा रही प्रतियोगिता में बालक अंडर 19 एकल फाइनल में पहली सीड आर्यन उपाध्याय ने तीसरी सीड बिस्वजीत सिंह सिकरवार को कश्मकश पूर्ण मुकाबले में 21-17, 17-21, 22-20 से परास्त किया। दोनों शटलर्स ने उच्च कोटि का खेल दिखाया. बालक अंडर 17 एकल में गैर वरीयता वाले अर्धेन्दू उपाध्याय ने शीर्ष वरीयता वाले अवनीश सिंह नेगी को सीधे गेमों में 21-12, 21-11 से हराकर ख़िताब अपने नाम किया।



प्रतियोगिता में शॉट मारते शटलर।

### अन्य परिणाम

**पुरुष एकल सेमीफाइनल**
- शिवांश गुर्जर विवि ऋषिक वर्मा 15-21, 21-11, 21-11 शिशिर द्विवेदी विवि आर्यन उपाध्याय 21-9, 21-12

**मिश्रित युगल**
- रवि राय-योग्या ताम्बे विवि प्रमोद-श्रीलेखा जाधव 21-14, 21-13

**पुरुष युगल 35**
- संदीप नियोगी-विजेंद्र सिंह विवि नवेंदु-सौरभ चंदेल 21-3, 21-12

**पुरुष युगल 40**
- रोहित सोनी-विजेंद्र सिंह विवि संजय गवांडे-सिद्धार्थ 21-10, 21-5 मनीष नहारे-रविंदर चावला विवि अकबर खान-कबीर मलिक 21-5, 21-5

**पुरुष एकल 45**
- पवन वाधवा विवि अकबर खान 21-8, 21-7 अमित साहू विवि भगवान सिंह गौतम 21-11, 21-14

**पुरुष युगल 45**
- कमल कोटवानी-पवन वाधवा विवि गोपाल धाकड़-विकास सिंह 21-12, 17-21, 21-16 अमित साहू-पंकज जैन विवि अमित बिंदल-पवन भदोरिया 21-19, 21-12

**पुरुष एकल 50**
- अजहर विवि जीआर नागले 21-9, 21-8 दिनेश नागिया विवि रजनीश मारण 21-16, 22-20 मोका प्रखर राव विवि धनपाल 15-12, 15-6

**पुरुष एकल 55**
- रेनू विक्टर विवि मनोज गुप्ता 21-19, 17-21, 21-13 देवेन्द्र यादव विवि कुलवंत पुरी 21-7, 21-17

**पुरुष युगल 55**
- चंद्रशेखर अग्रवाल-परेश अग्रवाल विवि दलीप सिंह-मनोज गुप्ता 21-14, 21-13 नरेश बागड़े-सुधीर थापा विवि गिरीश मनचंदा-कुलवंत पुरी 11-21, 21-17, 22-20

**पुरुष एकल 60**
- शैलेन्द्र सिंह विवि सुनील देसाई 21-15, 19-21, 21-17 लक्ष्मी नारायण नंदराजू विवि शैलेन्द्र सिंह 21-10, 19-21, 21-10

**पुरुष युगल 60**
- डॉ शैलेन्द्र बागरे-विवेक तत्ववादी विवि अनिल शर्मा-

# वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट | आरएनटीयू ने बनस्थली विद्यापीठ को 7 विकेट से हराकर दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट (महिला वर्ग) में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल की महिला क्रिकेट टीम ने बनस्थली विद्यापीठ, टोंक (राजस्थान) को 7 विकेट से पराजित किया।

बनस्थली विद्यापीठ की टीम आरएनटीयू के सटीक गेंदबाजी के सामने संघर्ष करती नजर आई। देवांशी चौधरी ने 4 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट झटके। वहीं स्वाति वर्मन शिवानी शुक्ला ने 1-1 विकेट हासिल किया। बनस्थली की टीम 5 विकेट के नुकसान पर 124 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरएनटीयू की कप्तान रीना यादव ने 45 गेंदों में नाबाद 57 रन बनाए। विकेटकीपर-बल्लेबाज हर्षिता सिंह ने 35 गेंदों पर 6 चौकों की सहायता से 33 रन, जबकि स्वाति वर्मन ने 13 गेंदों पर 2 चौकों के साथ 14 रन का योगदान दिया। आरएनटीयू ने 17.4 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए कप्तान रीना यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टीम का नेतृत्व मैनेजर राहुल शिंदे एवं कोच अपर्णा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है और टीम टूर्नामेंट में खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में उभर रही है। यह टूर्नामेंट 12 से 19 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। **टीम इस प्रकार है:** रीना यादव (कप्तान), मुस्कान मिश्रा (उपकप्तान), शिवानी शुक्ला, स्वाती बर्मन, मानसी लश्करी, पल्लवी यादव, भारती हरिजन, इशिका सिंह, सोनिया सिंह, देवांशी चौधरी, सुषमा विश्वकर्मा, वैष्णवी पाल, श्रेया गुप्ता, हर्षिता सिंह (विकेट कीपर/बल्लेबाज), खुशी सिंह सोलंकी, निशी कश्यप (विकेट कीपर/बल्लेबाज)।



विजयी मुद्रा में आरएनटीयू की टीम।

# आईईएस पब्लिक स्कूल ने छात्रों को 75 लाख की स्कॉलरशिप के साथ दी ट्रॉफी | खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने स्पोर्ट्स फेलिसिटेशन और स्कॉलरशिप अवार्ड सेरेमनी का आयोजन आईईएस कैंपस में किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, डिवीजन और जिला स्तर पर प्रदर्शन को पहचान मिली, और उन्हें ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और स्कॉलरशिप से सम्मानित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण योगीराज, अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम लल्ला की मूर्ति और इंडिया गेट पर सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकार एवं आईईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजीनियर बीएस. यादव ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम में छात्रों को 75 लाख की स्कॉलरशिप के साथ ट्रॉफी, सर्टिफिकेट से सिद्धांत सिंह गुरंग, अविशी शर्मा, प्रियांशी दास, सूर्य शर्मा, अस्मि भारत, कनिष्क राठौड़, आरोही तिवारी आदि को सम्मानित किया। समारोह के अंत में प्रो. मनीषा कथ्थेकर, ग्रुप डायरेक्टर आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा ने सम्मानित अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेट कर उनका आभार व्यक्त किया।




पुरस्कार वितरण के दौरान छात्र और विद्यालय परिवार।

# भोपाल की 50 साल की निर्मला पाटिल ने थाईलैंड में लहराया भारत का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की निर्मला पाटिल ने थाइलैंड के बैंकॉक मे हुए छठवें थाईलैंड ओपन मास्टर्स गेम्स 2026 में एथलेटिक्स (रेस) में दो स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया। उन्होंने यह सफलता 50 वर्ष आयुवर्ग में 100 मीटर बाधा दौड़, 5000 कदम दौड़ एवं अन्य रेस में यह उपलब्धि हासिल की है। इस अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स खेल प्रतियोगिता में विश्व के अनेक देशों से अनुभवी और वरिष्ठ एथलीटों ने भाग लिया। इस वैश्विक मंच पर निर्मला पाटिल ने न केवल भारत का तिरंगा गर्व से लहराया, बल्कि अजाक्स संगठन का नाम भी विदेशी धरती पर सम्मान और पहचान के साथ स्थापित किया।



तिरंगे के साथ निर्मला पाटिल।

# एलएनसीटी, एआईयू वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी पुरुष प्रतियोगिता | बीयू भोपाल ने की जीत के साथ शानदार शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटी विश्वविद्यालय, द्वारा एआईयू (ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी) के तत्वावधान में आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता 2025–26 के तीसरे दिन मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम, मयूर पार्क, भोपाल में बेहद रोमांचक मुकाबले खेले गए।

दिन के मुकाबलों में बीयू भोपाल ने मोनार्क यूनिवर्सिटी को 8–1 से पराजित कर शानदार शुरुआत की। वहीं एमजीएसयू बीकानेर ने जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी, जोधपुर को 6–3 से हराया। शिवाजी यूनिवर्सिटी, कोल्हापुर ने डॉ. बी.ए.टी.यू. को 5–0 से मात दी। आरडीवीवी जबलपुर ने एमएसयू बड़ौदा को 3–1 से, यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई ने गोवा यूनिवर्सिटी को 3–1 से तथा पारुल यूनिवर्सिटी, गुजरात ने मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी को 4–0 से पराजित किया। विक्रम यूनिवर्सिटी, उज्जैन ने गोंडवाना यूनिवर्सिटी को 5–0 से, एमपीकेवी राहुरी ने जीवाजी यूनिवर्सिटी को 5–1 से, एसजीजीयू गुजरात ने पुण्यश्लोक यूनिवर्सिटी को 7–0 से तथा डीएवीवी इंदौर ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी को 5–0 से हराकर प्रतियोगिता के तीसरे दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दौरान एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. के. थापक एवं एलएनसीटी ग्रुप के स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज कुमार जैन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



ध्यानचंद स्टेडियम में शॉट लगाते हॉकी खिलाड़ी।



**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब अकसर सताए पेट में गैस की समस्या



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले काफी महीनों से मुझे गैस प्रॉब्लम हो रही है। कभी कभार तो चक्कर और वॉमिट भी होने लगता है। इससे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नरेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। इसके लिए आप अपनी खान-पान और लाइफस्टाइल में बदलाव करें। अधिक ऑयली, तला-भुना खाना बिल्कुल ना खाएं। दोपहर के खाने में सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का करें और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। दूध रात में बिल्कुल ना लें। इस तरह बदलाव करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे बाल ज्यादा झड़ने लगते हैं। बालों में डेंड्रफ भी हो रही है। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुश, रायपुर**

सर्दियों के मौसम में बाल झड़ने की समस्या ज्यादा होती है, इसकी कई वजहें हैं। पहला डेंड्रफ अधिक होता है, लोग रोज तेज गर्म पानी से नहाते हैं, इसके साथ ही बाल ज्यादातर ढंक कर रखते हैं, इसलिए स्कैल्प को सनलाइट नहीं मिल पाती है। कोशिश करें कि नहाने के बाद थोड़ी देर धूप में बैठें। साथ ही ज्यादा गर्म पानी से ना नहाएं। पानी नॉर्मल होना चाहिए। तरह-तरह के शैंपू के इस्तेमाल से भी बचें।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे बार-बार सर्दी-जुकाम की प्रॉब्लम हो रही है। दवाई लेने पर ठीक हो जाती है, कुछ दिनों बाद फिर से यही प्रॉब्लम शुरू हो जाती है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-गौतम, बिलासपुर**

आजकल बड़े शहरों में होने वाले प्रदूषण की वजह से इस तरह की समस्या लोगों में देखने को ज्यादा मिल रही हैं। इससे बचने के लिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर मास्क लगाकर ही निकलें और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी यानी खट्टे फल अधिक खाएं। कोशिश करें कि फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज और ड्रिंक न खाएं-पिएं। दही ताजा ही खाएं। इस तरह बदलाव करने से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 64 वर्ष है। मैं अकसर अपने यूरीन प्रेशर पर कंट्रोल नहीं कर पाता हूं। इसकी क्या वजह हो सकती है? कृपया इसके समाधान का कोई उपाय बताएं।**

**-राकेश, रोहतक**

बढ़ती उम्र में लोगों को प्रोस्टेट की समस्या देखी जाती है, आपकी समस्या सुनकर भी यही लग रहा है। हालांकि आजकल तो कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या हो रही है। आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। अगर ज्यादा प्रॉब्लम हो रही है और ऑपरेट करने लायक होगा तो डॉक्टर जांच करने के बाद आपको सजेस्ट करेंगे। आपको कुछ एहतियात बरतने होंगे, जिनके बारे में डॉक्टर बताएंगे। बगैर जांच किए कोई भी दवा ना खाएं।

**मेरी उम्र 51 वर्ष है। जब कभी भी मैं ज्यादा चलता हूं या वॉक कर लेता हूं तो मेरे पैरों में सूजन हो जाती है। फिर अपने आप ठीक भी हो जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-रामप्रकाश, बलौदा बाजार**

आपको शुगर की समस्या तो नहीं है और अगर है तो आपने शुगर जांच कराना चाहिए। कई बार शुगर बढ़ने की वजह से भी सूजन आ जाती है। हालांकि कई बार मांसपेशियों की वजह से ऐसी समस्या देखी जाती है। फिलहाल आप कोशिश करें कि कम से कम टहलें और एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करा लें। उसके बाद ही ट्रीटमेंट हो पाएगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**अवेयरनेस**

**डॉ. माजिद अलीम**

जनवरी महीने की ठंड में आमतौर पर लोग सर्दी-खांसी, फीवर से ग्रस्त होते रहते हैं। लेकिन यही ठिठुरन भरी सर्दी हमारे हृदय पर भी भारी पड़ सकती है, यह हममें से ज्यादातर लोग नहीं जानते हैं। दरअसल, सर्दियों में, खासकर दिसंबर मध्य से लेकर फरवरी की शुरुआत के बीच हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी आपात स्थितियों के मामले भारत में सबसे ज्यादा दर्ज होते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि ज्यादातर लोग इसे मौसम का मामूली असर मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि ठंड शरीर के भीतर ऐसी कई प्रतिक्रियाएं शुरू कर देती है, जो हृदय के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती हैं।

### ठंड का हार्ट पर असर

ठंड लगते ही शरीर अपनी गर्मी बचाने के लिए रक्त नलिकाओं को सिकोड़ने लगता है, इससे अचानक रक्तचाप बढ़ जाता है। दिल को उसी मात्रा में खून पंप करने के लिए तब ज्यादा जोर लगाना पड़ता है। जिन लोगों को पहले से ही हाई ब्लडप्रेशर, शुगर या दिल की बीमारी हो, उन्हें ठंड के मौसम में कोई भी खतरा मोल नहीं लेना चाहिए, क्योंकि जरा-सी लापरवाही ऐसे लोगों के लिए बहुत खतरनाक हो सकती है। कई मामलों में दिल की धमनियों में पहले से ही जमी चर्बी ठंड के कारण सिकुड़न और दबाव से टूट सकती है, जिससे अचानक हार्ट अटैक का खतरा पैदा हो जाता है।

### सुबह का समय सबसे रिस्की

जनवरी के महीने में खासतौर पर दिल के दौरे के मामले सबसे ज्यादा आते हैं और ये ज्यादातर दौरे सुबह के समय ही दर्ज होते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कम तापमान। नींद से अचानक उठना और ठंडे फर्श पर पैर रखना तथा वैसी ही स्थिति में शारीरिक गतिविधियां शुरू कर देना रिस्क बढ़ा देता है। जनवरी का महीना खासतौर पर उन लोगों के लिए बेहद खतरनाक होता है, जो सुबह 5-6 बजे जगते हैं और मॉर्निंग वॉक के लिए चल पड़ते हैं। ऐसे लोगों को पता नहीं होता कि वे अनजाने में कितना बड़ा रिस्क ले रहे हैं। दरअसल, ठंड में शरीर की धमनियां पहले से ही संकुचित होती हैं और अचानक तेज चलना या कसरत करने पर दिल पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। इसलिए सर्दी के दिनों में सुबह की सैर टाल देनी चाहिए या फिर ऐसी जगह पर करनी चाहिए, जो चारो तरफ से बंद हो।

### बुजुर्गों के लिए ज्यादा खतरा

ठंड का असर उम्र के साथ और गहरा होता जाता है। बुजुर्गों में शरीर के तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है। कई बार उन्हें ठंड का एहसास देर से होता है। इसलिए बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए ठंड की ठिठुरन बहुत खतरनाक होती है। लेकिन इस उम्र के लोग उसे पहचान नहीं पाते। सीने में दबाव महसूस करना, सांस का रह-रहकर फूलना, असहज बेचैनी होना, इसे ठंड की वजह मानकर नहीं चलना चाहिए। ऐसी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

### ब्लड सर्कुलेशन की समस्या

ठंड में चूंकि लोग कम पानी पीते हैं, इस कारण खून गाढ़ा हो जाता है। गाढ़े खून में थक्का बनने की आशंका बढ़ जाती है। यही थक्का या ब्लड क्लॉट वास्तव में हमारे दिल या दिमाग की किसी नली में अगर फंस जाता है, तो हार्ट अटैक या स्ट्रोक हो सकता है। इसके अलावा ठंड में प्रदूषण और कोहरे का असर सांस की नलियों पर पड़ता है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित होती है और उसका सीधा दबाव दिल पर पड़ता है। इसलिए सर्दियों में हार्ट अटैक बाकी सभी मौसमों के मुकाबले ज्यादा होते हैं। यही नहीं सर्दियों में हार्ट अटैक कई बार बड़े छुपे किस्म के होते हैं यानी पता ही नहीं चलता कि यह हार्ट अटैक के लक्षण हैं या किसी और समस्या के।

इन दिनों उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश राज्यों में कड़ाके की ठंड हो रही है। ऐसे में हार्ट और बीपी पेशेंट्स को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। जरा सी लापरवाही आपके हार्ट पर भारी पड़ सकती है, जो बहुत रिस्की हो सकता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि किस तरह आप अपने हार्ट की प्रॉपर केयर कर सकते हैं? इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## ठिठुरती सर्दी के दिनों में हार्ट की करें प्रॉपर केयर



### तब न बरतें लापरवाही


ठिठुरती सर्दी के इस मौसम में अगर सीने में तेज दर्द की बजाय भारीपन महसूस हो, जलन होने लगे, सांस लेने में परेशानी हो और बाएं हाथ या जबड़े में अचानक दर्द महसूस हो तथा पसीना आ जाए तो यह नहीं मानना चाहिए कि यह ठंड का असर है बल्कि तुरंत मानना चाहिए कि हार्ट अटैक के लक्षण हैं और तुरंत डॉक्टरी सहायता लेनी चाहिए।

### इन बातों पर करें अमल



सर्दी के इस मौसम में भी आपका हृदय अच्छे से काम करे, हार्ट अटैक का रिस्क कम हो जाए इसके लिए कुछ बातों पर अमल करें।

- सूरज निकलने से पहले सुबह घर से बाहर खुले मैदान में वॉकिंग करने यानी टहलने से बचें। अगर जाएं तो तब ही जाएं जब धूप अच्छी तरह निकल आए।
- गर्म कपड़े ठीक से पहनें, खासकर छाती और कानों को लगातार ढंके रहें।
- जब सर्दी ज्यादा हो और प्यास बिल्कुल न लग रही हो, तब भी पानी पीते रहें। भले बहुत कम पिएं, लेकिन रह-रहकर पानी पिएं।
- ठिठुरती सर्दी के दिनों में ज्यादा एक्सरसाइज कभी न करें, बस हल्के से वार्मअप कर लें।
- अपने बीपी और शुगर की नियमित जांच करें।
- अगर आपको सीने में अचानक तेज दर्द महसूस हो, चाहे उसकी कोई वजह हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- अकेले रहने वाले बुजुर्गों को अपनी हार्ट केयर पूरी सावधानी से करनी चाहिए। *



### क्या कहते हैं हृदय संबंधी रोगों के आंकड़े

**आंकड़े बताते** हैं कि अपने देश में हर साल विभिन्न रोगों से जितनी मौतें होती हैं, उनमें से अकेले हृदय रोगों से 30 से 32 फीसदी लोगों की मौत होती हैं। कहने का मतलब कैंसर, श्वसन रोग, टीबी या संक्रमण आदि किसी भी बीमारी से कहीं ज्यादा लोग हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट से दम तोड़ते हैं। माना जाता है कि लगभग 62 लाख लोग हर साल हृदय रोगों से अपनी जान गंवाते हैं। इसका मतलब यह है कि हर दिन लगभग 17 हजार लोग हृदय रोग से दम तोड़ते हैं यानी हर घंटे 707 और हर मिनट में करीब 12 लोग हृदय रोगों के कारण खत्म हो जाते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में हृदय रोग कितनी गंभीर समस्या है। शहरी क्षेत्रों में हृदय रोग की दर 10 से 12 फीसदी है, तो गांवों में अभी भी 4 से 5 फीसदी है। हालांकि पहले हृदय रोग को शहरों की बीमारी ही माना जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। देश के 25 फीसदी से ज्यादा वयस्कों को 18 साल के बाद ही हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत हो रही है। भारतीयों को पश्चिमी देशों के लोगों की तुलना में दस साल पहले अगर हार्ट अटैक आ रहा है तो उसकी वजह यही है कि देश के युवाओं को बड़े पैमाने पर हाइपर टेंशन ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। भारत में हृदय रोगों से बढ़ती मौतों का सबसे बड़ा कारण अस्वस्थ जीवनशैली है। जंक फूड, तैलीय खान-पान, धूम्रपान, शराब की लत और कम व्यायाम भी एक बड़ी समस्या है।

**डॉक्टर्स एडवाइस**



डॉ. समीर कौशल
डायरेक्टर एंड हेड-ऑप्थेलमोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

ग्लूकोमा आंखों से संबंधित गंभीर बीमारी है, जिसमें लापरवाही बरतने पर रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप इसके आरंभिक लक्षणों के साथ इसे कंट्रोल करने के तरीकों के बारे में भी जानें। इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

## कभी इग्नोर ना करें ग्लूकोमा के लक्षण

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, दुनिया भर में दृष्टिहीनता (अंधेपन) का दूसरा प्रमुख कारण ग्लूकोमा (काला मोतिया) है। हमारे देश में ही 1 से 2 करोड़ ग्लूकोमा के मरीज हैं। ग्लूकोमा से हुई आंखों को क्षति की भरपाई नहीं की जा सकती। इसलिए ग्लूकोमा को हल्के में लेना नेत्रों की सेहत के लिहाज से भारी पड़ सकता है। यही कारण है कि इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने और बचाव के लिए हर साल जनवरी में 'ग्लूकोमा अवेयरनेस मंथ' का आयोजन किया जाता है।

**शुरुआत में दिखते हैं हल्के लक्षणः** ग्लूकोमा के इलाज में समस्या इसलिए आती है क्योंकि इस में शुरुआत में मरीज को कोई लक्षण नजर नहीं आते। जब तक स्पष्ट लक्षण सामने आने शुरू होते हैं, तब तक बहुत नुकसान हो चुका होता है। यहां कुछ ऐसे हल्के लक्षणों के बारे में बता रहे हैं, जिनके नजर आने पर आपको तुरंत अपनी आंखों की जांच करना चरहिए, ताकि ग्लूकोमा को शुरुआत में ही पहचान लिया जाए।

- दृष्टि का धुंधला होना।
- दृष्टि में धब्बे दिखाई पड़ना।
- पास रखी या दूर की वस्तुओं को साफ देखने में दिक्कत महसूस होना।
- सिरदर्द और आंखों में तेज दर्द होना
- प्रकाश में चारों ओर रंगीन छल्ले जैसा नजर आना।
- आंखों में लालिमा होना।
- ऑप्टिक नर्व का धीरे धीरे खराब होना।

**ऑप्टिक नर्व को होता है नुकसानः** ग्लूकोमा में आंखों की ऑप्टिक नर्व धीरे-धीरे खराब होती रहती है। आंखों मे अतिरिक्त दबाव (प्रेशर) बनता है, जिसे मेडिकल भाषा में इंट्राऑकुलर प्रेशर (आईओपी) कहा जाता है। ऑप्टिक नर्व पर लगातार दबाव पड़ने से वह नष्ट भी हो सकती हैं, जिसके दुष्परिणामस्वरूप दृष्टिहीनता भी संभव है। ऑप्टिक नर्व ही मस्तिष्क को किसी वस्तु का चित्र प्रेषित करती हैं। ग्लूकोमा के कारण एक बार जब आंखों की रोशनी क्षीण हो जाती हैं तो उसे दोबारा वापस नहीं लाया जा सकता।



वैसे तो ग्लूकोमा किसी भी आयु वर्ग में हो सकता है लेकिन इसके ज्यादातर मामले 40 वर्ष के बाद सामने आते हैं।

**ग्लूकोमा को कैसे करें नियंत्रितः** स्पष्ट लक्षण दिखने का इंतजार नहीं करना चाहिए। रोग की प्रारंभिक अवस्था में नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेकर इसे नियंत्रित कर सकते हैं। चालीस साल की उम्र के बाद सबको अपने नेत्र विशेषज्ञ के पास जाकर उनसे ग्लूकोमा के संदर्भ में परामर्श लेना चाहिए। नेत्र सर्जन आंखों में इंट्राऑकुलर प्रेशर की जांच करते हैं। जांच के जरिए अगर शुरुआती दौर में ग्लूकोमा का पता चल जाता है तो इस बीमारी को नियंत्रित करने में काफी हद तक मदद मिलती है।

**इनसे बढ़ता है ग्लूकोमा का रिस्कः** कुछ मामलों में ग्लूकोमा का रिस्क बढ़ सकता है। उनके बारे में जानना जरूरी है।

- 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ग्लूकोमा का जोखिम अधिक होता है।
- जिन लोगों को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हृदय रोग की समस्या है, उनमें ग्लूकोमा का खतरा अधिक होता है।
- ग्लूकोमा की समस्या आनुवांशिक या जेनेटिक भी हो सकती है।
- आंख में चोट लगने से भी नेत्रों के आंतरिक भाग पर दबाव बढ़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लूकोमा का जोखिम बढ़ जाता है।
- जिन लोगों के चश्मे का नंबर ज्यादा होता है, उनके भी ग्लूकोमा होने की संभावना बढ़ जाती है।
- धूम्रपान से ग्लूकोमा का खतरा बढ़ता है और ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंच सकता है। इसी तरह लंबे समय तक स्टेरॉयड दवाओं के उपयोग से बचें, क्योंकि ये ग्लूकोमा को बढ़ा सकती हैं।

**रोग बढ़ने से रोकने के तरीकेः** जांच के बाद ही नेत्र सर्जन ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया यही है कि इस बीमारी के कारण आंखों को जो क्षति पहुंच चुकी है, उसे आगे बढ़ने से रोका जाए। आंखों को पहले से ही जो क्षति पहुंच चुकी है, उसकी क्षतिपूर्ति या रिकवरी नहीं हो सकती। ग्लूकोमा के इलाज का सबसे जरूरी स्टेप है इंट्राऑक्यूलर प्रेशर (आईओपी) को कम करना है ताकि आंख में होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

**दवाएंः** आईओपी को कम करने के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं, जिन्हें नेत्र विशेषज्ञ आई ड्रॉप और टैब्लेट्स के रूप में देते हैं।

**सर्जरीः** अगर दवाइयों से इंट्राऑकुलर प्रेशर कंट्रोल नहीं होता, तब डॉक्टर सर्जरी की सलाह दे सकते हैं। ब्लॉकेज का कारण बन रहे टिश्यू को सर्जरी के जरिए हटा देते हैं। जरूरत पड़ने पर लेजर से भी इलाज किया जाता है।

**इन उपायों से आंखें रहेंगी स्वस्थः** अपनी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ उपायों पर अमल कर सकते हैं। अगर शुरुआत से इन बातों पर ध्यान देंगे तो आपकी आंखें स्वस्थ रहेंगी, समस्याएं दूर रहेंगी।

- स्वच्छ हाथों को आपस में रगड़कर पलकों को एक से दो मिनट तक दबाएं। ऐसा करने से आंखों को राहत मिलती है।
- जहां तक संभव हो स्क्रीन टाइम को कम करें। ऐसा करना आंखों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर रहेगा।
- नियमित रूप से व्यायाम करना भी आंखों की सेहत सही रखता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### डाइट में शामिल करें विटामिन ए रिच फूड्स



**खान-पान** में विटामिन ए को महत्व देने से ग्लूकोमा ठीक नहीं होता, लेकिन आंखों की सेहत को विटामिन ए युक्त खाद्य पदार्थ लेने से कुछ हद तक स्वस्थ रखा जा सकता है। नतीजतन कालांतर में ग्लूकोमा आदि नेत्रों से संबंधित बीमारियों के होने का जोखिम कम हो सकता है। विटामिन ए गाजर में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है। इसके अलावा टमाटर, हरी पत्तेदार सब्जियां, संतरा और पपीता आदि भी विटामिन ए के अच्छे स्रोत हैं। विटामिन ए एग और दूध में भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। इसलिए इनका सेवन अधिक करना चाहिए।






## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान की महिला टीम के 'मेंटोर' बने रियाज

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की राष्ट्रीय महिला टीम का 'मेंटोर' (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि वहाब टीम के 'मेंटोर' होंगे और उन्हें पूर्व खिलाड़ियों इमरान फरहत और अब्दुल रहमान सहित कोचिंग स्टाफ का सहयोग मिलेगा। पाकिस्तान की महिला टीम की कप्तानी फातिमा सना करेंगी। भारत और श्रीलंका में पिछले साल नवंबर में खेले गए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में मिली करारी हार के बाद यह टीम का पहला दौरा होगा। पाकिस्तान आठ टीमों की प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहा था, जिसके बाद मुख्य कोच मोहम्मद वसीम को बर्खास्त कर दिया गया था।

### कर्नाटक और विदर्भ के बीच पहला सेमीफाइनल पडिक्कल पर रहेगी नजर



**बेंगलुरु।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल कर्नाटक और विदर्भ के खिलाफ गुरुवार 15 जनवरी को यहां होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर पैदा कर सकते हैं। पडिक्कल इस समय शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बेहतरीन फॉर्म का नजारा मुंबई के खिलाफ सेमीफाइनल में किया था, जहां उनके नाबाद अर्धशतक की मदद से कर्नाटक ने जीत हासिल की थी। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में चार शतक लगाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

क्रिकेट : कीवी टीम ने मुकाबला किया अपने नाम, 7 विकेट से जीता मैच

# न्यूजीलैंड ने की भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी, मिचेल ने खेली नाबाद शतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| राजकोट

डेरिल मिचेल की नाबाद 131 रन की पारी और विल यंग (87) के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे वनडे मैच में भारत को सात विकेट से शिकस्त दी। भारतीय स्पिन गेंदबाज एक बार फिर घरेलू मैदान पर प्रभाव नहीं छोड़ सके और न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को 15 गेंद शेष रहते हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

निरंजन शाह स्टेडियम की स्पिनरों की मददगार पिच पर न्यूजीलैंड ने न सिर्फ बेहतर ढंग से परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला बल्कि भारत से कहीं बेहतर प्रदर्शन भी किया। केएल राहुल की 91 गेंदों में खेली गई नाबाद 112 रन की पारी (नौ चौके और एक छक्का) के बावजूद भारत को सात विकेट पर 284 रन ही बना सका। न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। श्रृंखला का निर्णायक तीसरा वनडे रविवार को इंदौर में खेला जाएगा।



### राहुल ने किया कमाल

राजकोट में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज केएल राहुल ने बल्ले से बड़ा कमाल कर दिया। मिडिल ऑर्डर के बुरी तरह लड़खड़ाने के बाद केएल राहुल ने मजबूती से एक छोर संभालते हुए बेहतरीन शतक ठोक दिया। केएल ने महज 87 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका दूसरा वनडे सैकड़ा है। उन्होंने वनडे करियर का 8वां शतक जड़ा। राहुल राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में वनडे शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं। केएल से पहले कोई भी भारतीय बल्लेबाज वनडे में यहां तीन डिजिट का स्कोर नहीं बना पाया था। इस धमाकेदार शतकीय पारी के दम पर राहुल मोहम्मद अजहरुद्दीन से आगे निकल गए। केएल ने भारत की ओर से सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने के मामले में अजहरुद्दीन को पछाड़ा। अजहरुद्दीन अपने 334 मैचों के वनडे कॅरियर में सिर्फ सात शतक ही लगा पाए थे। हालांकि, राहुल ने यह कारनामा अपने करियर के सिर्फ 93वें वनडे में ही कर दिखाया।

### रनों की रेस में तेंदुलकर से आगे निकले कोहली

दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने पहला रन बनाते ही सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह कीवी टीम के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो विराट कोहली के ऊपर इस मामले में रिकी पोंटिंग टॉप पर हैं। वह वनडे शतकों के मामले में पहले ही सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं।

#### न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

| | |
|---|---|
| रिकी पोंटिंग | : 1971 रन (50 पारी) |
| विराट कोहली | : 1773 रन (35 पारी)* |
| सचिन तेंदुलकर | : 1750 रन (41 पारी) |
| कुमार संगकारा | : 1568 रन (45 पारी) |
| सनथ जयसूर्या | : 1519 रन (45 पारी) |

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का यंग बो क्लार्क | 24 | 38 | 4 | 0 |
| गिल का मिचेल बो जैमीसन | 56 | 53 | 9 | 1 |
| विराट कोहली बो क्लार्क | 23 | 29 | 2 | 0 |
| अय्यर का ब्रेसवेल बो क्लार्क | 08 | 17 | 0 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 112 | 92 | 11 | 1 |
| जडेजा का और बो ब्रेसवेल | 27 | 44 | 1 | 0 |
| रेड्डी का फिलिप्स बो फोक्स | 20 | 21 | 0 | 1 |
| राणा का ब्रेसवेल बो लेनोक्स | 2 | 4 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 2 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10 रन, योग : 50 ओवर में 284/7 रन
गेंदबाजी : जैमीसन 10- 2-70-1, फोक्स 9-0- 67-1, क्लार्क 8-0-56-3, लेनोक्स 10-0-42-1, ब्रासवेल 10-1-34-1, फिलिप्स 3-0-13-0

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवोन कोन्वे बो राणा | 16 | 21 | 3 | 0 |
| हेनरी निकोल्स बो कृष्णा | 10 | 24 | 0 | 0 |
| विल यंग का रेड्डी बो कुलदीप | 87 | 98 | 7 | 0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 131 | 117 | 11 | 2 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 32 | 25 | 2 | 1 |

अतिरिक्त: 10, कुल योग: 47.3 ओवर में 286/3 रन
गेंदबाजी: सिराज 9-0-41-0, राणा 9.3-1-52-1, कृष्णा 9-0-49-1, रेड्डी 2-0-13-0, जडेजा 8-0-44-0, कुलदीप 10-0-82-1

आईसीसी रैंकिंग

# कोहली की बादशाहत फिर कायम एक बार फिर बने नंबर वन



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचा है। पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के कारण पूर्व कप्तान रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

भारत ने रविवार को खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। इस मैच में कोहली ने 91 गेंदों पर 93 रन बनाए। उन्होंने पिछले पांच मैच में कम से कम अर्धशतक जरूर लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 74 रन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 135, 102 और नाबाद 65 रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ 93 रन बनाए। कोहली ने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। उन्होंने 11वीं बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वह अब तक कुल 825 दिन शीर्ष पर रह चुके हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड है।


### गिल पांचवें स्थान पर बरकरार

शुभमन गिल ने अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है, जबकि श्रेयस अय्यर शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रन की तूफानी पारी खेलने से एक पायदान आगे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह कोहली (785 अंक) से केवल एक रेटिंग अंक पीछे हैं। मिचेल के साथी खिलाड़ी डेवोन कॉनवे तीन पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# इंडिया ओपन : श्रीकांत जीते पहले दौर से बाहर सिंधू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीवी सिंधू बुधवार को इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में वियतनाम की थुई लिन एनगुएन के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजूद कड़े मुकाबले में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं जबकि किदांबी श्रीकांत हमवतन थारुन मानेपल्ली को हराकर दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी और 2017 की चैंपियन सिंधू को एक घंटा और आठ मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में दुनिया की 23वें नंबर की वियतनाम की खिलाड़ी एनगुएन के खिलाफ 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। एनगुएन के खिलाफ सिंधू की यह लगातार तीसरी हार है और उनके लिए यह नतीजा बड़ा झटका है क्योंकि वह पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में पहुंची थी और घरेलू प्रशंसकों को उनसे यहां अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी।



### श्रीकांत की जोरदार वापसी

इंडिया ओपन 2015 के चैंपियन और दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मान्नेपल्ली को 53 मिनट में 15-21, 21-6, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में एकतरफा जीत दर्ज की और फिर निर्णायक गेम में थारुन की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए जीत दर्ज की।

### पार्ल रॉयल्स की रोमांचक जीत, रजा ने आखिरी गेंद पर लगाया छक्का

**पार्ल।** जिंबाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा, जिससे पार्ल रॉयल्स ने बोलैंड पार्क में खेले गए एसए20 क्रिकेट मैच में डरबन सुपर जायंट्स पर छह विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। रॉयल्स को डेविड विसे के आखिरी ओवर में छह रन और आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी। ऐसे में रजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। डरबन सुपर जायंट्स ने कप्तान एडेन मार्क्रम (66) के अर्धशतक और लियम लिविंगस्टोन के 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 186 रन बनाए थे। रॉयल्स ने चार विकेट पर 191 रन बना कर जीत हासिल की। रजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। उनसे पहले रुबिन हरमन (नाबाद 65) और डैन लॉरेंस (63) ने महत्वपूर्ण पारियां खेली। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की।

### पाकिस्तान में तीन मैच खेलेगा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया लाहौर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले 29 और 31 जनवरी तथा एक फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दिन रात्रि टी20 मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के ग्रुप मैच भारत में खेलेगा, जबकि पाकिस्तान को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने हैं।

इंदौर में चल रही 17 वीं योनेक्स विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा

# श्रेया, लविका, ओमिशा, रिद्धिमा, मिश्का तिविशा सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 17वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा में श्रेया अंग्रवाल, लविका डोदिया, तिविषा जैन और रिद्धिमा सूद ने 15वर्ष बालिका, अर्ना बत्रा, श्रेया अंग्रवाल, ओमिशा मेहता और मिश्का गुप्ता ने 17 वर्ष बालिका एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई,जया यादव और नायशा पुरोहित 15वर्ष बालिका युगल एवं अर्णव गौर और आरुष आर्य एवं आदर्श पवार और शिवांश शर्मा 15वर्ष बालक युगल के सेमीफाइनल में आए, 9वर्ष बालिका वर्ग में नयोनिका नरवाले और खंडवा की किआरा दासगुप्ता खिताबी मुकाबले में हैं,

अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में हो रही स्पर्धा में हर्षवर्धन सिंह, त्रिशिर पाटीदार, अर्णव गौर और रोशन जिबिन 15वर्ष बालक एकल, मेहर आंनद, भव्य चढोकर, आर्जव मरघदे और शिवांश शर्मा 17वर्ष बालक एकल के सेमीफाइनल में हैं, 15वर्ष बालक और बालिका एवं 17 वर्ष बालक वर्ग में युगल मुकाबले शुरु हुए, 15वर्ष बालिका युगल में जया यादव और नायशा पुरोहित ने हिमांशी वर्मा और कर्णिका मिश्रा को 15-2,15-2 से हराया, अर्णव गौर और आरुष आर्य ने अयान शर्मा और हरीत चतुर्वेदी को 15-3,15-7 से हराया, 15वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल में धार की लविका डोदिया ने नायशा पुरोहित को 18-21,21-8,21-12 से, उज्जैन की श्रेया अंग्रवाल ने जया यादव को 21-13,21-13 से, रिद्धिमा सूद ने निहिरा पटोदिया को 21-17,21-11 से और तिविषा जैन ने ओमिशा मेहता को 21-7,21-16 से पराजित किया, 9वर्ष बालिका एकल में नयोनिका नरवारे ने दर्शना सरग को 15-10,15-5 से और 9वर्ष बालक वर्ग में धार के लवांश पटोदिया ने एकाग्र सोनी को 15-13,15-12 से हराया,17 वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल में अर्ना बतरा ने दिव्या गुर्जर को 21-18, 10-21, 21-19 से, श्रेया अंग्रवाल ने राजगढ़ -ब्यावरा की अर्णिका चौहान को 21-13,21-16 से, ओमिशा मेहता ने नायशा पुरोहित को 21-15,21-11 से और मिश्का गुप्ता ने शनाया सोनी को 21-10, 21-15 से हराया, 15वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में हर्षवर्धन सिंह ने अथर्व सुखरोसी को 21-6,21-5 से, त्रिशिर पाटीदार ने शिवांश शर्मा को 21-11,25-23 से, अर्णव गौर ने चंद्रकांत विश्वकर्मा को 21-13, 21-12 से और रोशन जिबिन ने आदर्श पवार को21-12,21-17 से पराजित किया, 17 वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में मेहर आंनद ने हार्दिक धुलिये को 21-6, 21-9 से, भव्य चढोकर ने शिवांश सुनेरे को 21-7,21-10 से और आर्जव मरघदे ने चंद्रकांत विश्वकर्मा को 21-8,21-8 से पराजित किया, शिवांश शर्मा को वाक ओवर मिला।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930